CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

हल्द्वानी, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 14 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला पेज 2



अनन्या व दिव्यांशी ने अंडर-15 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता खेल टाइम्स



रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना! सम्पादकीय



गाजा में इजरायली सेना का हमला 50 लोगों की मौत पेज 12

## एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कुलपति पद के लिए नामों चुनाव करने कार्यकारिणी परिषद में तत्कालीन एएमयू कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ की अध्यक्षता और भागीदारी अनुचित थी।

## प्रख्यात पत्रकार व संपादक संकर्षण ठाकुर नहीं रहे

**नई दिल्ली।** प्रख्यात पत्रकार और संपादक संकर्षण ठाकुर का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर 'द ब्रदर्स बिहारी' के नाम से पुस्तक लिखने वाले दिवंगत ठाकुर अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक अंतर्दृष्टि और विचारोत्तेजक लेखन के लिए जाने जाने जाते थे। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में राष्ट्रीय मामलों के संपादक के रूप में कार्य किया और 2023 में इसके संपादक नियुक्त किए गए।

## एनआईए ने पांच राज्यों के 22 स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और अन्य पांच राज्यों में आतंकवाद के वित्तपोषण मामले की चल रही जांच के तहत छापेमारी की है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एनआईए ने कहा कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 22 ठिकानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में आठ, जम्मू कश्मीर में नौ, उत्तर प्रदेश में दो और कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी चल रही है।

## भारत बनाएगा अमेरिका- रूस व इजरायल जैसी स्पेशल फोर्स

**नई दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं, तो उनके खिलाफ क्या होगा?

# नेताओं को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए।

राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने भी याचिका खारिज कर दी।

■ मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ भाजपा की याचिका खारिज

### ऑनलाइन गेमिंग की अगली चाल अब सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर केंद्र की एक बड़ी मांग मान ली है। जिसके बाद अब ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। केंद्र ने इस अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट्स में लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, नागरिकता के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

# योगी ने पंजाब समेत 3 राज्यों को राहत सामग्री भेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उप्र सरकार की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ की धनराशि भेजी।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के आह्वान के साथ खड़ी है, उत्तर प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों और किसानों को भी तत्काल सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को 12 घंटे के शोर्ट नोटिस पर सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री के वाहनों को बाढ़ एवं आपदा -शेष पृष्ठ दो पर

# नेपाल में लोकतंत्र धराशायी

## हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सेना ने की फायरिंग, 20 की मौत

**काठमांडू, पोखरा सहित कई शहरों में कर्फ्यू**

**सोशल मीडिया फिर शुरू, बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा सुबह संसद में घुसे थे, सेना की फायरिंग में करीब 200 लोग घायल भी हुए**

**संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम आवास के पास के इलाकों में भी कर्फ्यू, तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी**

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई 18 से 30 साल के युवाओं ने की।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। सोमवार को नेपाल के संसद भवन के बाहर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नेपाल सरकार ने 3 सितम्बर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितम्बर को खत्म हो गई। युवाओं ने अन्य लोगों से भी आंदोलन में जुड़ने की अपील की है। इसके लिए क्यूआर कोड वाले बैनर भी बनाए गए हैं। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं और प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हैं। कई जगह पर प्रदर्शनकारियों ने सेना पर पथराव किया है। नेपाल में सोशल मीडिया फिर से शुरू हो गया है। नेपाल में दोपहर 3:15 बजे के बाद बिना वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर




### उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती है। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

## लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य व राज्यसभा के 239 मौजूदा सदस्य ही डाल सकेंगे वोट

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। मंगलवार को शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी।



■ किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी

### बीआरएस व बीजू जनता दल उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेगी। बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी ने कहा कि बीआरएस ने मतदान में हिस्सा लेने और नहीं लेने को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया है कि पार्टी के सांसद मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया है। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने यहां पत्रकारों से कहा कि बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड, लोहे का ढांचा क्षतिग्रस्त

■ पंजाब में 296.4 एमएम ज्यादा बारिश, हिमाचल में 824 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से सोमवार को 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं।

## कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है।

# मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गृह मंत्रालय ने दिया भारत की ओर से बेल्जियम सरकार को मानवीय व्यवहार का आश्वासन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गई सभी चिंताओं का जवाब दिया है।

हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इन्कार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं। चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उसका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर डाक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध किया है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवम्बर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी। चोकसी मई 2021 में एंटीगुआ से पड़ोसी देश डोमिनिका पहुंच गया था। वहां उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही केन्द्रीय जांच ब्यूरो की टीम उसके प्रत्यर्पण के लिए डोमिनिका पहुंच गई, लेकिन इसके पहले ही उसे एक बार फिर एंटीगुआ के हवाले कर दिया गया।

# ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर सोनिया गांधी ने जताया विरोध

■ कहा: आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा।

श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिये केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है। श्रीमती गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं। इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजरतबल में राष्ट्रीय प्रतीक के दुरुपयोग पर जांच की मांग की

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां हजरत बल दरगाह की उद्घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल को कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हुए इसके दुरुपयोग की जांच की मांग की है। नेशनल कांफ्रेंस प्रवक्ता एवं विधायक तनवीर सादिक ने पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुला की 43वीं पुण्यतिथि के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा कि हमने पहले ही हजरतबल में हुए हिसा की आलोचना की है। हिंसा किसी भी सवाल का जवाब नहीं हो सकता, मुद्दों को बातचित से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने इस विवाद में पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी और लोगों को हिरासत में लिए जाने को गलत कदम बताते हुए अधिकारियों से आग्रह किया कि मामले को बल प्रयोग के बजाय संवे. दनशीलता के साथ संभाला जाना चाहिए।

### भाजपा सांसद की बहन से मारपीट ससुरालीजन गिरफ्तार

**कासगंज।** फर्रुखाबाद के भारतीय जनता पार्टी सांसद मुक. श राजपूत की बहन के साथ कासगंज मे मारपीट करने वाले उसके ससुर लक्ष्मण और देवर राजेश को सहावर थाना पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य देवर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। राजपूत की बहन रीना के साथ उसके ससुर लक्ष्मण व देवर राजेश व गिरीश का लाठी डंडों से पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित बहू ने नहाते वक्त ससुर लक्ष्मण और देवर गिरीश पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर मारपीट कर गई थी। पीड़ित का विवाह 17 वर्ष पूर्व सहावर के रानीअवन्ती बाई नगर में रविन्द्र से हुआ था।

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उप्र की नई तस्वीर: योगी

# पहले एक ही परिवार पैसा लेकर करता था नियुक्तियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज 'नए उप्र' की नई तस्वीर है। पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र की जनता को लूटते थे। जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे 'महाभारत के रिश्ते' बाकी का



■ मुख्यमंत्री ने यूपीएसएससी द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरित किए

जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है। हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सभी नवचयनित युवाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उप्र आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' की सुविधा का लाभ लिया है। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपए रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं।

### योगी ने दिए विवि व महाविद्यालयों के जांच का आदेश

**लखनऊ।** बीते दिनों बाराबंकी में छात्रों के साथ हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की मान्यता के जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान मान्यता व प्रवेश को शामिल किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक जिले में एक विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश सभी मंडलायुक्तों को दिए गए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री स्तर पर जारी आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की सघन जांच के लिए मण्डलायुक्तों को प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग जांच टीम गठित करनी होगी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं मंडलायुक्त करेंगे। जांच टीम में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एक पुलिस अधिकारी वह एक शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

# एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु

लखनऊ, वार्ता



डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के मंगलवार को होने वाले दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे।

समारोह के दौरान सुभांशु को डी लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। सोमवार को विवि के रज्जू भैया सभागार में दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे। इस बार समझ के दौरान कुल 88 पदक दिए जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक 26 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक मेधावियों को दिए जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार 6 श्रेणियां में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवॉर्ड वूमेन लीड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इंपैक्ट

# आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन पर शहरी निकाय पुरस्कृत होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और एनजीओ को पुरस्कृत करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए 'उपयुक्त भोजन स्थलों' की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितम्बर को जारी इस कदम का उद्देश्य एबीसी कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी

■ उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्एक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए, ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करना है। उप्र पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा कि करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है। वैज्ञानिक और विच. ारशील नीतियों के माध्यम से लोगों और पशुओं, दोनों की रक्षा करके, उप्र यह दर्शाता है कि प्रगति केवल बुनियादी ढांचे और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस सम्मान से मापी जाती है, जिसके साथ हम अपने बीच सबसे कमज़ोर लोगों के साथ व्यवहार करते हैं।

### दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाला गिरोह बेनकाब

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली की विशेष अन्वेषण टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चों के अपहरण और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल आगरा के एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सराय काले खां बस अड्डे से अगवा किए गए छह महीने के बच्चे को मात्र 48 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर लिया। इसके अलावा गिरोह द्वारा तस्करी किए गए पांच अन्य बच्चों को भी विभिन्न स्थानों से ढूंढकर बचाया गया है। दक्षिण-पूर्व ज़िले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि 22 अगस्त को बान्दा, उत्तर प्रदेश निवासी शिकायतकर्ता सुरेश अपने परिवार के साथ आईएसबीटी सराय काले खां पहुंचे थे।

# भवन के निर्माण से पूर्व डिजाइन पर गंभीरता से काम करें: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि किसी भी भवन के निर्माण से पूर्व उसकी डिजाइन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भवन की उपयोगिता के अनुसार ही उसकी रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए, ताकि उस भवन का वास्तविक लाभ मिल सके।

श्रीमती पटेल ने सोमवार को राजभवन का सभागार में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित सात निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डिजाइन बनाते समय दीर्घकालिक उपयोग को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, साथ ही बचत पर जोर देना चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना



चाहिए। राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही सुंदर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन की नींव (फाउंडेशन) मजबूत होने पर ही वह लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। इसलिए निर्माण कार्यों में उत्तम गुणवत्ता के पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग ने समय और लागत का ध्यान रखते हुए टिकाऊ निर्माण कार्य किए हैं, यह अनुकरणीय है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं और वह सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो उससे संतोष की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने खुले और हवा में लटकते विद्युत तारों पर चिता व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें अब अंडरग्राउंड करना चाहिए, ताकि लंबे समय तक सुरक्षित उपयोग हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि असामान्य परिस्थितियों में भी टिकाऊ और उपयोगी निर्माण की आदत विकसित करनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि राजभवन में हुए सभी निर्माण कार्यों के डिजाइन सुरक्षित रखे जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विस्तार या नए कार्य की आवश्यकता होने पर समय की बचत हो और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।



**सेंसेक्स** 80787.30
**निफ्टी** 24773.15



**सोना रु.** 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 122900
प्रति किलो



### अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

**नई दिल्ली।** त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी ने...** प्रभावित तीन पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह भी घोषणा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपनी 25 करोड़ जनता की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को राहत कोष में पांच-पांच करोड़ धनराशि भी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्री बृजेश सिंह उत्तराखंड के लिए और राज्य मंत्री जसवंत सिंह हिमाचल प्रदेश के लिए और सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुंबर पंजाब के लिए राहत सामग्री और पांच-पांच करोड़ की धनराशि का चैक के साथ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इन तीनों राज्यों की आपदा पीड़ित जनता के साथ खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आह्वान को साकार करने में जी-जान से संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर विभीषा आई। हमारी गहरी संवेदनाएं तीनों राज्यों के पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि हमने बाढ़ और भारी वर्षा से होने वाली आपदाओं से बचाव को व्यापक स्तर पर एहतियाती कदम उठाए थे, जिससे प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिली। राज्य सरकार भारी बारिश से खेतों में हुए जलभराव के कारण हुए नुकसान की पड़ताल करा रही है और रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नेपाल में....** प्लेटफॉर्म चल रहे हैं। नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 7 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना ये प्लेटफॉर्म्स देश में फेक आई, हेट स्पीच, साइबर क्राइम और गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सरकार ने 4 सितम्बर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सअप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म थे। टिकटॉक, वाइबर जैसे प्लेटफॉर्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करा लिया था। नियमों के मुताबिक हर कंपनी को नेपाल में लोकल ऑफिस रखना, गलत कंटेंट हटाने के लिए लोकल अधिकारी नियुक्त करना और कानूनी नोटिसों का जवाब देना जरूरी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार के साथ यूजर डेटा शेयर करने के नियम भी मानना जरूरी कर दिया गया। कंपनियों को डेटा-प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में ये शर्तें बहुत सख्त लग रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत या यूरोप जैसे बड़े देशों में कंपनियां लोकल प्रतिनिधि रख लेती हैं, क्योंकि वहां यूजर बहुत ज्यादा हैं। लेकिन नेपाल का यूजर बेस छोटा है, इसलिए कंपनियों को यह बेहद खर्चीला लगा। अगर कंपनियां नेपाली सरकार की यह शर्त मान लेती हैं, तो उन पर अन्य छोटे देशों में भी इन नियमों को पालन करने का दबाव पड़ता, जो काफी खर्चीला है। यही वजह रही कि पश्चिमी कंपनियों ने नेपाल सरकार की शर्त नहीं मानी और तय समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सरकार से 18 से 30 साल के युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। पूर्व पीएम ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदारी से ठोस कदम उठाने चाहिए। संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता प्रचंड ने पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि भी दी। नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने कहा कि सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ गया है।

बड़े-बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त सुनते-समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है।

# ऑटो कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से चढ़ा बाजार

मुंबई, वार्ता

जीएसटी सुधारों के बाद ऑटो कंपनियों में जारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 76.54 अंक (0.09 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.15 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त में 24,773.15 अंक पर रहा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से मंजूर बदलावों में वाहनों पर कर और उपकर की दरों में अच्छी



खासी कटौती की गई है। इससे सेक्टर को लेकर निवेशकों की धारणा लगातार मजबूत बनी हुई है। शेयर बाजार की तेजी में सबसे ज्यादा योगदान वाहन निर्माता कंपनियों का ही रहा। इसके अलावा, त्योहारी सीजन में वाहन ऋण की मांग बढ़ने की उम्मीद में बैंकों के शेयरों में भी तेजी देखी गयी।

एनएसई में अशोक लेलैंड का शेयर 5.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 4.25 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 4.08 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 4.01 प्रतिशत बढ़ा।

टीवीएस मोटर के शेयर में 3.12 फीसदी और मारुति सुजुकी में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी 1.43 फीसदी चढ़ा। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर सेंसेक्स 193.64 अंक की तेजी के साथ 80,904.40 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 81,171.38 अंक और निचला स्तर 80,733.07 अंक रहा। इसी प्रकार निफ्टी-50 भी 61.60 अंक चढ़कर 24,802.60 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,885.50 अंक और नीचे 24,751.55 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही।

# चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी-दालों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखी गयी। दालों और चीनी के भाव में तेजी रही।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवम्बर वायदा 40 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,488 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.92 प्रतिशत चढ़कर 51.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 121 रुपए बढ़कर 3,833.95 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 10 रुपए सस्ता हुआ और 2,849.18 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए टूटकर 3,306.23 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल औसतन 45 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 56 रुपए और वनस्पति में 70 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी उतरने से सोया तेल में 129 रुपए, पाम ऑयल 107 रुपए और सूरजमुखी तेल 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 224 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 119 रुपए और मसूर दाल 155 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत में 97 रुपए और उड़द दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत 82 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7958.04 रुपए, मसूर काली 8159.19 रुपए, मूंग दाल 10078.94 रुपए, उड़द दाल 10438.93 रुपए, अरहर दाल 10663.43 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2849.18 रुपए और चावल 3833.95 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4309.11 रुपए और गुड़ 495061 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

केनरा बैंक
भारत सरकार का उपक्रम
Canara Bank
A Government of India Undertaking
SyndicateBank

आस्ति वसूली प्रबंधन (एआरएम) ।। शाखा
ए-27, प्रथम तल, हौज खास, नई दिल्ली-110016
ईमेल: cb3038@canarabank.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई-नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई-वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई-नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स राज लक्ष्मी फूड्स साझेदारों द्वारा साझेदारी फर्म – श्रीमती सपना गर्ग और ललित गर्ग नया गांव, कालाढूंगी, जिला नैनीताल पिनकोड- 262401 श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग मकान नंबर 117 गांधी नगर, तेह बाजपुर यूएस नगर, बाजपुर 262401 श्री ललित गर्ग (साझेदार/बंधककर्ता/गारंटर) मकान नंबर 117, गांधी नगर, तेह बाजपुर, यूएस नगर, बाजपुर 262401 | फैक्ट्री भूमि एवं भवन का ईएमटी, खाता संख्या 00016, खसरा संख्या 253, ग्राम- नया गाँव, चंदनपुर, कालाढुंगी, जिला- नैनीताल 263140 में स्थित, क्षेत्रफल 1260.00 वर्ग मीटर, श्री ललित गर्ग (भागीदारों में से एक) के नाम पर है। चौहद्दी- (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व- जंगल, पश्चिम- विक्रेता की संपत्ति उत्तर- विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण- रतन राम की भूमि (संपति सांकेतिक कब्जे में है, भौतिक कब्जे के लिए डीएम आदेश प्राप्त है) | 19.10.2023 तक रुपये 35815947.93, प्लस 20.10.2023 से प्रभावी ब्याज प्लस 19.10.2023 के बाद व्यय-वसूली | a. 98.00 लाख b. 9.80 लाख c. 1,00,000/- d. 06.09.2025 | 30.09.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के बीच वैभव अग्रवाल (अधिकारी) मोबाइल नम्बर 9811237992 एवं श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), मोबाइल नम्बर 8826933887 |
| 2 | मैसर्स राज लक्ष्मी इंटरप्राइजेज मालिक श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग नयागांव चंदन सिंह, बाजपुर रोड, कालाढूंगी नैनीताल, बाजपुर 263140 मालिक श्रीमती सपना गर्ग पत्नी श्री ललित गर्ग निवासी- मकान नंबर 117 गांधी नगर, तहसील बाजपुर, यूएस नगर, बाजपुर 262401 (बंधककर्ता/गारंटर) श्री ललित गर्ग पुत्र श्री सतपाल निवासी- मकान नंबर 117, गांधी नगर, तहसील बाजपुर, यूएस नगर बाजपुर 262401 | भूमि एवं भवन का ईएमटी, जो श्री ललित गर्ग के नाम पर है, खाता संख्या 0022, खसरा संख्या 277 मिन, क्षेत्रफल 0.360 हेक्टेयर, ग्राम नयागांव चंदन सिंह, तहसील कालाढूंगी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड 263140 में स्थित चौहद्दी- (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व- गूल, पश्चिम- इंदरपाल व अन्य की भूमि, उत्तर- दानकर्ता द्वारा छोड़ी गई 15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण- रतन राम की भूमि। (संपति सांकेतिक कब्जे में है) | 31.12.2024 तक रुपये 1,73,38,290.71 तथा 01.01.2025 से प्रभावी ब्याज प्लस 31.12.2024 के बाद व्यय-वसूली | a. 124.00 लाख b. 12.40 लाख c. 1,00,000/- d. 06.09.2025 | 30.09.2025 अपराह्न 12:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच / 29.09.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व नियुक्ति सुबह 11.00 बजे से सायं 04.00 बजे के बीच वैभव अग्रवाल (अधिकारी) मोबाइल नम्बर 9811237992 एवं श्री मनोज कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), मोबाइल नम्बर 8826933887 |

इच्छुक बोलीदाता अन्य विवरण और संपत्तियों के निरीक्षण के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 08.09.2025, स्थान : नई दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

# निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा

## देवभूमि उत्तराखण्ड

### सतत् विकास को गति





उत्तराखण्ड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कुल 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।




### उत्तराखण्ड निवेश उत्सव - 2025
### ₹1 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग

#### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू और ग्राउंडिंग

**ऊर्जा** - कुल 1,03,459 करोड़ के 157 एमओयू (रोजगार 8,472) में ग्राउंडिंग 40341 करोड़ रुपए

**उद्योग** - कुल 78,448 करोड़ के 658 एमओयू, (रोजगार 44,663) में ग्राउंडिंग 34086 करोड़ रुपए

**आवास** - कुल 41,947 करोड़ के 125 एमओयू, (रोजगार 5,172) में ग्राउंडिंग 10055 करोड़ रुपए

**पर्यटन** - कुल 47,646 करोड़ के 437 एमओयू, (रोजगार 4694) में ग्राउंडिंग 8635 करोड़ रुपए

**उच्च शिक्षा** - कुल 6,675 करोड़ के 28 एमओयू, (रोजगार 4428) में ग्राउंडिंग 5116 करोड़ रुपए

**अन्य**- कुल 79,518 करोड़ के 374 एमओयू, (रोजगार 13898) में ग्राउंडिंग 3292 करोड़ रुपए।

“ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। यह हमारी सरकार की विकास और रोजगार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं सभी निवेशकों और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। यह निवेश उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा। ”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

“ मैं उत्तराखण्ड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत् विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ। ”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## आयुष नीति 2023 स्वास्थ्य और पर्यटन का समग्र विकास



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन के अनुरुप आयुष नीति 2023 का लक्ष्य उत्तराखण्ड को समग्र स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करना है।**

उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और हिमालयी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह योग और प्राकृतिक उपचार के केंद्र के रूप में भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। आयुष नीति 2023 इस विरासत को आगे बढ़ाती है, ग्रामीण और शहरी दोनों स्थानों पर आयुष वेलनेस सेंटर, रिट्रीट और थेरेपी हब के निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य को एक समग्र वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की सुविधा प्रदान करती है।

नीति का एक मूलभूत उद्देश्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरुप एक मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

इसमें विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर एकीकृत आयुष अस्पताल और पंचकर्म केंद्र स्थापित करना शामिल है। साथ ही, यह नीति स्वास्थ्य पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने और प्रबंधित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे गुणवत्ता, मापनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित करना चाहती है, जिससे नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और यहां आने वाले यात्रियों के अनुभव में भी सुधार होगा।**

यह नीति आयुष प्रथाओं में अनुसंधान और मानकीकरण का समर्थन करती है, जिससे वैश्विक ग्राहकों में भरोसे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार आयुष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कंपेन, यात्रा एजेंसियों, वेलनेस रिसॉर्टस व अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सहभागिताओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। आयुष सेवाओं को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे इन सेवाओं की सुलभता बढ़े और वेलनेस पैकेजों की बुकिंग प्रक्रिया सरल हो सके।

आयुष नीति 2023 उत्तराखण्ड को समग्र उपचार और सतत् पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित है। यह नीति राज्य को न केवल प्राकृतिक स्वास्थ्य साधनाओं के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में स्थापित करती है, बल्कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पर्यटन के साथ जोड़ने की दिशा में एक मानक भी स्थापित करती है। इसके माध्यम से राज्य आर्थिक समृद्धि एवं सतत् विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
#udyoguttarakhand

## उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखण्ड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पंसदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है।**

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीति:** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

**हाउस ऑफ हिमालयाज:** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाऊस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।




▸ देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखण्ड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



▸ इंवेस्टर्स समिट

## उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025 बड़े निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**

उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पंसदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50-200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय करी गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किश्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।



### उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023

## नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 रुपये का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है। वहीं 10 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिज़ाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्ष की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोज़गार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों।

इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर ज़िले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व शिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह नीति उत्तराखण्ड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रूप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023: सतत् विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप



**उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत् और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**

उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओसी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।

### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केन्द्रित है।

नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलसीटी) गठित की गई है।

- सिंगल विंडो पोर्टल
- ईज़ ऑफ डूईंग बिजनेस
- हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस
- योग एवं वेलनेस सेंटर
- साहसिक पर्यटन
- रोपवे और ईको-लॉज
- एडवेंचर और हेरिटेज
- ग्रामीण पर्यटन

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विरासत भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि -

- **एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)**
- **भूमि पट्टे और मॉर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट**
- **नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट**
- **ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन**
- **देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन**

पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

# सीएम आज काशीपुर

## कार्यक्रम को लेकर डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित दो दिवसीय जनपद भ्रमण एवं कार्यक्रमों के सफल आयोजन के दृष्टि से जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सोमवार को काशीपुर स्थित विभिन्न स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी सबसे पहले गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब पहुँचे, जहां मुख्यमंत्री श्री धामी के आगमन को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आसाम से अमृतसर तक नगर कीर्तन (पदयात्रा) निकाली जा रही है। इस नगर कीर्तन को काशीपुर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं रवाना करेंगे। इसके उपरांत जिलाधिकारी श्री भदौरिया ने होटल अनन्या रेजिडेंसी का निरीक्षण किया, जहां मुख्यमंत्री का प्रभुद्धजनों से भेंट एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से अपनी तैयारियाँ पूर्ण करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्यक्रमों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# दस सूत्रीय समस्याओं के निदान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** लंबित मांगों के निराकरण को लेकर दुग्ध उत्पादकों में रोष व्याप्त है। सोमवार को नाराज उत्पादकों ने प्रधान प्रबंधन कार्यालय में प्रदर्शन कर विरोध जताया। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। जिले के दुग्ध उत्पादक लंबे समय से दस सूत्रीय समस्याओं के निराकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे उत्पादकों में रोष व्याप्त है। कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद दूध के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। दुग्ध संघ की ओर से दिया जाने वाला पशु आहार कई उत्पादकों तक नहीं पहुंचता है। उत्पादकों ने दुग्ध मूल्य 50 रुपये प्रति



लीटर करने, हैडलोड भी एक रुपया करने, दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन राशि का ब्यौरा देने, सभी को पशु आहार उपलब्ध कराने, निशुल्क दवा दिए जाने की जांच करने, मांग के अनुसार समय पर भूसा व साइलेज उपलब्ध कराने, सचिवों को दो रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि आदि की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में आनंद सिंह बिष्ट, बलवंत सिंह, डीसी पंत, गोपाल, राम सिंह, आरएस बिष्ट, गिरधर सिंह, गोविंद प्रसाद, मोहन सिंह, कांता देवी, राहुल नेगी, सुरेश नाथ रहे।

### ट्रेंचिंग ग्राउंड का विरोध

**बागेश्वर।** ग्राम पगना में नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे कूड़ा निस्तारण (ट्रेंचिंग ग्राउंड) का एक बार फिर विरोध शुरू हो गया है। विरोध में पगना, खोला, बरकूना और बेहरगांव के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय प्रदर्शन किया। इस संबंध में डीएम को ज्ञापन सौंपकर ट्रेंचिंग ग्राउंड ग्रामीण क्षेत्र के बजाए पालिका क्षेत्र में बनाने की मांग की। मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जबरन गांव में बनाया तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। सोमवार को कलक्ट्रेट में पहुंचे ग्रामीणों ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड का वह पहले भी विरोध कर चुके हैं। इसके बावजूद नगर पालिका ने निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की है। निर्माण स्थल से 100 मीटर दूरी पर बरकूना तोक है। यहां 12 परिवार अनुसूचित जाति के निवास करते हैं। इस मौके पर कुंदन सिंह, ओम प्रकाश टम्टा, प्रताप सिंह, कुंदन लाल, गणेश चंद्र टम्टा, नवल पांडे, दर्शन सिंह, सुनील कुमार, रमेश चंद्र तथा सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर...

### पंत जयंती पर कार्यक्रम आज

**काशीपुर।** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की 138वीं जयंती स्टेशन रोड स्थित पंत पार्क में मंगलवार, 10 सितंबर को धूमधाम से मनाई जाएगी। इस हेतु भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत समारोह समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। समिति संयोजक दिलीप मेहरोत्रा ने बताया कि बुधवार 10 सितंबर को प्रात: 10 बजे आयोजन की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि आयोजन को पहले से भी भव्य बनाने के लिए तैयारियां चल रही हैं। वहीं, समिति के महामंत्री गौतम मेहरोत्रा व सहसंयोजक एमएस रावत एवं अनिल रावत ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

### चलाया अभियान, 96 वाहनों का चालान

**काशीपुर।** यातायात व सीपीयू ने शहर में रेट्रो साइलेंसर, ब्लैक फिल्म व नाबालिग वाहन चालकों पर नकेल कसने को अभियान चलाया। 15 दिन में पुलिस ने 96 वाहनों का चालान और 15 वाहनों को सीज किया है। सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही रेट्रो साइलेंसर बाइक, ब्लैक फिल्म लगी कार व नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर चालानी कार्रवाई की। वहीं जिन वाहन चालकों के कागजात पूरे नहीं थे उनको सीज किया गया। यातायात पुलिस प्रभारी जितेंद्र पाठक ने बताया कि 23 अगस्त से ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू ने अभियान चलाकर लगभग 96 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। साथ ही बिना कागजात के दौड़ रहे लगभग 15 वाहनों को सीज किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की वह अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने के लिए न दें।

### जनकवि निर्दलबंधु के निधन पर शोक

**लालकुआं।** युग चेतना संघर्ष संघ के संस्थापक जनकवि निर्दलबंधु (गंगा राम आर्य) का आकस्मिक निधन हो गया है। वह 60 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर बिंदुखत्ता क्षेत्र के तमाम जन संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया है। जनकवि निर्दलबंधु बिंदुखत्ता की बसासत के संघर्ष से लेकर वर्तमान दौर की परिस्थितियों में अपनी कविताओं के माध्यम से आम जनता की आवाज बुलंद करते रहे। विवाह के कुछ वर्षों बाद उनकी पत्नी और एकमात्र बेटी का निधन हो गया था। उसके बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और जीवन के अंतिम क्षण अकेले रहकर अपनी कविताओं और कुमाऊनी गीतों के माध्यम से देवभूमि उत्तराखंड के समग्र विकास सहित गरीब असहाय लोगों की आवाज उठाते रहे। इसके अलावा एक शिक्षक के रूप में स्थानीय बच्चों को निशुल्क शिक्षा के साथ ही संस्कार का ज्ञान भी दे रहे थे। उनके पढ़ाए हुए बच्चे आज देश सेवा और समाज सेवा के अलावा तमाम प्रशासनिक पदों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जनकवि निर्धन बंधु का अंतिम संस्कार स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। जिनके मुख्य रूप से समाजसेवी भुवन जोशी, रमेश कुमार नीरज जोशी, पुष्कर कुमार, कुंवर सिंह, संदीप कुमार, राजेंद्र कुमार, सूरज और पंकज आदि मौजूद रहे।

### फल्द्वाड़ी में बढ़ा गुलदार का आतंक

**अल्मोड़ा।** रानीखेत तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। तहसील के फल्द्वाड़ी गांव में ग्रामीणों के दर्जनों पालतू मवेशियों को निवाला बना चुका है। आए दिन गुलदार की चहलकदमी से लोगों में भय बना हुआ है। ग्राम प्रधान सोनू आर्या ने बताया कि बीतें दिनों गुलदार ने आनंदी देवी के गौशाला में घुसकर गाय का मार दिया। लंबे समय से दर्जनों मवेशियों को निवाला बना चुका है। कहा कि क्षेत्र में गुलदार का आतंक इस कदर बढ़ गया है, कि लोग घरों से बाहर निकलने और मवेशियों के लिए जंगल में चारा पत्ती लेने जाने से भी कतरा रहे है। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा और प्रभागीय वनाधिकारी अल्मोड़ा से गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार के आंतक से निजात दिलाने की मांग की है।

### रेट्रो साइलेंसर से पटाखे का शोर पड़ा भारी

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को वाहनों में रेट्रो साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण करने व आम जनमानस के लिए समस्या उत्पन्न करने वालें वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष दन्या दिनेश नाथ महन्त द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एक स्पोर्ट्स बाइक जिसमें रेट्रो साइलेंसर लगा हुआ था, जिससे पटाखे की आवाज व चिंगारी निकाल रही थी, जिससे काफी शोर व ध्वनि प्रदूषण करने व दोषपूर्ण नंबर प्लेट होने पर चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए स्पोर्ट्स बाइक को सीज किया।

### पुलिस ने लौटाए 30 गुम हुए मोबाइल फोन

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से गुम हुए 30 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपा दिया। सोमवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों सहित अन्य राज्यों यूपी, बिहार, राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब से आमजन के खोए कुल 30 मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किए। अपने खोए मोबाइल वापस पाकर सभी मोबाइल स्वामियों के चेहरे में खुशी झलक रही थी। उन्होंने कहा कि मोबाइल खोने पर वापस मिलने की उम्मीद खो चुके थे लेकिन अल्मोड़ा पुलिस पर विश्वास कायम था। खोए फोन बरामद कर पुलिस ने अपने प्रति हमारे विश्वास को और अधिक बढ़ाया हैं। सभी ने अल्मोड़ा पुलिस के साईबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया।

# गन्ना किसान संस्थान ने किया कृषक गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा काशीपुर परिक्षेत्र के ग्राम मोतीपुर बैलजोड़ी में एक दिवसीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि गन्ना किसान अपनी खेती की अच्छी सी तैयारी कर लें। जिन गन्ना किसानों के खेत में पानी भरा हुआ है वह अपने खेतों से जल निकासी का उत्तम प्रबंध कर लें। प्रत्येक गन्ना कृषक अपनी खेत का निरीक्षण करें तथा जो भी बीमारी के लक्षण उसमें पाए जाएं उसका फोटो लेकर गन्ना शोध केंद्र के वैज्ञानिकों को प्रेषित करें ताकि फोन पर ही तत्काल सहायता उपलब्ध कर दी जाए। प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ने की कृषि की जानी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। अत: जांच करने पर हमें पता चलेगा कि हमारी भूमि में कौन से तत्व की कमी है तथा उसकी पूर्ति करने से हमारे जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। वैज्ञानिकों द्वारा कीट एवं रोग प्रबंधन के विषय में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी में गन्ना अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक संजय कुमार व प्रमोद कुमार सहित गन्ना विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रोडवेज परिसर में रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर चले सभी संगठनों के कर्मचारी पदाधिकारियों का धरना हुआ जिसमें निगम प्रबंधन के विरुद्ध गहरा रोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं द्वारा निगम प्रबंधन के कर्मचारियों के विरुद्ध उपेक्षा का व्यवहार, कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन न दिए जाने के कारण परिवार का खर्चा व बच्चों की स्कूल की फीस न जमा होने के कारण आर्थिक संकट गहराने पर चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि निगम प्रबंधन कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। काशीपुर डिपो परिसर में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें बरसात का पानी भरा रहता है। निगम के बस बेड़े में नई बसें न मिलने के कारण निगम की पुरानी खटारा बसों से काम चलाना पड़ रहा है। निगम का





फोकस अनुबंधित बसों पर ज्यादा है। फ्लाईओवर बनने से बसें टांडा मार्ग बाईपास से निकल जाती हैं। यात्रियों को बस अड्डे पर घंटा इंतजार करना पड़ता है। उपरोक्त सभी बातों को देखते हुए सभी संगठनों द्वारा एक संयुक्त मोर्चा का गठन कर निगम प्रबंधन के विरुद्ध संगठित होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। मांगे पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा, जिसमें धरना प्रदर्शन व चक्का जाम की भी चेतावनी दी गई है। इस दौरान मुकेश कुमार शर्मा, रामपाल सिंह, देशराज सिंह, जितेंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, उमेश कुमार चौधरी, दिलशाद हुसैन, हरजिंदर सिंह, रामचंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, बृजपाल सैनी, अजीम अहमद, गुरजंट सिंह, शैलेंद्र सिंह, उमेश कांबोज, राजीव शर्मा, अमृत सिंह लहरी, मनजिंदर सिंह, सर्वेश कुमार, शिव किशोर, राकेश कुमार, रोहित कुमार, मनोज कुमार, पंकज कुमार भटनागर, जितेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, बलविंदर सिंह, रघुवीर सिंह व विपिन कुमार आदि थे।

# बाधित हुए कई पुलों का अस्थाई निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विकास खंड कपकोट के कनलगड़ घाटी के ग्राम पंचायत पौसारी व बैसानी में आई भीषण आपदा से क्षेत्र में लगभग डेढ़ दर्जन पैदल पुल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। जिस कारण बैसानी के विभिन्न तोकों का आवागमन पूर्ण रूप से बाधित हो गया था। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया के नेतृत्व में लगातार आपदा ग्रस्त क्षेत्र में चल रहे राहत कार्यों के चलते गांव को जोड़ने के लिए अस्थाई पुलों का निर्माण किया जा चुका है। स्थानीय लोग पुल के माध्यम से बैसानी के विभिन्न तोकों में सुचारू रूप आवागमन कर रहे हैं। साथ ही ग्राम पंचायत सुमटी व जगथाना को जोड़ने वाले क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग (लगभग 200 मी. पूर्ण रूप से वाशआउट) का पुनर्निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। बताया जा रहा है कि मोटर मार्ग यातायात के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षित है। विधायक गढ़िया ने बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ग्रामीणों से वादा किया था कि जल्द आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का केंद्र से आने वाली टीमों के माध्यम से सर्वे करवाई जाएगी। सोमवार को जिले में पहुंच चुकी है। जो जल्द आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का मौका मुआयना व आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसके आधार पर पुनर्निर्माण कार्यों के लिए रूप रेखा तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्थानीय जन प्रतिनिधि एवं राज्य सरकार आपदा प्रभावित के साथ खड़ी है।

# सलेक्शन बॉन्ड के विरोध में सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** ब्लाक द्वारा होने वाले सलेक्शन बॉन्ड का क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया है। उन्होंने इस संबंध में खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पूर्व की भांति मस्ट्रोल



प्रणाली से कार्य करवाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर ब्लाक कार्यालय में तालाबंदी करने का ऐलान किया है। सोमवार को ज्येष्ठ उप प्रमुख मनीष कुमार के नेतृत्व में विकास खंड बागेश्वर के दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य ब्लाक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने विभाग द्वारा क्षेत्र पंचायत निधि में कोशिलेशन बॉन्ड के माध्यम से कार्य करवाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि वे गांव से जनता का भरोसा जीत कर आए है। अब उनके स्थान पर बाहर से आने वाले ठेकेदार द्वारा कार्य करवाए जाने की योजना बनाई जा रही है। जिसका सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि वे अभी महज विभाग को चेतवानी दे रहे हैं। आने वाले दिनों में यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे तालाबंदी व त्याग पत्र तक देने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर दीपा देवी, काजल आर्या, हरीश प्रसाद, रमेश राम, शीला देवी, फटे सिंह करायत, अनिल कुमार, बहादुर सिंह, भावना देवी, हेमा देवी सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

# डीएम को आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** खड़िया खदानों से पेयजल श्रोत नष्ट हो जाने व गांव को जाने वाले रास्ते टूट जाने के संबंध में ग्राम सिमखेत की महिलाएं जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने डीएम आशीष भटगाई के सामने अपनी समस्या रखी। जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की। मांग पूरी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। तहसील बागेश्वर के सिमखेत गांव की दर्जनों महिलाएं सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। महिलाओं ने बताया कि उनके गांव में खड़िया खान से पिछले 4 अगस्त को भीषण बारिश के चलते 40 साल पुराना मुख्य पेयजल श्रोत नष्ट हो गया है। पेयजल श्रोत में खड़िया खान का सारा मलवा भर चुका है। इतना ही नहीं पेयजल श्रोत के ऊपर बड़े बोल्डर व मिट्टी आने



से पूरा बंद हो गया है। जिसके चलते गांव की करीब 70 लोगों की आबादी गंदा पानी पीने को मजबूर है। महिलाएं अपने साथ में लाए बोतल में भरकर गंदा पानी डीएम को दिखाया। उन्होंने बताया कि वे इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों व पटवारी को बता चुकी है। लेकिन आज तक उनकी समस्या सुनने गांव कोई नहीं पहुंचा। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि खड़िया खान से आए मलवे ने उनके गांव को जाने वाला मुख्य मार्ग भी अवरुद्ध कर दिया है। रास्ता कई जगह टूट चुका है। स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आदि को गांव से बाहर आने जाने में अपनी जान जोखिम में डालर जाना पड़ रहा है। उन्हें शीघ्र गांव को जोड़ने लेकिन रास्ता व सड़क बनाए जाने की मांग की है। वही मांग पूरी न होने पर आने वाले दिनों में आंदोलन की चेतवानी दी है। चेतवानी देने वालों में हंसी तिवाड़ी, सोनी तिवाड़ी, दीपा देवी, लीलावती देवी, शांति देवी, दीपा तिवाड़ी, उमा तिवाड़ी, ऊषा तिवाड़ी, राधा, चम्पा तिवाड़ी शामिल थी।

### चैक बाउंस: वारंटी पकड़ा

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में संबंधित अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिए है। इसी क्रम में चेक बाउस के एक मामले से संबंधित वारंटी अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र रामलाल निवासी ढकिया थाना डिलारी जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश हाल निवासी आकाशवाणी अल्मोड़ा लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस टीम सोमवार को अभियुक्त को आकाशवाणी अल्मोड़ा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस टीम वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार व कांस्टेबल राकेश खेतवाल रहे।

# भीमताल मार्ग में बाइपास की ज़रूरत: वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम से भीमताल मार्ग को जोड़ने के लिए एलिवेटेड रोड का होना नितांत आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि हल्द्वानी पूरे कुमाऊं मंडल की आर्थिक राजधानी होने के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में देखा जा सकता है। वर्तमान में काठगोदाम से आगे लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, ऐसे में पर्यटकों व पर्वतीय क्षेत्र के निवासियों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने के लिए हमें काठगोदाम से रानीबाग के भीमताल मार्ग (अमृतपुर साइड) के लिए एक बाईपास रोड की नितांत आवश्यकता है। इस एलिवेटेड रोड को काठगोदाम पुल के पूर्वी हिस्से से गौला बैराज के पास से चित्रशिला घाट से भीमताल मार्ग में मिलाकर एक समानांतर सड़क बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में जिलाधिकारी से कई बार वार्ता हो चुकी है। उन्होंने भी इसे कुमाऊं क्षेत्र के लिए बहुत उपयोगी माना है। इस प्रस्ताव का राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा सर्वेक्षण भी करवाया जा रहा है। वर्मा ने बताया कि इस समानांतर एलिवेटेड रोड बनने से पूरे पर्वतीय क्षेत्र में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ जाएगा और रोज रोज के जाम से भी निजात मिल जाएगी।

# बिंदुखत्ता राजस्व गांव की मांग ने ज़ोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को शीघ्र राजस्व ग्राम घोषित करने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है, जिसमें वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत जिला स्तरीय समिति द्वारा 19 जून 2024 को स्वीकृत दावे के आधार पर अधिसूचना जल्द जारी करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र अधिसूचना जारी नहीं की गई, तो जन आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया कि डीएलसी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है, फिर भी डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी न तो अधिसूचना जारी हुई है और न ही पंचायत चुनाव कराए गए हैं। ग्रामीणों



ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व कैबिनेट मंत्री को सौंपा ज्ञापन

ने विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट के बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें 75 वर्ष पुराने अभिलेख न होने की बात कही गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1932 के दस्तावेज, वन विभाग की रिपोर्ट और बुजुर्गों के बयान जैसे पर्याप्त प्रमाण डीएलसी को दिए गए थे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या को भी ग्रामीणों ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अधिसूचना जल्द जारी करने और आपदा प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गौला नदी किनारे स्थित कई इलाकों में हर वर्ष कृषि भूमि बह रही है, लेकिन राजस्व ग्राम न होने के कारण राहत व पुनर्वास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सैनिक संगठन, भाजपा पदाधिकारी और वनाधिकार समिति से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने मांग की है कि अन्य 425 गोठ-खत्तों के साथ बिंदुखत्ता को जोड़ना न्यायसंगत नहीं है, क्योंकि इसकी प्रक्रिया पहले ही काफी आगे बढ़ चुकी है। कैबिनेट मंत्री ने ज्ञापन पर गंभीरता से विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# क्वारब डेंजर जोन में चल रहे निर्माण कार्यों की हो जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** क्वारब में निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार पर पड़ी दीवारों का मामला अब तूल पकड़ने लग गया है। सोमवार को आक्रोशित कांग्रेसियों ने डीएम से मुलाकात की। मामले में निर्माण कार्य की जांच कराने समेत ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग उठाई। क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता कलक्ट्रेट में डीएम से मिलने पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने क्वारब में हो रहे निर्माण कार्य में अनिमियतताओं का आरोप लगाया। विधायक तिवारी ने बताया कि क्वारब रोड में जिस ओर सुरक्षा दीवार दी गई है। उसमें बड़ी-बड़ी दरारे पड़ गई है। कहा कि क्वारब से एक तरु लोगों की यात्रा कठिन हो रही है, वहीं दूसरी ओर महंगाई की मार पड़ रही है। अब जब काम शुरू हुआ है तो जनता के पैसे को भ्रष्टाचार की दीवार



खड़ी कर बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कराने समेत संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग उठाई। चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता आंदोलन को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने और मुलाकात करने वालों में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, वैभव पांडे, देव सिंह कनवाल, पूरन सिंह रौतेला, दीपक कुमार, पीतांबर पांडे, हिमांशु मेहता, रोहित रौतेला, विनोद वैष्णव, दीप सिंह डांगी, बीके पांडे, तारू तिवारी, महेश चंद्र, सुशील साह, भैरव गोस्वामी, कृष्ण सिंह, चंदन कनवाल, शहाबुद्दीन समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डेंजर जोन का जल्द निकालें स्थाई समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास बदहाल सड़क को लेकर व्यापारियों में रोष व्याप्त है। सोमवार को नाराज व्यापारियों ने डीएम आलोक कुमार पांडेय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि क्वारब मार्ग बार बार बंद होने से व्यापार में इसका असर पड़ रहा है। चेतावनी दी कि यदि जल्द मार्ग को दुरस्त नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन



को बाध्य होंगे। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज सिंह पवार ने कहा कि क्वारब सड़क के क्षतिग्रस्त होने से जनता व व्यापारियों को नुकसान हो रहा है। क्वारब से भारी वाहनों की आवाजाही बंद होने से राशन, सब्जी व कई घरेलू जरूरत का सामान ट्रकों में वाया रानीखेत होते हुए आ रहा है। इस कारण कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है और व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं, मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने डीएम से जल्द क्वारब की दशा सुधारने और सड़क को पूरी तरह खोलने की मांग उठाई। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। यहां ज्ञापन सौंपने वालों में नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, प्रमोद कुमार, हिमांशु कांडपाल, दीप चंद्र जोशी, मदन रावत, महेंद्र रावत, दीवान सिंह बिष्ट, देवेंद्र लटवाल, मनोज सिंह लटवाल, महेंद्र बिष्ट, हिमांशु रावत, किशोर रावत, शंकर सिंह लटवाल, रवि जोशी, चंदन लटवाल, मनोज सिंह, आनंद सिंह, वंदना वर्मा, आनंद भोज, अमन टवाल, जय प्रकाश, मनु गुप्ता, रोहित साह समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# सेवा पखवाड़ा: बीजेपी की कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को अभियान को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर में मौजूद प्रदेश मंत्री पुष्कर काला ने कार्यकर्ताओं ने से गांव-गांव, घर-घर जाकर अभियान को सफल



बनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को जिला स्तर में रक्तदान शिविर, 19 व 20 को प्रबुद्ध संवाद, 21 को नमो मैराथन, 25 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर संगोष्ठी, 27 व 28 को सम्मान व उपकरण वितरण, दो अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यहां कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, मेयर अजय वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश नयाल, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, कैलाश शर्मा, गोविंद पिलख्वाल, गिरीश खोलिया, विनीत बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, प्रकाश भट्ट, कैलाश गुरुरानी, महिपाल बिष्ट, दीपक प्रकाश, रवि रौतेला, रमेश बहुगुणा, अरविंद बिष्ट, ललित लटवाल, लता बोरा, देवेंद्र भट्ट, देवेंद्र नयाल, संदीप श्रीवास्तव, नरेंद्र प्रसाद, पूनम पालीवाल, अंजलि जोशी, प्रकाश बिष्ट, सौरभ वर्मा, मनीष जोशी, प्रदीप नगरकोटी, सुनील बिष्ट, मनोज जोशी, कमल बिष्ट मौजूद रहे।

# माता-पिता से माफी मांगी गला रेतकर जान दे दी

## आरएसएस के जिला कार्यवाह के बेटे ने उठाया आत्मघाती कदम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आरएसएस के जिला कार्यवाह के पायलट बेटे ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपना गला रेत खुदखुशी कर ली। खुदखुशी करने से पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया और खुदखुशी करने का कारण बताया और अपने माता पिता से इसके लिए माफी मांगी। बेटे की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव मोर्चरी में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत हीरानगर क्षेत्र में रहने वाले राहुल जोशी राष्ट्रीय स्वयं सेवक आरएसएस के नैनीताल जिला कार्यवाह है और और प्रतिष्ठित कारोबारी होने के साथ वह अपने


सजल ( फाइल फोटो )

परिवार के साथ यही रहते है। जबकि उनकी पत्नी गढ़वाल स्थित गोपेश्वर कॉलेज में प्रोफेसर हैं। परिवार में दो बेटों में छोटा बेटा सजल है। बताया जा रहा कि सजल अमेरिका में पायलट बनने की ट्रेनिंग ले रहा था और लंबे समय से स्लिप डिस्क से परेशान था। इस असहनीय दर्द की वजह से वह डिप्रेशन में चला गया था। बताया जाता है कि सोमवार देर शाम वह अपने कमरे में चला गया। जहां उसने खुदखुशी करने से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड किया और जान देने की वजह बताई। जिसके बाद उसने कमरे में ही रखे चाकू से अपना गला रेत कर खुदखुशी कर ली। थोड़ी देर बाद जब परिजन जब सजल के कमरे में पहुंचे तो सजल खून से लथपथ पड़ा हुआ था। बेटे को खून से लथपथ पड़ा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई और आनन फानन में उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि सजल एक होनहार लड़का था, लेकिन अपने दर्द से नहीं लड़ सका। उसने न सिर्फ बीबीए की पढ़ाई की बल्कि टेबल टेनिस का भी वह अच्छा खिलाड़ी था। यूट्यूब पर उसका एक चैनल भी है और इस पर उसके 8 हजार से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। परिजनों को इस बात का एहसास तक नहीं था कि सजल आत्मघाती कदम उठा सकता है। इस घटना से पहले सजल के पिता राहुल आरएसएस की बैठक की तैयारियों में जुटे थे। इसी बीच उन्हें हादसे की खबर मिली। जैसे ही भाजपा व संघ के लोगों को सजल की मौत की खबर लगी तो हर कोई अस्पताल पहुंच गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस प्रथम दृष्टियता मामले को आत्महत्या मान रही है और मामले की जांच भी शुरू कर दी है।

### स्कूटी से चरस तस्करी में एक धरा

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कालाढूंगी पुलिस ने स्कूटी से चरस की तस्करी कर रहे एक तस्कर को 303 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्कर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कालाढूंगी प्रभारी निरीक्षक विजय मेहता के नेतृत्व में एसआई निधि शर्मा मय टीम के साथ भाखड़ा पुल के पास चैकिंग कर रही थी तभी एक स्कूटी संख्या यूके04जी-4832 आती दिखाई दी। जिससे रोककर तलाशी ली तो उसके उसके पास से 303 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ के दौरान पकड़े गये तस्कर ने अपना नाम विशाल जोशी पुत्र गोपाल जोशी निवासी जागेश्वर जिला अल्मोड़ा हाल निवासी लामाचौड़ बताया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को सीज करते हुए तस्कर को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसआई निधि शर्मा, कांस्टेबल अमनदीप सिंह, किशन नाथ शामिल रहे।

# उपकारागार में सुरक्षा और कड़ी

## अब कर्मचारियों को भी फोन लेकर जाने की अनुमति नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी उपकारागार की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अब जेल के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर सख्त पाबंदी लगा दी गई है। इस नए नियम के तहत अब जेल में तैनात अधिका. रियों और कर्मचारियों को भी बिना मुख्यालय की अनुमति के मोबाइल फोन अंदर ले जाने की इजाजत नहीं होगी। जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने पुष्टि की कि मुख्यालय से प्राप्त एक आदेश के तहत यह नया निर्देश लागू किया गया है। आदेश के अनुसार, अब जेल कार्यालय में काम करने वाले सात कर्मी जो अब तक मोबाइल फोन का उपयोग कर सकते थे, उन्हें भी मुख्यालय से पूर्व अनुमति लेनी होगी। अब तक केवल उन्हीं कर्मचारियों को मोबाइल फोन की अनुमति थी जो दफ्तरों में बैठकर काम करते थे और कैदियों या बंदियों के सीधे संपर्क में नहीं आते थे। लेकिन अब इस सुविधा को भी




नियंत्रित किया जा रहा है। आदेश का स्पष्ट उद्देश्य जेल के अंदर किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियों की संभावना को पूरी तरह समाप्त करना है। इस आदेशित पत्र में साफ कहा गया है कि जेल के दफ्तर में तैनात कर्मी जो पहले आसानी से मोबाइल फोन अंदर ले जा सकते थे, उन पर पाबंदी लगा दी गई है। यदि वह मोबाइल फोन ले जाना चाहते हैं तो इसके लिए बाकायदा अनुमति लेनी होगी और इसकी अनुमति मुख्यालय देगा। उल्लेखनीय है कि जेल में पहले से ही बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त नियंत्रण है। सिर्फ बंदियों से मिलने आने वालों को ही जांच के बाद अंदर जाने की अनुमति मिलती है। साथ ही जेल परिसर में किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। इधर जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने कहा इस आदेश का मुख्य उद्देश्य जेल की आंतरिक सुरक्षा को और पुख्ता करना है। कोई भी कर्मचारी अब बिना अनुमति के मोबाइल जेल के अंदर नहीं ले जा सकेगा। इससे जेल में अनुशासन और पारदर्शिता दोनों बढ़ेगी।

### कार सवारों का आतंक, युवक को बेरहमी से पीटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते रविवार की रात कार सवार युवकों ने शहर में जमकर उत्पात मचाया। इतना ही नहीं कालाढूंगी रोड में सड़क किनारे खड़े होकर बाद कर रहे बाइक सवार युवकों को भी जमकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। कार सवार युवक पुलिस के पहुंचने से पहले ही मौके से फरार हो गए। बाइक सवार पीड़ितों ने सोमवार को कोतवाली पहुंचकर तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार मंगलपड़ाव निवासी पंकज रावत और हेमंत शर्मा ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते रविवार रात वह कालाढूंगी रोड स्थित वाइन शॉप के बाहर खड़े होकर बात कर रहे थे। तभी अचानक एक तेज रफ्तार कार वहां आकर रुकी। बाइक सवार पंकज और हेमंत कुछ समझ पाते, इससे पहले ही कार से कई लोग उतरे और उतरते ही हमला कर दिया। कार सवारों ने दोनों के साथ मारपीट कर लहुलूहान कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं कार सवार युवकों ने दोनो बाइक सवार युवकों के कपड़े भी फाड़ दिए। आरोप है कि कार सवार युवक घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जो अब पूरी तरह से सोशल मीडिया पर वायरल है। पुलिस ने दोनो पीड़ितों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

# छत से गिरकर मजदूर की मौत

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीते रविवार को खाना खाने के बाद छत में सोने गये एक मजदूर की छत से गिरने से मौत हो गयी। सोमवार सुबह उसका शव पडा देखा तो हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी। जानकारी के अनुसार कोटकुंड कुमाई, अमृतसर पंजाब निवासी रोशनप्रीत (26) पुत्र दिनेश पेशे से मजदूर था और रविवार को मजदूरी के लिए कालाढूंगी के चकलुवा पहुंचा था। बताया जाता है कि चकलुवा में एक भवन का निर्माण चल रहा है और यहां मजदूरी करने के लिए उसे बुलाया गया था। वह अपने एक अन्य साथी के साथ चकलुवा पहुंचा, लेकिन सफर में देरी हो जाने के कारण वह काम पर समय से नहीं पहुंच पाया। जिसके चलते रविवार को उसने काम नहीं किया। निर्माणाधीन भवन का ठेका लेने वाले बिहार निवासी श्यामू ने बताया कि रविवार को उन्होंने चिकन बनाया था। श्यामू ने रोशनप्रीत और उसके साथ आए युवक के साथ चिकन खाया और फिर छत पर सो गए। श्यामू का कहना है कि वह सुबह उठा तो रोशनप्रीत छत पर नहीं था। उसे लगा कि वह पहले ही उठ कर चला गया हो गया। जिसके बाद श्यामू सुबह का खाना बनाने में जुट गया, लेकिन जब खाने पर भी रोशनप्रीत नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। इस दौरान साथियों ने उसे जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ा पाया। आनन-फानन में साथी उसे सीएचसी कालाढूंगी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर कालाढूंगी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि युवक की मौत के मामले में जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# राजीव सांसद के व्यापारी प्रतिनिधि नियुक्त

## व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए अजय भट्ट ने सौंपी जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सांसद अजय भट्ट ने व्यापारी नेता राजीव जायसवाल को व्यापारी प्रतिनिधि बनाया है। दायित्व मिलने पर सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। व्यापारियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे। बड़े मामलों को सांसद अजय भट्ट के दिशा निर्देशन में निराकरण करने के लिए पुरजोर कोशिश की जाएगी। जीएसटी की कठिनाइयों



को लेकर उन्होंने कहा कि जीएसटी अब चार की जगह दो स्लैब में हो चुका है, उससे काफी समस्याओं का स्तह हल हो जाएगा और समस्याओं के संदर्भ में अधिकारियों से एक यथाशीघ्र वार्ता की जाएगी। इससे पहले व्यापारियों ने राजीव जायसवाल का फेल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। पत्रकार वार्ता में देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, मुकेश ढींगरा, प्रांतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, रविंद्र बाली, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज कपूर, प्रांतीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज जायसवाल, प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# रोडवेज कर्मियों ने फूंका आंदोलन का बिगुल

## दो माह से वेतन न मिलने पर चढ़ा पारा, निगम प्रबंधन से वार्ता विफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दो माह से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित रोडवेज कर्मचारी लामबंद हो गए हैं। वेतन भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर रोडवेज संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कर्मचारियों ने हल्द्वानी बस अड्डे व काठगोदाम रोडवेज स्टेशन में प्रदर्शन किया। इस दौरान निगम प्रबंधन की संयुक्त मोर्च के पदा. धिकारियों के साथ चली वार्ता विफल रही। संयुक्त मोर्चा ने ऐलान किया कि मंगलवार से मंडलीय प्रबंधन संचालन काठगोदाम में आंदोलन का बिगुल फूंका जाएगा। रोडवेज संयुक्त मोर्च के बैनर तले



तमाम कर्मचारी सोमवार को हल्द्वानी बस अड्डे में एकजुट हुए धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान हुई सभा में वक्ताओं ने परिवहन निगम की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने वेतन को हर डिपो में अलग-अलग तिथि में देना, प्रदेश में भारी मात्रा में चल रही डग्गामारी में अंकुश चगाने, अनुबंधित वाहनों का विभाग में बढ़ता प्रभुत्व कम करने आदि की भी मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारियों को जल्द वेतन नहीं दिया गया तो संयुक्त मोर्चा मंगलवार से मंडलीय प्रबंधन संचालन कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर देगा। जबकि बुधवार को सभी डिपो में कार्य बहिष्कार किया जायेगा। इधर, देहरादून में निगम प्रबंधन की मोर्चे के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई वार्ता विफल रही। इस दौरान उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, शाखा अध्यक्ष जलील अहमद, शाखा मंत्री नितिन दीक्षित, उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के शाखा अध्यक्ष धर्मेंद्र बिष्ट, गोविंद बल्लभ जोशी, एससी, एसटी श्रमिक संघ के शाखा अध्यक्ष नवीन चंद, जीवन आर्या, इकबाल अहमद, बृजेश सिंह, जीवन सिंह, मो. आफताब, सत्यप्रकाश, सुमन, नितेश शर्मा, चिमन लाल, योगेश जोशी, अजय सिंह, मो. इमरान, राकेश कुमार, अख्तर चौधरी, रजनीश कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूओयू में बौद्धि सम्पदा पर कार्यशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला हुई। कार्यशाला का शुभारंभ समन्वयक प्रो. आशुतोष कुमार भट्ट के स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद निदेशक प्रो. जितेंद्र पांडे ने अपने संबोधन में वर्तमान युग में आईपीआर के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के संसाधन व्यक्तियों में हिमांशु गोयल वैज्ञानिक यूकास्ट देहरादून ने आईपीआर का एक संक्षिप्त अवलोकन प्रस्तुत किया। विकास असावत पेटेंट प्रैक्टिशनर ने पेटेंट फाइलिंग प्रक्रिया, पेटेंट योग्य एवं अयोग्य आविष्कार, ट्रेडमार्क तथा कॉपीराइट विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कार की सीट बेल्ट व एयरबैग दोनों के पेटेंट हैं। इसके अलावा उन्होंने कोका-कोला कैन का ओपनर, जिलेट के रेजर, क्रिकेट के विकेट में हुए प्रमुख पेटेंट पर विस्तार से चर्चा की। अंतिम सत्र में डा. आनंद पटवाल डीन एकेडमिक्स एसडीआईएमटी काशीपुर ने अकादमिक जगत में आईपीआर की भूमिका पर उपयोगी विचार साझा किये। कार्यशाला में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी की फैकल्टी डा. बालम, डा. नीलीमा, डा. शिल्पा, ललिता, हिमानी, रिया, आशीष आदि शामिल हुई।

# कांग्रेस के सृजन अभियान की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**धारी।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रामगढ़ और धारी ब्लॉक में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और स्थानीय पदा. धिकारियों ने की, जिनमें कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने हेतु सुझाव लिए गए। धारी में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता दिवान सिंह बिष्ट ने की। इस अवसर पर एआईसीसी पर्यवेक्षक (नैनीताल) व मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पान्से ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया और संगठनात्मक मजबूती को लेकर ब्लॉक स्तर पर सुझाव आमंत्रित किए। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल छिमवाल,



गोपाल सिंह बिष्ट (निदेशक, जिला सहकारी बैंक नैनीताल), तथा ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। रामगढ़ में यह बैठक सुबह शीतला होटल में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस कमेटी रामगढ़ अध्यक्ष गणेश आर्या ने की। इस बैठक में ब्लॉक प्रमुख दीपक आर्य, ज्येष्ठ प्रमुख रणजीत सिंह जीना, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्कर नयाल, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख खींव. राज बिष्ट, देवेन्द्र सिंह मेर, कैलाश लोधियाल, पंकज नेगी, सुभाष चन्द्र आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डीएम को ज्ञापन सौंपा

नैनीताल। नगर पालिका परिषद के सभासद जितेंद्र कुमार पांडे ने आल्मा कॉटेज क्षेत्र में मुख्य मार्ग और दीवार के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में जिला. धिकारी और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों की लगातार भारी बारिश के कारण इलाके की मुख्य सड़क और दीवार ढह गई हैं जिससे न केवल स्थानीय लोगों के लिए यातायात मुश्किल हो गया है बल्कि आसपास के आवास और संपतियों को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने बताया कि मार्ग की स्थिति के कारण स्कूल जाने वाले छात्र, दैनिक आवश्यकताओं के लिए आवागमन करने वाले लोग और पर्यटक सभी प्रभावित हो रहे हैं। पांडे ने दोनो अधिकारियों से जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क के पुनर्निर्माण तक यातायात रोकने की व्यवस्था की जाए।

# सेवा पखवाड़ा अभियान चलाएगी भाजपा

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक होंगे कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर सोमवार को भाजपा कुमाऊं संभाग में जिला कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने सभी पदा. धिकारियों से सेवा पखवाड़ा अभियान को प्रत्येक मंडल एवं बूथ पर सफल बनाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के प्रदेश सह संयोजक गुंजन सुखीजा ने 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा को



प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जिले में 17 सितम्बर को जिला स्तर पर वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान, जिला और सामुदायिक केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविर, वरिष्ठ जनो के साथ प्रबुद्ध संवाद का आयोजन होगा। इसी क्रम में युवा मोर्चा नमो मैराथन, दिव्यांग जनो संग भेट एवं सम्मान कार्यक्रम, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। कार्यशाला का संचालन सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक नैनीताल दिनेश खुल्बे ने किया। कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला प्रभारी राजेश कुमार, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, नैनीताल सरिता आर्य, लालकुआं डा. मोहन सिंह बिष्ट, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, भीमताल ब्लाक प्रमुख हरीश बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दिनेश आर्य, रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, प्रतिभा जोशी, प्रगति जैन सहित समस्त पदा. धिकारी मौजूद रहे।

# वार्ड 25-26 में जनसुविधा शिविर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान की अध्यक्षता में वार्ड 25 एवं 26 में सोमवार को जन सुविधा शिविर लगाया गया, जिसमे बिजली, पानी, सिंचाई, पूर्ति विभाग तथा नगर निगम से संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। शिविर में स्थानीय पार्षदों और लोगों ने विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। शि. विर में मुख्य रूप से आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गई। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 54 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से जुड़े कुल



19 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थना पत्र शामिल थे। इन सभी आवेदनों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही किया। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान ने बताया कि जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके वार्ड क्षेत्र में ही संपूर्ण नागरिक सुविधा एक ही स्थान पर पर उपलब्ध कराई जा रही है। आधार कार्ड बनवाने एवं संशोधन, राशन कार्ड, विवाह पंजीकरण, बिजली-पानी जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को आवश्यक सेवाओं तक सहज और सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। जिला प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाए। इन शिविरों का उद्देश्य है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान और सरकारी सेवाओं का लाभ उनके घर के पास ही मिल सके एवं योजनाओं का सीधा लाभ सरल एवं सहज तरीके से हर नागरिक तक पहुँच सके। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, पार्षद सीमा अंजुम, पार्षद रेशमा परवीन सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# पत्रकार भूपेश कन्नौजिया ने रक्तदान का शतक लगाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पत्रकार भूपेश कन्नौजिया ने रविवार को अपना 100वां रक्तदान कर मानवता के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की। वर्ष 2003 से शुरू हुआ यह सफर आज एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुँचा है, जब उन्होंने हल्द्वानी के बेस अस्पताल में 100वीं बार रक्तदान कर यह साबित कर दिया कि पत्रकारिता सिर्फ कलम तक सीमित नहीं, बल्कि समाज सेवा की मिसाल भी बन सकती है। भूपेश कन्नौजिया ने रक्तदान के अपने इस संकल्प को कभी नहीं तोड़ा, चाहे मौसम कैसा भी रहा हो या परिस्थितियां कैसी भी रही हों। उनका यह समर्पण युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इसी अवसर पर के पत्रकार पारस बिष्ट ने भी 20वीं बार रक्तदान कर यह दिखा दिया कि



समाजसेवा में युवा भी पीछे नहीं हैं। पारस का यह प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सकारात्मक संदेश भी है। रक्तदान के बाद दोनों पत्रकारों ने अपील की कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने दोनों पत्रकारों के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की। सोशल मीडिया पर भी इनके इस कार्य की खूब सराहना हो रही है। पत्रकारिता का असल मकसद सिर्फ खबरें दिखाना नहीं, बल्कि खुद समाज को दिशा देने वाला उदाहरण बनना है, यह दोनों पत्रकारों ने साबित कर दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तमंचे के साथ वीडियो वायरल करना महंगा पड़ा, दो दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सोशल मीडिया पर तमंचे में कारतूस लोड करने की वीडियो वायरल हो रही थी। इस मामले में पुलिस ने चिन्हित कर आरोपी को मय तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके साथ एक युवक को भी चाकू समेत पकड़ा है। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हो रही। उस वीडियो में युवक तमंचे में कारतूस लोड कर रहा। वायरल वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लेकर चिन्तित की कार्रवाई शुरू की।

चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ गश्त कर रहे। तभी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो युवक एफएसएल जाने वाले रोड पर घूम रहे हैं। वह वहीं युवक है,जिसकी तमंचे में कारतूस लोड कर रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां खड़े युवक पुलिस को देख भागने लगे। पुलिस ने दोनों युवकों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम जयदेव बाल्मिकी पुत्र नन्हे निवासी बाल्मिकी मंदिर के पास वार्ड 19 खेडा रुद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा 12 बोर और कारतूस बरामद हुआ। जबकि दूसरे ने अपना नाम राजा बाल्मिकी पुत्र बाबू लाल निवासी बाल्मिकी मंदिर के पास वार्ड 19 खेडा रुद्रपुर बताया।

पुलिस ने उसके पास से चाकू बरामद किया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि पिछले दिनों सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तमंचा में कारतूस लोड कर रहा। आरोपी को चिन्हित कर उसकी गिरफ्तारी को लगातार दबिश दी जा रही थी। रविवार रात को पुलिस ने जयदेव के साथ उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। टीम में चौकी प्रभारी के अलावा पूरन राम, यशपाल मेहता, महेश राम आदि शामिल रहे।

# रोडवेज कर्मियों ने किया कार्य बहिष्कार

**हड़ताल से रुद्रपुर रोडवेज को लाखों रुपये के राजस्व की हानि होने का अनुमान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** वेतन की मांग को लेकर कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कुमाऊं भर के रोडवेज कर्मी आज सोमवार से कार्य बहिष्कार हड़ताल पर चले गए। जिसको लेकर कुमाऊं रोडवेज की तमाम बसों का संचालन भी ठप्प हो गया। हड़ताल से तमाम यात्री इधर-उधर भटकते हुए नजर आए। इस हड़ताल से रुद्रपुर रोडवेज को भी लाखों रुपये के राजस्व की हानि होने का अनुमान है।

रुद्रपुर में कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आज प्रातः से ही रोडवेज कर्मियों ने वेतन न मिलने को लेकर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए हड़ताल शुरू कर दी और डिपो परिसर में धरना दिया। रोड़वेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री मनिंदर सिंह का कहना था कि 29 अगस्त को मंडलीय प्रबंधक काठगोदाम को नोटिस देकर वेतन की मांग की थी, लेकिन अब तक उनका वेतन नहीं मिल पाया। जिस पर आज उन्होंने अपना आंदोलन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो माह से रोडवेज कर्मियों को वेतन नहीं मिला है जिससे चालक परिचालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज कर्मियों के धरना प्रदर्शन के चलते बसें संचालित नहीं हुई जिसके चलते यात्रियों को भी फजीहत का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो 10 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। जिसमें देहरादून और टनकपुर रोडवेज कर्मी भी शामिल होंगे। रुद्रपुर रोडवेज की बस सेवा चलने के कारण लगभग 10 से 15 लाख रूपए राजस्व की हानि का अनुमान है। धरना प्रदर्शन करने वालों में महेश प्रसाद, जगजीत सिंह, कौशल यादव, संतोष सैनी, संतोष गिल, पवन गुप्ता, जयपाल सिंह, राकेश कुमार, मनोज यादव, शशि भूषण, योगेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह, सुनील भटनागर, हरप्रीत सिंह, गुरचरन सिंह, विजय पाल, पंकज सिंह, कृष्ण गोपाल, मो-आरिफ, राजकुमार, विमल कुमार, संदीप कुमार, राजवीर सिंह, प्रेम कुमार, सुरेन्द्र सिंह, नरदेव सिंह, देवकी नन्दन, देवकी देवी, मनिन्दर सिंह, बलदेव सिंह, गुरमेल सिंह, धर्मपाल कम्बोज, मनदीप सिंह, विनोद कुमार, मोहित कुमार, मनमोहन सिंह, मनोहर सिंह, अमलेश कुमार, ज्ञानचन्द अवस्थी, रामनारायण आदि शामिल थे।

## एक नजर

# दरऊ गोलीकांड मामले में एक और आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पुलिस ने दरऊ गोलीकांड मामले में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राहत खान पुत्र लिताफत खान निवासी ग्राम दरऊ थाना किच्छा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 18 अगस्त को दरऊ गांव में गोलीकांड की वारदात हुई थी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी। घटना के बाद से कई आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस लगातार उनकी तलाश में जुटी हुई थी। सोमवार को पुलिस टीम ने राहत खान को घेराबंदी कर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के परिजनों और रिश्तेदारों को सूचना दे दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दरऊ गोलीकांड में शामिल सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। इस वारदात ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी, जिसके बाद से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ था।

# जुलूस/शोभायात्रा के दौरान डीजे और बेस के उपयोग पर रोके लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुल्तानपुर पट्टी।** नगर पंचायत के सभासदों व नगर के लोगो ने हर धर्म के धार्मिक समारोह में जुलूस/शोभायात्रा के दौरान डीजे के साथ बैस का उपयोग रोके जाने को लेकर पुलिस चौकी में शिकायती पत्र सौंपा।

पत्र में कहा कि हर धर्म के धर्मिक समाराहे जैसे जुलूस/शोभायात्रा में डीजे के साथ बेस का उपयोग किया जाता है। जिस कारण तेज बेस की ध्वनि से हृदय गति रूकने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बेस की ध्वनि को उच्च न्यायालय द्वारा भी पूर्व में निर्देश दिए गए हैं, जिनका अनुपालन किया जाना अति आवश्यक हो गया है। जिससे भविष्य में होने वाली घटनाओं की आशंका न हो। पत्र के माध्यम से आये दिन बजने वाले डीजे के साथ बेस की ध्वनि धीमी आवाज में रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। शिकायती पत्र देने वालों में वार्ड सभासद पति कैलाश दिवाकर, सभासद जोनी मौर्य,सभासद शमीम खां उर्फ मंगल खां, सभासद शाहिद हुसैन पधान, सभासद पति राजेश सैनी, शिव गुप्ता, आकाश मौर्य, विपिन गुप्ता, चन्द्रदेव बंटी, अमरपाल मौर्य, हरीश कुमार, राजेन्द्र सिंह मौर्य, बंटी मौर्य, जितेन्द्र मौर्य, चन्द्रदेव आदि समेत क्षेत्र के संभ्रात शामिल रहे।

# दुर्गम दोगड़ी गोठ में निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी रुद्रपुर के आदेश के क्रम में नागरिक अस्पताल खटीमा के सीएमएस डॉक्टर केसी पंत व डॉ वीपी सिंह के निर्देशानुसार अति दुर्गम दोगड़ी गोठ (खत्ता) बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बी और टीम ए, आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम तथा सीएचओ के द्वारा निःशुल्क शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जाँच, पुष्पा एएनएम के द्वारा निःशुल्क टीकाकरण, डा. देशदीपक, महिला चिकित्सा अधिकारी डा. शैलजा पांडेय के द्वारा उपस्थित महिलाओं की स्वास्थ्य जांच किया गया तथा महीने से संबंधित परेशानियों आदि के प्रति जागरूक किया। आरके एसके काउंसलर विजेता पांडेय ने किशोरियों को जागरूक किया। शिविर में सीएचओ भावना, फार्मासिस्ट अनीता, निर्मला, निर्मला कन्याल तथा एएनएम पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

# जिले की कार्यकारिणी का किया गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की सहमति के बाद जिले की कार्यकारिणी का गठन किया है। उसी क्रम मे नैनीताल जिले कि कार्यकारिणी घोषित की गई, जिसमें पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता गणेश रावत को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है।उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, भूपेंद्र सिंह खाती, भावना भट्ट, आशा बिष्ट, शिखर भट्ट, भरत तिवारी, मोहम्मद आदिल, शुभम उत्तम, नीमा मठपाल, अमित कुमार, पूरन सिंह बिष्ट, मोहन पाठक आदि मौजूद रहे।

# बिगराबाग में निःशुल्क ग्रेपलिंग ट्रेनिंग कैंप आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ओसमा स्पोर्ट्स अकादमी नई बस्ती बिगराबाग में रविवार को निःशुल्क ग्रेपलिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन ग्रेपलिंग एसोसिएशन उधम सिंह नगर द्वारा किया गया। कैंप में आगामी राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ग्रेपलिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले 26 खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कृष्ण साना ने प्रशिक्षण दिया। कैंप का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट फिफ्थ डान बलवंत सिंह द्वारा किया गया। ग्रेपलिंग एसोसिएशन उधम सिंह नगर के महासचिव एवं प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य जिले के हर क्षेत्र के बालक-बालिकाओं तक ग्रेपलिंग खेल को पहुंचाना है, जिससे खिलाड़ी खेलों से मिलने वाले लाभ ले सकें, शारीरिक रूप से मजबूत बने, नशे से दूर रहें एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाया जा सके।

कैंप में सरस्वती पब्लिक स्कूल छिनकीफार्म, न्यू लाइट स्कूल नानकमत्ता, सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कैंप के मुख्य अतिथि ग्रेपलिंग एसोसिएशन उधम सिंह नगर के अध्यक्ष रमेश सिंह ने खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी करणवीर सिंह, गुरमीत सिंह, खिंडा जेसीबी वाले, गोविंद सिंह चौहान, कुलविंदर सिंह सहित खिलाड़ियों के अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा।

# आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी के अध्यक्ष डा. नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना तथा प्रधानाचार्या डा. प्रीति रस्तोगी ने विद्यालय की अध्यापिकाओं के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों और शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारीगण, सम्मानित सदस्य और विद्यालय की भूतपूर्व शिक्षिकाएं भी सम्मिलित हुईं। विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी की ओर से समस्त अध्यापिकाओं और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व स.अ. निर्मला चौहान, रागिनी शर्मा, अनिल कौशिक तथा डलविंदर कौर सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# विद्यालयी शिक्षा खेलों को आयोजित की तिथियां की गई तय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** ब्लॉक जसपुर के प्राथमिक व माध्यमिक शारीरिक शिक्षकों की आयोजित हुई बैठक में सत्र 2025- 26 के लिए विद्यालयी शिक्षा के शरद कालीन व शीतकालीन खेलों को आयोजित करने की तिथियां तय की गई। साथ ही ब्लॉक को विभिन्न खेल स्पर्धा में शिखर पर पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई ।

सोमवार को बीआरसी सभागार जसपुर में प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी हरीबाबू निरंजन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बीईओ हरीबाबू निरंजन ने कहा कि खेलों से बच्चों का शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, चारित्रिक व भाषा का विकास होता है और नेतृत्व करने की क्षमता बढ़ती है। इसलिए प्रत्येक विद्यालय को इन प्रतियोगिता में छात्र - छात्राओं को प्रतिभाग कराना चाहिए। उन्होंने शारीरिक शिक्षकों को बीते वर्ष राज्य स्तर पर एक सौ छब्बीस खिलाड़ियों के प्रतिभाग कर मेडल हासिल करने पर बधाई दी तथा उम्मीद जताते हुए कहा कि इस सत्र में जसपुर ब्लॉक विभिन्न खेल स्पर्धा में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उक्त संख्या का आकड़ा बढ़ाकर अपना परचम लहरायेगा। बैठक में ताविंदाअली को सर्वसम्मति से महिला ब्लॉक खेल समन्वयक चुना गया। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता नौ सितंबर अंडर 14, 17, 19 बालक बालिका फैज ए आम इंटर कॉलेज जसपुर, 11 सितंबर को कुश्ती अंडर 14, 17, 19 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सन्यासियों वाला, 13 सितंबर को कबड्डी अंडर-14, 17, 19 बालक बालिका बीएसबी इंटर कॉलेज, 18 सितंबर को पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज में सभी वर्गों के बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

इस मौके पर ब्लॉक खेल समन्वयक प्राथमिक सुभाष चंद्र, अनूप सिंह, राजेश चौधरी, राज बहादुर, पुनीत कुमार, अजय राज सैनी, देवराज सिंह, आलोक कुमार, महेंद्र पाल, विजेंद्र सिंह, विजय राज सैनी, विमल सिंह अल्का सक्सेना, तबिंदा अली, कुसुम लता श्वेता नेगी, शमशेर अहमद, स्वतंत्र कुमार गहलोत, संजय वर्मा, विवेक कुमार, नूतन रवि, लता रानी, हिमांशी, नीतू चौधरी तस्लीम अहमद, गुलसनावर, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# इंटर कॉलेज में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खटीमा में संकुल स्तरीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वंदना सत्र में मुख्य अतिथि सुनील रैदानी एवं विशिष्ट अतिथि डा. नवीन भट्ट तथा उपस्थित सभी गणमान्य जनों द्वारा मां शारदे की समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में विद्यालय चैंपियनशिप मेजबान रामकुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खटीमा ने जीती। विद्यालय द्वारा 38 स्वर्ण पदक, 15 रजत पदक तथा 10 कांस्य पदक प्राप्त किए गए। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के आचार्य हिमांशु जोशी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिनेश सेमवाल, घनश्याम अग्रवाल, भरत, श्रीपाल राणा, कविंद्र, ललित जोशी, मदन जलाल, माधवानंद भट्ट, सुदर्शन वर्मा, प्रकाश डिक्टिया, कैलाश भट्ट तथा मंगतराम लोस्टा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शिवजीत सिंह को गलत संगत एवं मेरे व मेरे परिवार के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी ग्राम सैजना में बना पक्का मकान, ग्राम सभा परगना सैजना, रुद्रपुर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर में खसरा सं.- 31- 0.0950, खसरा सं.- 31क- 0.470, खसरा सं.- 489क- 1.3150, समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं । भविष्य में उसके किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जसवीर सिंह पुत्र श्री चैन सिंह
निवासी- सैजना, थाना किच्छा
ऊधमसिंहनगर

# समस्याओं को लेकर सीएम से मिले भाजपा नेता इंदर सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंदर सिंह रावत ने देहरादून में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी से भेंट कर उनसे विधानसभा क्षेत्र रामनगर में आपदा ग्रस्त गांव चुकम, मोहान, सुन्दरखाल को राहत दिलाने और जल्द चुकम,सुन्दरखाल को बिस्तापन करने के लिए आग्रह किया। साथ ही वर्ग तीन की भूमि को विनिमतीयकरण के आदेश एवं शिवनाथपुर,पटरानी,किशनपुर छोई पड़ाव को राजस्व ग्राम में तब्दील करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री से विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने दूरभाष पर डीएम नैनीताल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए सहयोग और विकास के लिए राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। इंदर सिंह रावत ने कहा कि क्षेत्रवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी हर समस्याओं और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा।



# पहाड़गंज में हवाई फायरिंग का आरोपी तमंचे सहित दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा पुलिस ने तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक तीन माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग हुई थी। इस मामले में पुलिस पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

रविवार रात चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले। पुलिस किच्छा रोड शांन्ति व्यवस्था, संदिग्धों की चेकिंग करते हुए खेडा पुल के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी, कुछ माह पहले पहाडगंज में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। जिससे लोगो में दहशत का माहौल है। वह व्यक्ति दूधिया बाबा मंदिर से पहले सडक के किनारे खडा है।बरेली भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंची और वहां खड़ा युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद साहिल उर्फ पिद्दा पुत्र मोहम्मद उमर निवासी सिरौली कला वार्ड 19 गोदाम के पास थाना पुलबट्टा बताया। चौकी प्रभारी के मुताबिक तलाशी लेने पर उसके पास तमंचा 315 बोर बरामद हुआ। चौकी प्रभारी ने बताया कि उस पर कुछ माह पहले पहाड़गंज में हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का आरोप है। पुलिस उसकी तभी से तलाश कर रही थी। उन्होंने बताया कि कई माह पहले सिडकुल पुलिस ने चोरी के मामले में जेल भेजा था। उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

**नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (उधम सिंह नगर)**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजिजुल हसन पुत्र श्री रहमत हुसैन (पार्टनर मै. अगसेल फार्मासुटिकल्स) निवासी एमआईजी-एम 1 वी-32, भेसिया एकता विहार साउथ मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) रजिस्ट्रड तैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थी श्री अजिजुल हसन ने मै. सुनीत अप्रोटेक प्रा. लि. प्लाट नं.-142 नन्दनगर औद्योगिक आस्थान फेस-2 महुआखेड़ागंज, उधमसिंहनगर कुल क्षेत्रफल 195.16 वर्ग मीटर वाके औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ागंज को कम्पनी मेंम्बर श्री अनीत गोगिया पुत्र श्री मदन मोहन गोगिया नि. ए-1/166 केशवपुरम लारेन्स रोड दिल्ली-35 नया पता आई 902 अजराना इंटेग्रीटी राज नगर गाजियाबाद से पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थी वर्तमान में उक्त खसरा नं.- 1219 पर स्थित सम्पत्ति को अभिलेखों के आधार पर पालिका सम्पत्तिकर अभिलेखों में दाखिल-खारिज / नामान्तरण की कार्यवाही पश्चात् मै. ड्रगसेल फार्मासुटिकल्स प्रा. लि. प्लाट नं.-142 नन्दनगर औद्योगिक आस्थान फेस-2 महुआखेड़ागंज, उधमसिंहनगर के नाम से दर्ज कराना चाहता है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त सम्पत्ति का दाखिल खारिज / नामान्तरण कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 30 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (उधम सिंह नगर)**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विपिन सिंह पुत्र श्री सूरज सिंह निवासी ग्राम चतरपुर नायक पोस्ट मेवला कलां तह. व जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश द्वारा रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर पालिका अभिलेख दाखिल खारिज कर अपना नाम दर्ज कराना चाहते हैं। प्रार्थी ने उक्त खसरा नं.- 367 मिन कुल क्षेत्रफल 111.52 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज को श्रीमती अनुपम छाया पत्नी श्री सुनील कुमार निवासी ग्राम रतुपुरा तह. ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रड बेनामे कर पंजीकृत क्रय किया है। प्रार्थी वर्तमान में उक्त खसरे पर निर्मित भूमि को पालिका के गृहकर अभिलेखों में स्वयं के नाम से दर्ज करवाना चाहता है। रजिस्ट्रड बैनामें, शपथपत्र के आधार पर उक्त खसरा नं.- 367 मिन कुल क्षेत्रफल 111.52 वर्गमीटर वाकै महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

# संगत द्वारा श्रद्धापूर्वक किया जाएगा नगर कीर्तन का स्वागत

**करीब सात बजे पहुंचेगा बाजपुर के ग्राम महेशपुर में नगर कीर्तन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सिख धर्म के नवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी गुरु पर्व के उपलक्ष्य में निकाला जा रहा नगर कीर्तन आज देर शाम रुद्रपुर से होते हुए लगभग 7 बजे के करीब बाजपुर के ग्राम महेशपुर पहुंचेगा। इस पावन आगमन को लेकर श्रद्धालु संगत में उत्साह और आस्था का माहौल है।

नगर कीर्तन जिन-जिन मार्गों से होकर गुजरेगा, वहां संगत द्वारा नगर कीर्तन श्रद्धापूर्वक स्वागत किया जाएगा। स्वागत द्वार सजाए गए हैं, जगह-जगह पर स्टॉल लगाकर जलपान एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया जाएगा। साथ ही ग्राम महेशपुर गुरुद्वारा साहिब में विशेष लंगर की व्यवस्था भी की गई है। नगर कीर्तन का यह शुभ मार्ग गुरु की शिक्षाओं और बलिदान की याद दिलाता है।

इस अवसर पर गुरबाणी की स्वर लहरियां गूंजेंगी और श्रद्धालु अपने गुरु के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को समर्पित यह यात्रा समाज को धर्म, साहस और एकता का संदेश देने वाली है।

**नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (उधम सिंह नगर)**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वचन सिंह पुत्र नन्हे सिंह वार्ड नं.-03 मोहल्ला मडैयादेवी महुआखेड़ागंज तह. काशीपुर उधम सिंहनगर (उत्तराखण्ड) के प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जोकि पालिका के गृहकर अभिलेखो में मकान नं.-03/87 पर दर्ज है। अपने पिता की मृत्यु पश्चात अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, आधार कार्ड व राशन कार्ड, भाई (श्री जैन सिंह व श्री भौनी सिंह) और माता (श्रीमती चमेली देवी) का अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर अपने नाम पालिका अभिलेख दाखिल खारिज की मांग प्रार्थना पत्र दिनांक 24.08.2025 को प्रस्तुत किया गया है। जबकि वर्तमान में उक्त मकान नं.- 03/87 वाकै वार्ड नं.-03 मडैयादेवी महुआखेड़ागंज जोकि जैन सिंह पुत्र श्री नन्हे सिंह निवासी वार्ड नं.-03 मौहल्ला मडैयादेवी महुआखेडागंज जिला उधम सिंह नगर से प्रार्थी द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, शपथ पत्र, भाई (श्री जैन सिंह व भौनी सिंह) और माता (श्रीमती चमेली देवी) का अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर अपने नाम पर दर्ज कराना चाहता है। उक्त मकान नं.- 03/87 वाकै वार्ड नं.-03 मौ. मडैयादेवी, महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद गहुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

**नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज (उधम सिंह नगर)**

**गृहकर नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नफीस अहमद व अनीस अहमद पुत्रगण मसीत अहमद निवासी वार्ड नं.- 08 शक्तिचौराहा महुआखेडागंज तह. काशीपुर ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) के प्रार्थना पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जोकि पालिका के गृहकर अभिलेखों में मकान नं.-08/251 पर दर्ज है। अपने पिता की मृत्यु पश्चात अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, आधार कार्ड व राशन कार्ड, भाई (रहीस अहमद व शरीफ अहमद) और माता (श्रीमती बतुलन) का अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर अपने नाम पालिका अभिलेख दाखिल खारिज की मांग प्रार्थना पत्र दिनांक 29.07.2025 प्रस्तुत किया गया है। जबकि वर्तमान में उक्त मकान नं.-08/251 वाकै वार्ड नं.- 08 शक्तिचौराहा महुआखेड़ागंज जोकि बतुलन पत्नी मसीत निवासी वार्ड नं.-08 मौहल्ला शक्तिचौराहा महुआखेडागंज जिला उधन सिंह नगर से मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, भाई (रहीस अहमद व शरीफ अहमद) और माता (श्रीमती बतुलन) का अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त मकान नं.- 08/251 वाकै वार्ड नं.-08 मौ. शक्तिचौराहा, महुआखेड़ागंज का दाखिल खारिज कर प्रार्थनी के नाम दर्ज करने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर नगर पालिका परिषद महुआखेड़ागंज के कार्यालय में लिखित में सूचना दें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नियत तिथि के उपरांत नियमानुसार पालिका अभिलेखों में मात्र गृहकर वसूली हेतु नामान्तरण कर नाम दर्ज कर दिया जायेगा। बाद म्याद प्राप्त आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। **अधिशासी अधिकारी**

# पुलिस ने चार अपराधियों पर कसा शिकंजा

**गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर की तैयारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** कोतवाली क्षेत्र में लगातार आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहने वाले आदतन अपराधियों पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस प्रशासन ने चार अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जिला बदर करने की संस्तुति की है। बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी के अनुसार, यह सभी आरोपी पिछले कुछ समय से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे हैं और इनके चलते क्षेत्र की कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही थी।

गुंडा एक्ट में दर्ज किए गए अपराधियों के नाम 1. कौशल कुमार, पुत्र स्वर्गीय ओमप्रकाश, निवासी शुगर फैक्ट्री। 2. रमेश उर्फ मेसी, पुत्र कल सिंह, निवासी ग्राम इटावा थाना बाजपुर। 3. छिंदर उर्फ शैलेंद्र, पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ग्राम इटावा। 4. भगवान सिंह उर्फ भक्ति, पुत्र समीर सिंह, निवासी ग्राम इटावा, थाना कोतवाली बाजपुर। बाजपुर कोतवाली एसएचओ प्रवीण सिंह कोश्यारी का कहना है कि समाज में शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए ऐसे आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# डिजिटल अरेस्ट कर 18 लाख की ठगी के पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

**■ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने,धनराशि वापस दिलाने एवं जांच की लगाई गुहार**
**■ व्हाट्सएप पर भेजे फर्जी नोटिस और गिरफ्तारी के वारंट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली क्षेत्र का एक व्यक्ति डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से 18 लाख की ठगी का शिकार हुआ है। एक वर्ष पूर्व एनएचपीसी से रिटायर्ड मैनेजर बिल्हैरी चकरपुर खटीमा निवासी अखिलानंद उप्रेती पुत्र स्व.नरोत्तम उप्रेती ने उसके साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में रविवार को खटीमा कोतवाली में एक तहरीर सौंप कर जांच एवं अग्रिम कार्रवाई की गुहार लगाई है।

तहरीर में बताया गया है कि 4 सितंबर 2025 को फोन के माध्यम से उसे बताया गया कि दिल्ली स्थित केनरा बैंक में उसके खाते से मनी लॉन्ड्रिंग होती है। इसलिए उसके खातों और संपत्तियों की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर की जानी है। वहीं बताया गया कि राहुल गुप्ता एनफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट (ईडी) उसके केश के मुख्य जांच अधिकारी हैं। इसके साथ ही पीड़ित को कोर्ट के आदेश के क्रम में व्हाट्सएप पर अकेले बात करने के लिए कहा गया। वहीं पीड़ित को अदालत में व्हाट्सएप के माध्यम से खड़ा करके बताया गया कि उसके सबसे अधिक धनराशि वाले खाते की जांच सीक्रेट सुपरविजन अकाउंट से करने के लिए आरटीजीएस से रुपया ट्रांसफर करना है। इसके उपरांत 18 लाख रुपये इन्डसीन्ड बैंक गोमती नगर ओम संस्कृति गोल्डन इंटल प्राइवेट लिमिटेड के खाता संख्या मे ट्रांसफर करने को कहा गया। वहीं पीड़ित ने भयंकर दबाव में आकर अपने एसबीआई चकरपुर के खाते से 6 सितंबर 2025 को 18 लाख रुपये का भुगतान आरटीजीएस के माध्यम से कर दिया। पीड़ित ने बताया है कि इसके उपरांत जिन नंबरों से उसके पास फोन आए थे उन नंबरों पर कोई संपर्क नहीं हो रहा है। इसके बाद पीड़ित को एहसास हुआ कि वह ठगी शिकार हो गया है। वहीं अब 18 लाख की ठगी के शिकार पीड़ित ने कोतवाली खटीमा में एक तहरीर सौंप कर रिपोर्ट दर्ज करने, धनराशि वापस लाने और उचित कार्यवाही की गुहार लगाई है।

वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में साइबरसेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खाते को होल्ड कर दिया है।

# 57 वाहिनी एसएसबी थपलियाल खेड़ा में स्थापित करेगी नई सीमा चौकी

**■ 0.99 हेक्टेयर वन भूमि का विधिवत हस्तांतरण सम्पन्न**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** लंबी प्रक्रिया के बाद एसएसबी की 57 वीं वाहिनी के थपलियाल खेडा मे चौकी बनाए जाने को लेकर स्थाई कार्यक्षेत्र के लिए अधिग्रहण हो गया है। आपको बता दें भारत नेपाल सीमांत क्षेत्र के ग्राम थपलियालखेड़ा जिला चंपावत में सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। 57वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने 0.99 हेक्टेयर वन भूमि का विधिवत हस्तांतरण, शारदा टनकपुर वन विभाग के अधिकारियों से प्राप्त किया। इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक (DIG), क्षेत्रीय मुख्यालय पीलीभीत की गरिमामयी उपस्थिति में, कमांडेंट मनोहर लाल, 57वीं वाहिनी द्वारा हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी की गई। अनिल कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक ने कहा की यह भूमि हस्तांतरण हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

कमांडेंट मनोहर लाल और उनकी टीम ने जिस निष्ठा और परिश्रम से यह कार्य संपन्न किया है, वह प्रशंसनीय है। मैं वन विभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी, वनक्षेत्राधिकारी, वन दारोगा एवं समस्त वन स्टाफ का भी आभार व्यक्त करता हूं, जिनके सहयोग से यह प्रक्रिया सफल हो पाई। अब एसएसबी थपलियालखेड़ा में अपनी सीमा चौकी स्थापित करेगी, जिससे सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ होगी।

मनोहर लाल, कमांडेंट, 57 वाहिनी ने बताया की यह भूमि हमारे लिए केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक आधारशिला है। हमारी योजना है कि आने वाले समय में इस स्थान पर एक मजबूत और सुसज्जित सीमा चौकी (BOP) स्थापित की जाएगी, जो 24x7 निगरानी और गश्त को सुनिश्चित करेगी। हम स्थानीय नागरिकों के सहयोग और विश्वास के साथ क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास को एक नई दिशा देंगे।

कमांडेंट ने बताया की सीमा चौकी स्थापित होने से घुसपैठ, तस्करी, आतंकवादी गतिविधियों और मानव तस्करी पर कड़ा नियंत्रण संभव होगा।

जवान नियमित गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। किसी भी दुर्घटना, अपराध या प्राकृतिक आपदा की स्थिति में एसएसबी त्वरित प्रतिक्रिया दे सकेगी। स्थानीय युवाओं को जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओ से उन्हे लाभान्वित किया जाएगा, सीमा चौकी के निर्माण से क्षेत्र में सड़कें, बिजली, पानी और संचार सुविधाओं में सुधार होगा। गांवों का आवागमन आसान होगा और सामा. जिक विकास को बल मिलेगा द्य सीमांत क्षेत्र में व्यापार और बाजार की संभावनाएं बढ़ेंगी, एसएसबी की उपस्थिति से कानून व्यवस्था में सुधार होगा और सामाजिक शांति स्थापित होगी। एसएसबी द्वारा जंगलों की निगरानी से वन संपदा की भी रक्षा होगी। मौके पर दीपक तोमर, उप कमांडेंट, निरीक्षक अमरेश कुमार, उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक राजू कुमार सिंह सहित वन विभाग से शालिनी जोशी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, शारदा टनकपुर, सुनील शर्मा, वन क्षेत्राधिकारी, शारदा टनकपुर, मुनेश सिंह राणा, वन दारोगा, पुष्पेन्द्र सिंह राणा इत्यादि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# शिक्षक प्रकाश उपाध्याय को उत्कृष्ट कार्यो हेतु डीएम मनीष कुमार ने किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिला सभागार चम्पावत में आज एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी मनीष कुमार ने छात्रहित में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए हाल ही में राज्यपाल द्वारा राज्य के सर्वोच्च शिक्षक सम्मान शैलेश मटियानी उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित राउमावि खूनाबोरा में कार्यरत शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय को सम्मानित किया। शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय के छात्र छात्राएं न केवल बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट रहते हैं बल्कि राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उनके द्वारा अपना लोहा मनवाया जाता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे शिक्षक, जो दूरस्थ एवं सीमांत क्षेत्रों में भी शिक्षा की अलख जगाते हैं, वास्तव में नई पीढ़ी के भविष्य निर्माण में प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास संभव है और इसमें अध्यापकों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपने अपने उत्कृष्ट कार्य और समर्पण से पद की गरिमा को बढ़ाया है, जो पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी देवेश चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक प्रकाश सिंह जंगपांगी, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक मान सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनसामान्य मौजूद थे।

# जिपं अध्यक्ष मौर्य ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और नुकसान का आंकलन कर मुआवजा देने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने खटीमा राजस्व टीम के साथ संयुक्त रूप से दाह, ढाकी, रघुलिया, वनगवां तथा हल्दी आदि बाढ़ ग्रस्त इलाकों का जायजा लिया और तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को नुकसान का आंकलन करने के दिशा निर्देश दिए। पीड़ित परिवारों व किसानों के हुए नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि नुकसान का मुआवजा दिए जाने हेतु शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही देवहा नदी फीडर संख्या 30 से लगे साइफन चौकी के बीच कटी नहर के पानी से हल्दी घेरा के किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का भी निरीक्षण किया तथा यूपी सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारियों समस्या से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान खटीमा एसडीएम तुषार सैनी, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, कृषि अधिकारी विधि उपाध्याय, हल्का पटवारी नवनीत सिंह, ठाकुर सुदेश सिंह, गुरप्रीत सिंह खिंडा, कारज सिंह गिल, अमरदीप सिंह ढिल्लों, पूर्व उपाध्यक्ष कंचनपुरी समिति बलराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# विश्व साक्षरता दिवस पर लोगों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से तहसील विधिक सेवा समिति टनकपुर के द्वारा राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में विश्व साक्षरता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि सिविल जज प्रियांशी नगरकोटी की अध्यक्षता में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भवदीप रावते सिविल जज सीनियर डिवीजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आपदा के कारण 1 सितम्बर से लगातार सात सितम्बर तक स्कूलों में अवकाश घोषित होने से पांच सितम्बर को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय शिक्षक दिवस भी संयुक्त रूप से मनाया गया।

मुख्य अतिथि प्रियांशी नगरकोटी सिविल जज प्रथम के द्वारा छात्र-छात्राओं व उपस्थित लोगों को शिक्षक दिवस एवं वर्ड लिट्रेसी डे पर जागरूक किया गया। उन्होंने सभी को आज के वक्त में जागरूकता के महत्व को समझाया और सभी से आह्वान किया कि वह अपने परिवार आस पास के रिश्तेदारों और अपने सामाजिक क्षेत्र में लोगों को सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता जो सोशल मीडिया की समझ नहीं रख पाते हैं उनको भी नम्रता से सोशल साइड आपरेट करना सिखाएं क्योंकि उनके समय में आज का सोशियल चैलेंज था ही नहीं पर आज का युवा इस के साथ ही पैदा हो रहा है। इस समय के अंतर के कारण वृद्ध व्यक्ति इस पर सक्षम नहीं है जिसकी जिम्मेदारी युवाओं पर है। पीएलवी अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, बिजेंद्र अग्रवाल, शमशाद बानो,किरन जोशी, इजहार अली ने भी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया।

प्रधानाचार्य के के श्रीवास्तव ने सभी वक्ताओं का और मुख्य अतिथि प्रियांशी नगरकोटी का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस तरह के कार्य क्रमों की संस्था को छात्र छात्राओं को आवश्यकता बताई और बार बार कृतार्थ करने की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर टनकपुर के सभी पीवएलववीव (अधिकार मित्र) इजहार अली, अजय गुरूरानी, किरन गहतोड़ी, राधिका अधिकारी, हरीश गौड़, शमशाद बानो, किरन जोशी, ऋतु महर, अमित कुमार, अर्चना लो. हनी, बिजेंद्र अग्रवाल, सोनी सिंह, सोनी जहां, रीता कन्नौजिया, प्रियंका पचौली, प्रो. बोनो, पीएलवी सुनीता टम्टा, भागीरथी बोहरा, मुन्नी जोशी आदि सम्मिलित हुए।

# जनसुनवाई के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला प्रशासनिक कार्यप्रणाली का अनुभव



**जिलाधिकारी की अनूठी पहल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने जनपद पिथौरागढ़ में एक सराहनीय पहल की शुरुआत की है। आज सोमवार को जनपद के आठों विकासखण्डों के हाईस्कूल के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने एक अनूठी पहल करते हुए सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को कुछ समय के लिए स्वयं जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठाया तथा उन्हें प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

सम्मानित छात्रों में कमलेश कुमार (बेरीनाग), लोकेश नाथ गोस्वामी (बिण), कैलाश सिंह (धारचूला), हिमांशु भट्ट (डीडीहाट), रोहित सिंह (गंगोलीहाट), शिवांगी जोशी (कनालीछीना), कृतिका खैनाल (मुनाकोट), गीतांजलि दानू (मुनस्यारी) शामिल थे। इस अवसर पर चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी कार्यालय आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें प्रशासनिक गतिविधियों, अधिकारियों की कार्यशैली, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल सम्मान तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें प्रशास. निक व्यवस्था से जोड़ना और भविष्य में नेतृत्व व जनसेवा के लिए प्रेरित करना भी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अनुभव बच्चों के करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित जनता की समस्याएं सुनीं। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जनपद की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों की समस्याओं को हर सोमवार वर्चुअल माध्यम से जिला मुख्यालय से जोड़ा जाए, ताकि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संतोष नबियाल, उपजिलाधिकारी सदर मंजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने कच्ची शराब समेत दो तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कोतवाली पुलिस ने 73 पाउच लगभग 25 लीटर कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के जनपद स्तर पर बढ़ते नशे के रोकथाम एंव इससे जुड़े लोगों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व पुलिस उपाधीक्षक काशीपुर के नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक जसपुर के निर्देशन में उ.नि. इन्द्र सिह ढेला तथा अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा बहादुरपुर गांव को जाने वाले वाली पुलिया से पहले जसपुर से वाहन मोटरसाईकिल संख्या UK18A-4007 पाउच शराब करीब 25 (लीटर) कच्ची शराब परिवहन करते हुए मक्खन सिह पुत्र बन्ता सिंह निवासी ग्राम कलियावाला थाना जसपुर जनपद उधमसिंहनगर व रमेश सिह पुत्र महेन्द्र सिह निवासी ग्राम कलियावाला थाना जसपुर जनपद उधमसिंहनगर को गिरफ्तार कर थाना जसपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. इन्द्र सिह ढेला, ह.का. गणेश राम, का.अरुण कुमार आदि शामिल रहे।

# बजरंगी महिला स्वायत्त सहकारिता की प्रथम वार्षिक आम सभा संपन्न हुई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** विकास खंड के अंतर्गत यूएसआरएलएम व ग्रामोत्थान परियोजना के सहयोग से संचालित बजरंगी महिला स्वायत्त सहकारिता डुम्डई की प्रथम वार्षिक आम सभा निवर्तमान अध्यक्ष बबीता देवी की अध्यक्षता में प्राथमिक पाठशाला डुम्डई के प्रांगण में आयोजित की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित गुडमांगल की महिला ग्राम प्रधान रीता देवी व बगौटी की प्रधान ममता देवी तथा बजरंगी संघ की अध्यक्ष बबीता देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक आम सभा का शुभारम्भ किया गया। आम सभा में बजरंगी स्वायत्त सहकारिता की अध्यक्ष बबीता देवी द्वारा उपस्थित शेयरधारकों को संबोधित करते हुए करते हुए विगत वर्ष संघ द्वारा एनआरएलएम व ग्रामोत्थान के मार्गदर्शन में संचालित की गई गति. विधियों व संघ की व्यवसायिक प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया गया। आम सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा ग्राम संगठन वार 11 सदस्यीय संचालक मंडल का गठन करने के उपरांत नव संचालकों द्वारा आपस में विचार विमर्श कर अध्यक्ष पद पर बबीता देवी, कोषाध्यक्ष हेतु ज्योती पाटनी तथा सचिव पद पर निर्मला भंडारी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। साथ ही आम सभा द्वारा अपने बीच से तीन सदस्यीय मध्यस्थता व लेखा उप समिति का गठन किया गया। बैठक में ब्लॉक मिशन प्रबंधक लोहाघाट मुशीर अहमद ने एनआर एलएम द्वारा संचा. लित तथा सहायक प्रबंधक मूल्यांकन सचिन चंखवान ने ग्रामोत्थान के तहत आजीविका संवर्धन हेतु संचालित गतिविधियों से सदस्यों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में ग्राम टुनकांडे की प्रधान मीनाक्षी पांडे, डुम्डई के प्रधान राम सिंह ओली, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामू धौनी, ग्रामोत्थान परियोजना के सहायक प्रबंधक कृषि आजीविका सुमित कुमार, सुनील कुमार, नीरज पंत, सचिन, ब्लॉक टीम से चंद्रशेखर जोशी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के सफल संचालन व प्रबंधन में आईपीआरपी, बजरंगी डुम्डई, माँ लक्ष्मी किमतोली, विकास लोहाघाट तथा मनसा देवी भूमलाई संकुल संघो के समस्त स्टाफ द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। सभा का संचालन ब्लॉक समन्वयक विनीत पाटनी ने किया।

# वाहनों की फिटनेस को लेकर एआरटीओ ऑफिस के बाहर धरना दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के विभिन्न वाहन यूनियन के पदाधिकारियों और स्वामियों ने रामनगर आरटीओ कार्यालय के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

वाहन स्वामियों एवं चालकों ने कहा कि पूर्व में उनके वाहनों की फिटनेस रामनगर सहायक संभागीय कार्यालय में कम दरों में की जाती थी, लेकिन अब कुछ समय से यह कार्य हल्द्वानी किए जाने से वाहन स्वामियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

कहा कि अब फिटनेस के चार्ज तीन गुना बढ़ा दिए गए हैं और फिटनेस का कार्य प्राइवेट हाथों में सौंप दिया गया है। जिससे इस कार्य में लगे प्राइवेट कंपनी के लोग वाहन स्वामी के साथ मनमर्जी से शुल्क वसूल रहे हैं।

जिससे उनके आगे एक गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भांति वाहनों की फिटनेस का कार्य रामनगर में ही न्यूनतम दरों पर शुरू कराया जाए यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

इस दौरान कोर्बेट जिप्सी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश छीमवाल,जिम कॉर्बेट टैक्सी ऑपरेटर सोसाइटी के अध्यक्ष रेहान खान, ऑटो यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ कुरेशी, नजाकत अली, मोहन बिष्ट, मो. हसिन, आदिल, गोविन्द, राकेश, नफीस, इकराम, उमर मोहम्मद. नूर खान, फैसल, गिरीश,अजीम कुरेशी, इरशाद शाह, तस्लीम, पीयूष जोशी, उमेद नेगी,मुख्तार हुसैन, रिजवान, करण, अमन, अकरम खान आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# विधिक साक्षरता शिविर में छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बनबसा।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत भावदीप राउते के निर्देश पर पीएलवी अर्जुन सिंह, दीपा देवी, पूजा जोशी, हरिप्रिया जोशी और प्रकाश चंद्र ने डेविड पेंटर हाई स्कूल गुदमी में विधिक साक्षरता शिविर लगाकर अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस और शिक्षक दिवस विद्यालय की छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ मनाया।

शिविर में छात्र-छात्राओं को महान शिक्षाविद, दार्शनिक और देश के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा हर वर्ष 8 सितंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर भी प्रकाश डाला और छात्र-छात्राओं को शिक्षा का अधिकार अनुच्छेद 21अ अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उद्देश्य, अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस की थीम डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना, कैसे हम डिजिटल माध्यमों से साक्षरता के प्रचार में मदद कर सकते हैं ताकि समतापूर्ण, शांतिपूर्ण ,विकसित समाज बनाकर लोगों के बीच की खाई को पाटा जा सके और डिजिटल युग के अनुरूप साक्षरता कार्यक्रमों बढ़ावा दिया जा सके। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्यानिषेध पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994, स्थाई लोकअदालत,13 सितंबर को जनपद और टनकपुर न्यायालय में लगने वाली लोक अदालत, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे मे भी बतायासशिविर में 250 लोग मौजूद थे।

# डिवाइडर पर लाइटिंग सिस्टम एवं रिफ्लेक्टर लाइट लगाने की मांग

**■ ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी व ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने समर्थकों के साथ दिया धरना**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग नेशनल हाईवे 309 पर पीरूमदारा और टांडा के बीच बने डिवाइडर में लाइट या रिफ्लेक्टर नहीं होने के कारण यहां राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना हुआ है। रात के अंधेरे में ड्राइव. रों को पता नहीं चल पाता है कि सामने डिवाइडर है।जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में शनिवार की रात एक बड़ी घटना में एसडीएम एवं उनकी डॉक्टर पत्नी का भी इसी जगह एक्सीडेंट हो गया, जिसमें दोनों बुरी तरह घायल हो गए। यह घटना फिर से इस स्थान पर सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी पर सवाल खड़ा करती है। ग्राम पिरूमदारा क्षेत्र में बीते छह महीनों में लगभग दो दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई है,ऐसे में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा ठोस कार्रवाई की मांग उठी है।

सोमवार को ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी व ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने अपने समर्थकों के साथ ग्राम पीरूमदारा नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से डिवाइडर पर लाइटिंग सिस्टम एवं रिफ्लेक्टर लाइट लगाने की मांग की।धरने के दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने बताया कि यह मामला लंबे समय से अनदेखा होता आ रहा है। लगातार हो रहे हादसे स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बन चुके हैं।उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता यहाँ आने-जाने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है, प्रशासन तुरंत डिवाइडर पर उपयुक्त सिग्नलिंग व लाइटिंग का कार्य कराए ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने भी बताया कि उनका यह धरना सिर्फ एक चेतावनी नहीं बल्कि न्याय दिलाने की आवाज है। उन्होंने कहा कि रात के अंधेरे में बिना लाइट के डिवाइडर होने से दुर्घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं,प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।स्थानीय लोग भी इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त कर रहे हैं और प्रशासन से शीघ्र उचित कार्रवाई की अपील कर रहे हैं।ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि उन्होंने प्रशासन को दस दिन का समय दिया है।अगर दस दिन में उनकी मांगो को पूरा नहीं किया तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

वहीं मौके पर प्रशासनिक अधिकारी पहुंची।जहां उन्होंने जल्द कार्य करने का आश्वासन दिया है।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी,कनिष्ठ प्रमुख मीना रावत, क्षेत्र पंचायत संगठन अध्यक्ष मिथलेश डंगवाल,पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेंद्र चौहान, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महावीर सिंह रावत,पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल, प्रधान प्रति. निधि हरीश सनवाल,व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक पाल,भाजपा नेता राजेश पाल आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सेना दस्तावेजों में मेरा नाम- mayawati devi (मायावती देवी) गलत दर्ज है, सही नाम- Mayawati (मायावती) दर्ज किया जाए।
mayawati M/O नायक प्रकाश सिंह (आर्मी नं. 4208436H रैंक NK)

# रामलीला का ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** श्राद्ध माह के शुरू होते ही भवानीगंज की आदर्श रामलीला समिति ने इस वर्ष की भव्य रामलीला का उद्घाटन कर दिया। रामलीला का शुभारंभ ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने किया।इस वर्ष यह आयोजन अपने 52वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है,हर साल की तरह इस बार भी रामलीला का मंचन देखने के लिए हजारों लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। रामनगर की आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज के तत्वाधान में रविवार की देर रात रंगमंच पर सातवीं संध्या में विशेष आकर्षण बना सुपर्णखा का नासिका छेदन प्रसंग, इस बार इस लीला को और भी रोचक बनाने के लिए कलाकारों ने सूर्पणखा का दृश्य बुलेट मोटरसाइकिल पर अनोखी एंट्री के साथ प्रस्तुत किया।

# सुगम संगीत में दिव्यांशी, सूर्यांश, हर्ष, नेहा प्रथम

## लोकगीत जूनियर वर्ग में दिव्यांशी, हर्षिता दूसरे स्थान पर, पुरस्कार मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल की प्रतिष्ठित सांस्कृतिक व नाट्य संस्था युगमंच एवं शारदा संघ की संयुक्त पहल के रूप में तथा चंद्रेश साह शक्ति के सहयोग से आयोजित डा. सुशीला शाह मेमोरियल लोकगीत एवं सुगम संगीत प्रतियोगिताओं में दिव्यांशी गोसाई, सूर्यांश राणा, हर्ष सहदेव और नेहा आर्य ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। लोकगीत जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में दिव्यांशी गोसाई ने प्रथम, हर्षिता गोसाई ने द्वितीय तथा नित्यांश पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि ऋषभ रैकवाल तथा वैष्णवी गोसाई को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही दिशानी कार्की एवं अवरनीका जोशी की प्रस्तुति सराहनी रही। लोकगीत प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल की संगीत शिक्षिका नेहा आर्य ने प्रथम, अनुष्का कोहली ने द्वितीय तथा दिया आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, इस वर्ग में मोनिका आर्य एवं रिचा सनवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ जबकि रिद्धिमा आर्य एवं जतिन कुमार की प्रस्तुति सराहनी रही। सुगम संगीत प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सूर्यांश राणा ने प्रथम, हर्षिता गोसाई ने द्वितीय तथा दिव्यांशी गोसाई ने तृतीय स्थान प्राप्त कियाए तथा ऋषभ रैकवाल एवं सार्थक पांडे को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ साथ ही काव्या पांडे एवं वैष्णवी गोसाई की प्रस्तुति सराहनी रही। सुगम संगीत प्रतियोगिता के ही सीनियर वर्ग में हर्ष सहदेव ने प्रथम पुरस्कार, अनुष्का कोहली ने द्वितीय पुरस्कार तथा मोनिका आर्य ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया जबकि आकाश कुमार एवं रोहित कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिले तथा दिव्यांश एवं धीरज बोरा की प्रस्तुति सराहनी रही। पुरूस्कार वितरण समारोह के दौरान शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव प्रो. घनश्याम लाल शाह, उपाध्यक्ष चंद्र लाल शाह समेत रोहित शाह, युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम द्वारा विजेताओं सहित संगीत पक्ष के नवीन बेगाना, संजय कुमार, अमन महाजन, अभय बडोला, दिव्यम कटिहार को तथा सफल संचालन हेतु डा. हिमांशु पांडे को सममानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान हेतु आयोजक टीम के मनोज कुमार, कौशल शाह जगाती, डीके शर्मा, रफत आलम एवं निर्णायकों के रूप में स्मित तिवारी तथा गौरव बिष्ट को सम्मानित किया तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान विशिष्ट अतिथियों के रूप में डा. रवि जोशी, बीना साह, मदन सिंह मेहरा, सुशील पांडे, मुन्नी बानो, दीपा पांडे, भारती साह, नासिर खान, अमृत कुमार, अनिल कुमार, रोहित जोशी, वीरेंद्र साह आदि की उपस्थिति ने सभी को उत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में हेमंत साह, पूनम काड़ाकोटी, रानी साह, प्रियंका तथा जय जोशी आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान डा. रवि जोशी द्वारा जहूर आलम की गजल की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा निर्णायकों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।



## यूसीसी को लेकर व्याप्त भ्रांतियां को करें दूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** समान नागरिक संहिता के महानिबंधक डा. वी षणमुगम की अध्यक्षता में सोमवार को यूसीसी के अंतर्गत होने वाले पंजीकरणों को लेकर समीक्षा की गई। बैठक में जिलों से वर्चुअली रूप से अधिकारी जुड़े। अल्मोड़ा से अपर जिलाधिक. ारी व नोडल अधिकारी यूसीसी सीएस मर्तोलिया ने प्रतिभाग किया। इस दौरान महानिबंधक ने विवाह पंजीकरणों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि आवेदनकर्ताओं को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इसके लिए आवश्यक जन जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने सभी रजिस्ट्रार और सब रजिस्ट्रार को निर्देशित किया कि यूसीसी को लेकर व्याप्त भ्रांतियां को दूर कर पंजीकरण कार्य को सरल किया जाए। अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया ने जनपद अल्मोड़ा के संबंध में यूसीसी की प्रगति का विवरण महानिबंधक को दिया।

## एक नजर

### वाल्मीकी प्रकट दिवस की तैयारियां

**नैनीताल।** वाल्मीकि आश्रम समिति मल्लीताल द्वारा सोमवार को वाल्मीकि प्रकट दिवस को भव्य रूप से मनाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बता दें भैठक की अध्यक्षता धर्मेश प्रशाद व महासचिव मनोज बेदी द्वारा संचालन किया गया। बैठक में बताया गया कि सांसद अजय भट्ट द्वारा दी गयी धनरा. शि से आश्रम का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया गया है। बैठक में सभी पदा. धिकारियों द्वारा वाल्मीकि प्रकट दिवस को भव्य मानने हेतु विचार रखे गये जिसमें मनोज बेदी द्वारा कहा गया कि समस्त वाल्मीकि समाज इस भव्य दिवस पर बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और प्रदेश अध्यक्ष भारतीय वाल्मीकि धर्म सामाज व संरक्षक आश्रम समिति मल्लीताल नैनीताल मनोज पवार ने अध्यक्ष धर्मेश प्रशाद व मनोज बेदी महासचिव की कही बातों का समर्थन किया। बैठक में मंजीत सहदेव उपसचिव, सचिन जानोटा संघठन मंत्री, राज. ेश कुमार, अजय बेदी, यशपाल तथा सोनू भगत व्यस्थापक, मुकेश तथा अजय जोहरी मीडिया प्रभारी व विरेंद्र आदि मौजूद रहे।

### भाजपा नेता विक्रम रावत का निधन

**नैनीताल।** नैनीताल के युवा भाजपा नेता विक्रम सिंह रावत के पिता दान सिंह



रावत का सोमवार को निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर भाजपाईयों समेत उनके शुभचिंतकों ने गहरा दुख जताया है। परिजनों के मुताबिक उनकी शव यात्रा मंगलवार (आज) सुबह 10 बजे उनके मल्लीताल स्थित अजंता होटल परिसर से निकलेगी। उनका अंतिम संस्कार समीपवर्ती पाईंस स्थित शमशान घाट में किया जाएगा।

### पंत जयंती पर डीएसबी में प्रदर्शनी आज

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के डीएसबी परिसर स्थित हिमालय संग्राहलय एवं इतिहास विभाग द्वारा भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 138वीं जयंती के विशेष अवसर पर उनके जीवन एवं योगदान पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन 10 सितंबर बुधवार से 30 सितंबर मंगलवार तक किया जा रहा है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक यह प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रात: 10.30 बजे से शाम को 3.30 बजे तक आमजन तथा छात्र-छात्राओं के साथ ही शोधार्थियों एवं गुरुजनों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी में पं. गोविंद बल्लभ पंत जो उत्तर प्रदेश के प्रथम मुखयमंत्री एवं भारत के गृह मंत्री रहे के स्वतंत्रता संग्राम और जनसेवा से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज, पत्र तथा तस्वीरें एवं अन्य ऐतिहासिक सामग्री प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन समिति के संयोजक व इतिहास विभाग के प्रो संजय घिल्डियाल एवं संग्रहालय प्रभारी प्रो. सवित्री कैड़ा जंतवाल ने अपील की है कि सभी लोग प्रदर्शनी में अधिकाधिक संख्या में समिलित होकर महान नेता के जीवन एवं कार्यों को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त करें।

### अयारपाटा वार्ड में जनसमस्याओं का अंबार

**नैनीताल।** नगर के अयारपाटा वार्ड के वाशिदों को इन दिनों कई समस्याओं का सामना करना पड़ा है। मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए वार्ड के सभासद मनोज साह जगाती ने कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत को समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग पत्र लिखकर उनका त्वरित समाधान करने की गुजारिश की है। जगाती के मुताबिक अयारपाटा वार्ड में मन्नू महारानी चौराहे से लेकर नैनी रिट्रीट होटल के गेट तक/धामपुर बैंड में एचपी गैस के ट्रक के गलत तरीके से पार्क होने, मसजिद तिराहे से लेकर अरोमा होटल मार्ग तक, डलहौजी मार्ग व गर्नी हाउस से सेकलेज गैस्ट हाउस तक मार्ग में कई टैकसी वाहन समेत होटलों के वाहनों को पार्क किया जा रहा है, जिसकी वजह से आए दिन इन सभी मार्गो में जाम लग जाता है, जगाती के मुताबिक कई वाहनों के भीतर तो लोग नशे का सेवन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयारपाटा के विभिन्न स्थानों पर व मार्गो में खुले आम लोग नशे का सेवन भी कर रहे हैं, जगाती ने कहा कि विमल कुंज से बारापत्थर पैदल मार्ग, अरविन्द आश्रम मार्ग व उसके पीछे तथा डीएसबी कालेज के पास शिव मंदिर के समीप तथा मसजिद तिराहे से अरोमा होटल मार्ग में अराजक तत्व बैठकर नशे का सेवन कर रहे हैं।

### आर्थो के मरीज़ों को सावधानी बरतने की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मार्च के पहले सप्ताह में भी ठंड नैनीताल में लोगों को परेशान कर रही है। इस सप्ताह हल्की बारिश के चलते ठंड बढ़ने से ऑर्थो के मरीजों को



दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इन दिनों उपचार के साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ ऑर्थो के मरीजों को स्वास्थ्य सलाह भी दे रहे हैं। ताकि मरीज ठंड के दिनों में दर्द से बच सकें। बता दें कि मार्च का महिना यानी गर्मी का महिला शुरू हो चुका है। जहां मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू हो चुकी है वहीं नैनीताल में अब भी ठंड महसूस की जा रही है। बीते दो चार दिनों में हल्की बारिश के चलते नगर में सुबह शाम कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। जिसके चलते बीडी पांडे अस्पताल में जोड़ों, घुटनों, मांसपेशियों व कमर में दर्द की शिकायत लेकर ऑर्थो के मरीज पहुंचने लगते हैं। उम्रदराज लोगों को मांसपेशियों व जोड़ों का दर्द होने लगा है। जो उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीडी पांडे अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र रावत ने बताया कि नैनीताल में सुबह शाम ठंड के चलते शरीर में रक्त प्रवाह ठीक से नहीं हो पाता। जिससे ऑर्थो के मरीजों को जोड़ों में दर्द होने लगता है। बताया कि ठंड में यह समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए ऑर्थो के मरीजों को सुबह शाम ठंड टहलने से बचना होगा। साथ ही गुनगुनी धूप सेककर व्यायाम करना चाहिए। ताकि शरीर में रक्त प्रवाह अच्छा हो व मांसपेशियों को भी मजबूती मिले।

# ठेकेदार के टेंडर से वसूला जाएगा पैसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने चार धाम यात्रा के मोटर मार्गों का चौड़ीकरण के दौरान मार्ग में पड़ने वाले बड़कोट उत्तरकाशी के पोल ग्रामवासियों की भूमि को अधिकृत करने से अधिक काटे जाने व उन्हें मुआवजा अभी तक न दिये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को लोक निर्माण विभाग के एडिशनल सचिव वर्चुअली वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ न्यायमूर्ती मनोज तिवारी की एकलपीठ में पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया कि जिन लोगों की भूमि व आवासों को क्षति हुई है और उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। उस संबंध में उनकी वार्ता राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से चल रही है, साथ में उन्होंने कोर्ट को यह भी अवगत कराया कि जिस ठेकेदार ने नियमों के विरुद्ध कार्य किया है, उसके टेंडर से पैसा वसूल करके क्षतिग्रस्त लोगों को दिया जाएगा और आने वाले सोमवार को स्थिति से अवगत करा देंगे। मामले के अनुसार पोल ग्राम बड़कोट उत्तरक. ाशी निवासी चन्द्र माला भट्ट व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि चारधाम यात्रा को सुचारू बनाए जाने को लेकर केंद्र सरकार ने आल वैदर रोड का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसकी जद में बड़कोट उत्तरकाशी का पोल ग्राम भी आया है लेकिन रोड निर्माण कर रहे ठेकेदार ने अधिकृत भूमि से अधिक भूमि काटकर उनके आवासों को खतरा पंहुचा दिया है। ग्रामवासी रोड चौड़ीकरण से 2020 के बाद आई दरारें का मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में कई बार प्रार्थना पत्र केंद्र तथा राज्य तथा राष्ट्रीय राजमार्ग को दिया लेकिन अभी तक उनके क्षतिग्रस्त मकानों के मुआवजा उन्हें नहीं दिया गया जबकि रोड चौड़ीकरण के दौरान उनके आवास खाली कराए गए थे, तब से अब तक वे किराए पर रह रहे हैं, उन्हें या मुआवजा दिलाया जाए या उन्हें कहीं अन्य जगह विस्थापित कि या जाए।

## महोत्सव से दुकानें न हटाने पर चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के नंदा देवी महोत्सव के समापन के बाद भी दुकान न हटाकर कई लोग सामान बेचते रहे। पुलिस ने दुकाने हटवाने के साथ ही 11 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। बता दें कि नंदा देवी महोत्सव के तहत लगा व्यापारिक मेले का समापन रविवार की शाम को ही हो चुका है। रविवार की शाम को ही पुलिस व पालिका की ओर से दुकान हटाने के लिए मुनादी करी गई। जिसके बाद रात से ही दुकानें हटानी शुरू कर दी लेकिन कई लोग सोमवार को भी दुकान लगाकर सामान बेचते रहे। जब दोबारा मुनादी के बाद भी दुकाने नहीं हटी तो पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि मेला खत्म होने के बाद भी दुकान लगाए रखने पर मुरादाबाद निवासी मुस्तफा, अहमद नवी, सराहनपुर निवासी सौरभ, पंतनगर निवासी शरीफ, टांडा निवासी इरफान, भूरा तथा रामपुर निवासी शकील, मुरादाबाद मो. जुबेर तथा रामपुर निवासी ताहिर, ऊधमसिंह नगर निवासी मोबिन व रुद्रपुर फुरकान के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की है।

# पुस्तकालय के जीर्णोद्धार में घटिया सामग्री लगाने पर हाई कोर्ट सख्त

## नगर पालिका नैनीताल व राज्य सरकार से जवाब मांगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनी झील के किनारे माल रोड में स्थित ऐतिहासिक दुर्गा शाह नगरपालिका पुस्तकालय का जीर्णोद्धार करने के दौरान कार्यदायी संस्था एडीबी के द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग कर सरकारी धन का दुरुपयोग करने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ती रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने नगर पालिका नैनीताल व राज्य सरकार से चार सप्ताह में स्थिति से अवगत कराने को कहा है। इस मामले को कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई की। जनहित याचिका में कहा गया कि यह पुस्तकालय का निर्माण वर्ष 1933-34 में श्री मोहन लाल साह द्वारा 5 हजार रुपये नगर पालिका को दान में देकर लकड़ी व अन्य सामग्री से इसका निर्माण करवाया था। पुस्तकालय में दुर्लभ व कई अन्य विषयों के महत्वपूर्ण पुस्तकें रखी गयी। पहले लाउडस्पीकर से समाचार प्रसारित होते थे। वर्ष 2023-24 में इसका जीर्णोद्धार कार्यदायी संस्था एडीबी के द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से कराकर नगर पालिका को सौप दिया। मात्र डेढ़ वर्ष के भीतर ही इसमे लगाई गयी लकड़ी व शीशे उखड़ने लगे। वर्तमान में उखड़ी लकड़ी व शीशों को रस्सी से बांधकर उनको रोका गया है ताकि कोई जान माल की हानि न हो। यह सब जीर्णोद्धार करते समय लगाई गयी घटिया सामग्री के कारण हुआ। जब इस संबंध में नगर पालिका ने राज्य सरकार को पत्र भेजा तो उसपर कोई विचार नही किया गया जो कि यह एक सरकारी धन का दुरुपयोग है।

### चार सप्ताह में स्थिति से अवगत कराए सरकार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ग्राम सभा लादपुर कलां विकास खण्ड लक्सर के मुख्य मार्ग को कब्जा मुक करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायधीश न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ती आलोक महरा की खण्डपीठ ने सरकार से चार सप्ताह में स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिये हैं। मामले के अनुसार शहजाद अली निवासी लादपुर कलां विकासखण्ड लक्सर जिला हरिद्वार ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनके ग्राम के मुखय मार्ग पर कई लोगों ने कबजा करके पक्के आवासीय भवन बना दिये हैं। मार्ग अवरुद्ध होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसकी वजह से क्षेत्र में पानी भर गया है। क्षेत्रवासियों को अब तीन चार किलोमीटर अतरिक्त जाना पड़ रहा है। यही नहीं स्कूल जाने वाले बच्चे समय पर स्कूल तक नहीं जा पा रहे और ग्रामवासियों को कई अन्य तरह की कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ रहा है। जनहित याचिका में प्रार्थना की है कि मार्ग को कब्जा मुक्त कराया जाए जिससे कि आमजन को किस भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### जब्त वाहन स्वामी के सुपुर्द किया जाए

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नशीले पदार्थों की तस्करी में जब्त वाहन की सुपुर्दगी वाहन स्वामी को किये जाने को कहा है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। मामले जे अनुसार काशीपुर निवासी सपना ने प्रभारी न्यायधीश एनडीपीएस एक्ट नैनीताल के 25 मार्च 2025 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याची के अनुसार उनके वाहन टाटा टियागो में 23 दिसंबर 2024 को करीब 17 किलो गांजा बरामद होने का आरोप है। इस मामले में आरोपी उसके भाई दिग्विजय को जमानत मिल गई। लेकिन निचली अदालत ने वाहन रिलीज नहीं किया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि वाहन लंबे समय से पुलिस थाने में खड़ा है जिससे उसकी कीमत घट रही है और राज्य अथवा मालिक तथा किसी को भी लाभ नहीं मिलेगा साथ ही सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले विश्वजीत डे बनाम असम राज्य (क्रिमिनल अपील संख्या 87/2025 निर्णय दिनांक 7-1-2025) का हवाला भी दिया गया, जिसमें कहा गया था कि एनडीपीएस एक्ट में जबत वाहन की अंतरिम सुपुर्दगी पर रोक नहीं है और अदालतें दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 451 व 457 के तहत वाहन रिहा कर सकती हैं। इस दलील पर हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को रद्द करते हुए वाहन को याचिकाकर्ता के सुपुर्द करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वाहन रिहाई व्यक्तिगत बंधपत्र 100000 रुपया तथा समान राशि के एक स्थानीय जमानती पर होगी।

### याचिकाकर्ता की गिरफ्तार पर रोक

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने संबन्धी एक याचिका पर सुनवाई के करते हुए हुए याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी पर रोक लगाई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता संदीप सिंह निवासी ग्रेटर नोयडा ने 22 जून 2025 को थाना रायपुर देहरादून में उसके खिलाफ आईटी एकट व अन्य में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने व गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 25 सितंबर वीरवार तय करते हुए कहा कि इस बीच जांच की कार्यवाही जारी रहेगी लेकिन याचिकाकर्ता को न तो गिरफ्तार किया जाएगा और न ही उसके विरुद्ध किसी प्रकार की जबरदस्ती की जाएगी। साथ ही अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता जांच अधिकारी के साथ पूरा सहयोग करेगा और आवश्यक दस्तावेज मुहैया कराने तथा बयान दर्ज कराने हेतु बुलाए जाने पर उपस्थित रहेगा।

# किताबी के ज्ञान के साथ सांस्कृति गतिविधियां भी ज़रूरी

## सेंट मेरीज़ कॉलेज का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सेंट मेरीज कॉन्वेंट कॉलेज का स्थापना दिवस सोमवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर जिला अधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने छात्राओं को संबो. धित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल किताबों का ज्ञान ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी भी उतनी ही आवश्यक है। अपनी संस्ख्रति को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को एक नया मंच मुहैया होता है और उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजूषा ने मुख्य अतिथि तथा निर्णायकों व सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस उत्सव का उद्देश्य सबको साथ लेकर चलना और एक दूसरे से प्रेरणा लेना है। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नाटक तथा नृत्य नाटिका, समूह गीत तथा काव्य पाठ सहित अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का विषय शांति और सद्भाव रहा। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला व प्रतिभा से भी का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं में सेंट मेरी कान्वेंट नैनीताल ने पहला जबकि शेरवुड कालेज नैनीताल ने दूसरा स्थान हासिल किया। ग्रुप सौन्ग में शेरवुड कॉलेज प्रामि, स्किट में ऑलसेंट्स कॉलेज एवं शेरवुड कॉलेज प्रामि, डांस ड्रामा में सेंट मेरीज़ कॉलेज प्रथम, क्विंट हर्डल में सेंट जोस्फ़े कॉलेज प्रथम, क्विज में सैंटमेरीज़ कॉलेज प्रामि, पोयट्री में सेंट जोसेफ प्रामि, आर्ट में सैंट मेरीज़ प्रथम रहे। निर्णायक मंडल में डा. हरिप्रिया पाठक, डा. रितेश साह, डा. गगनदीप होती, डा. अशोक कुमार, डा. रीना सिंह, दीपक बलानी, मंजू पाल, नीरज सिंह, राकेश साह तथा सुप्रिता साह रहे। इस अवसर पर सिस्टर शीबा, सीमा, ग्रेस समेत शेरवुड के प्रधानाचार्य अमनदीप संधू, अंजना रिचर्ड्स, ब्रदर्स सैविस्टन, बीमा रावल, शैलजा जोशी, नमिता, डोनिया, दीप्ती, शालिनी, अर्जुन बो. हरा, संदीप सिंह, रवि कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।





### धान की फसल को हाथियों ने किया बर्बाद

कालाढूंगी। रविवार की रात्री को रतनपुर बेलपड़ाव में किसानों की धान की फसल को हाथियों ने अपने पैरों से रौंदकर नष्ट कर दिया। इस दौरान समाजसेवी सुरजीत सिंह ने व किसानों ने वन विभाग से सुरक्षा दीवार व सरकार से मुआवजे की मांग की मांग करने वालों में सुखदेव सिंह बलदेव सिंह ग्राम विशनपुर लगभग तीन एकड़ धान की फसल हाथियों ने बर्बाद कर दी। ग्राम प्रधान सुमन काम्बोज व सामाजिक कार्यकर्ता सुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# राजकीय पेंशनर्स की बैठक

**नैनीताल।** सेवानिवृत राजकीय पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन की बैठक रविवार को एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन एसोसिएशन के महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने किया। बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तार से गहन मंथन किया गया। इससे पूर्व एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य गिरीश चंद्र उप्रेती के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में ललित पांडे ने कहा कि एसोसिएशन द्वारा पिछले माह में जो पौधारोपण किया गया है उसकी देखरेख करनी आवश्यक है। कहा कि बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में एक अतिरिक्त परीक्षण लैब की भी जरूरत है। इसके अलावा 12 नवंबर बुधवार को एसोसिएशन की अधिवेशन की तिथि घोषित की गई है। बैठक में सभी लोगों ने अधिवेशन की तिथि के लिए सहमति बनाई है। इसके लिए नैनीताल बैंक, होटल एसोसिएशन तथा कूर्मांचल बैंक व व्यापार मंडल आदि से सहयोग मांगा जाएगा। बैठक में प्रकाश लाल ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही मेरे बुजुर्ग-मेरे तीर्थ नाम से कार्यक्रम चलाया जा रहा था जो अब बंद हो गया है। इसे पुन: चालू करवाया जाए। बैठक में उमेश चंद जोशी, गोविंद सिंह, देव कुंवर, एलएम पांडे, दीपक शाह, रेखा त्रिवेदी, त्रिलोक सिंह रौतेला, सुनील लाल साह, लक्ष्मण सिंह रावत, निर्मल कुमार पांडे, गिरीश चंद्र जोशी, शेर सिंह मेर, जगदीश सिंह बिष्ट, जेएस कठायत, डीसी जोशी, ललित मोहन पांडे, केदार सिंह राठौर आदि रहे।

## सड़क किनारे उगी झाड़ियों की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** सोमवार को नया पांडे गांव के पूर्व प्रधान समाजिक कार्यकर्ता ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी के पति उमेश तिवारी ने कालाढूंगी कोटाबाग मार्ग गरुनी नाले के आस पास झाड़ियां सड़क पर आ रही थी जिससे सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी। जिसको देखते हुए उमेश तिवारी ने झाड़ियों को साफ करने का बीड़ा उठाया और अपने साथियों के साथ गरुनी नाले पर पहुंच गए और सड़क के किनारे उगी झाड़ियों को साफ किया। उनके इस कार्य को देखते हुए कोटाबाग के लोगों ने उनकी सराहना की। अभार जताया। उमेश तिवारी ने कहा कोटाबाग क्षेत्र की हर छोटी बड़ी समस्या का समाधान करना उनका लक्ष्य है। इस दौरान अन्य स्थानों पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों को भी काटकर साफ किया गया।

# सरस्वती विहार का नाम रौशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानसठ रोड मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में 1 से 3 सितंबर तक आयोजित विद्या भारती क्षेत्रीय राइफल शूटिंग एवं शतरंज प्रतियोगिता में दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कालेज प्रबंधन के मुताबिक इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने राइफल शूटिंग में प्रतिभाग किया जिनमें से 3 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त किए साथ ही नवांश अग्रवाल, पारस बिष्ट एवं विकसित चौधरी का चयन अखिल भारतीय प्रतियोगिता साहिबाबाद के लिए हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यालय की अंडर-14 तथा अंडर-17 एवं अंडर-19 टीमों ने भी उमदा प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विद्यालय की शतरंज टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं शूटिंग कोच निपेन्द्र कुमार चौहान के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने उनके निर्देशन में कठोर अभयास कर यह उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से यह कामयाबी प्राप्त की है। यह सफलता केवल विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि हमारे चयनित खिलाड़ी अखिल भारतीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और विद्या भारती का नाम ऊँचा करेंगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं तथा अभिभावकों और प्रशिक्षकों का हृदय से आभार प्रकट किया।



# नैंसी कॉन्वेंट में क्षमता निर्माण कार्यशाला

## किशोरावस्था के विभिन्न पहलुओं पर डाली रौशनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीबीएसई सेंटर ऑफ एकसीलेंस देहरादून के तत्वावधान में नैनीताल जिले के नैन्सी कॉन्वेंट विद्यालय ज्योलीकोट में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। बता दें कार्यशाला का मुख्य विषय किशोरावस्था शिक्षा रहा जिसके अंतर्गत किशोरावस्था के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श एवं मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में नैनीताल जनपद के विभिन्न विद्यालयों के अनेक शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। संसाधन व्यक्ति के रूप में सिंधिया स्कूल के शैक्षणिक समन्वयक भगवान वल्लभ जोशी तथा लिटिल स्कॉलर्स की प्राचार्या शिखा गौतम उपस्थित रहीं। दोनों विशेषज्ञों ने किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक, मानसिक एवं सामा. जिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए बताया कि यह जीवन का अत्यंत संवेदनशील एवं निर्माणकारी दौर होता है। उन्होंने शिक्षकों को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि इस अवस्था में विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच तथा नैतिक मूल्यों एवं उचित परामर्श की आवश्यकता होती है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों समूह चर्चा एवं विजुअल प्रेजेंटेशन के माध्यम से विषय को और अधिक प्रभावी बनाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी स्पष्ट किया कि किशोर विद्यार्थियों की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में प्रवाहित करना ही शिक्षकों का दायित्व है जिससे वे समाज के जिमेदार नागरिक बन सकें। विद्यालय के निदेशक डा. संजय कुमार सिंह एवं प्राचार्या श्रीमती हिना मुजद्दी ने कार्यशाला में सहभागिता कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और इसे शैक्षिक उन्नयन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों ने साझा अनुभव व्यक्त करते हुए कहा कि यह दो दिवसीय आयोजन उनके लिए ज्ञानवर्धकए प्रेरणादायी और व्यवहारिक रूप से अत्यंत उपयोगी रहा। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेकटर इंजीनियर आईपी सिंह तथा चेयरपर्सन मंजू सिंह ने भी सभी को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि ऐसी कार्यशालाएं भविष्य में भी निरंतर आयोजित होती रहेंगी।



# खाद्य सुरक्षा विभाग का निरीक्षण, प्रतिष्ठानों को नोटिस

**जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई कार्रवाई स्वच्छता व मानकों के पालन पर जोर खाद्य कारोबारियों को आरयूसीओ कार्यक्रम की दी जानकारी, इस्तेमाल किए तेल से बनेगा बायोडीजल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सोमवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने नगर में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जांच की।



अधिकारियों ने सभी कारोबारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस की प्रति मुख्य और आसानी से दिखाई देने वाले स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें।

निरीक्षण के दौरान मानकों की अनदेखी करने वाले तीन खाद्य कारोबारियों को नोटिस जारी किए गए। विभाग की ओर से चेतावनी दी गई कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। टीम ने प्रतिष्ठानों को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के सख्ती से पालन करने के भी निर्देश दिए।

इसी क्रम में टीम ने एफएसएसएआई के नवाचार कार्यक्रम आरयूसीओ (रीपर्पस यूस्ड् कुकिंग ऑयल) के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि उपयोग के बाद बचा हुआ खाद्य तेल सरकार की अनुबंधित एजेंसियां खरीदती हैं और उसका प्रयोग बायोडीजल बनाने में किया जाता है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि कारोबारियों के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि इससे प्रयुक्त तेल बेकार जाने के बजाय उपयोगी रूप में बदल जाता है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मैदा और लाल मिर्च पाउडर के दो नमूनों को संदेह के आधार पर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। अभियान के दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शारदा शर्मा और सहायक श्रीचंद कुमाई मौजूद रहे।

# देवप्रयाग को जिला बनाने को लेकर हस्ताक्षर अभियान शुरू

**मलेथा में ग्रामीणों ने रेलवे प्राधिकरण का किया विरोध मलेथा को फ्रीज जोन से ना हटाया गया तो एसडीएम कार्यालय घेराव की चेतावनी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा ने देवप्रयाग को जिला बनाने को लेकर मलेथा गांव से हस्ताक्षर अभियान की शुरुवात की है। मलेथा में आयोजित देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा की बैठक में पहुंचे मोर्चा के संस्थापक गणेश भट्ट ने ग्रामीणों से देवप्रयाग को जिला बनाने को लेकर समर्थन मांगा। साथ ही रेलवे प्राधिकरण द्वारा परियोजना की सीमा से 400 मीटर के क्षेत्र को फ्रीज करने एवं समस्त निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आदेश का विरोध किया। बैठक में गणेश भट्ट ने कहा कि देवप्रयाग देवभूमि का पहला प्रयाग है, जहाँ भागीरथी और अलकनंदा मिलकर गंगा नदी का नामकरण होता है। कहा कि टिहरी जिला मुख्यालय दूर होने के कारण देवप्रयाग विधानसभा के आम लोगों को पेंशन योजनाओं के लिए, ड्राइविंग लाइसेंस और परिवहन से सम्बन्धी कार्य, विकलांग प्रमाणपत्र, भुलेख और बंदोबस्त के कार्यों सहित जिला स्तरीय अधिकारीयों से संपर्क करने में बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं बैठक में वक्ताओं ने देवप्रयाग जन अधिकार मोर्चा की इस पहल का स्वागत किया। साथ ही मलेथा बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने रेलवे प्राधिकरण द्वारा 400 मीटर के दायरे को फ्रीज कर भवन, दूकान आदि निर्माण कार्यों पर रोक लगाने और पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा मलेथा रेलवे सुरंग में लगातार विस्फोट होने के बाद मलेथा वासियों के मकानों में आई दरारों एवं भवनों की क्षति मुआवजा राशि को वर्तमान स्थिति के आधार पर बढाने की मांग की। बैठक में तय किया गया कि भेजे गए नोटिस यदि वापस ना हुए और मलेथा को फ्रीज जोन से ना हटाया गया तो ग्रामीण रेलवे प्राधिकरण की मनमानी के विरुद्ध बुधवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। बैठक में ग्राम प्रधान रश्मि रावत, सतेंद्र भट्ट, देव सिंह नेगी, विजय रावत, रविन्द्र बिष्ट, अचल नेगी, बीना नेगी, संजय कुमार, जयवीर राणा, बलवीर राणा, कल्पना बलूनी, यशोदा देवी, आदित्य नेगी सहित आदि मौजूद थे।

# दुर्घटनाग्रस्त वाहन की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय राजमार्ग रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड के सोनप्रयाग एवं मुनकटिया के मध्य बीते एक सितंबर को दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन की मजिस्ट्रियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट ऊखीमठ द्वारा की जा रही है। उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन से संबंधित जानकारी रखने वाले किसी भी कार्य दिवस में उप जिला मजिस्ट्रेट ऊखीमठ के कार्यालय में जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। उप जिला मजिस्ट्रेट ऊखीमठ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि उक्त दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच उनके स्तर से की जा रही है।

# जनता दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न, आपदा प्रभावित समस्याओं पर सुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार, 08 सितंबर को जिला सभागार नई टिहरी में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग पहुंचे और अपनी समस्याएं रखीं। अधिकांश शिकायतें हालिया आपदा से जुड़ी थीं, जिनमें मार्ग क्षति, पेयजल लाइनों को नुकसान, घरों और खेतों में मलबा घुसने जैसी समस्याएं शामिल रहीं।



सीडीओ ने जनसुनवाई के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। साथ ही सीएम हेल्पलाइन और पूर्व में प्राप्त लंबित शिकायतों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि जनता को राहत मिल सके।

ग्राम सभा बटखेम (विकासखंड चंबा) के निवासी सत्येश्वर प्रसाद ने शिकायत की कि भारी बारिश से उनके घर का आंगन क्षतिग्रस्त हो गया है और मकान पर दरारें आ गई हैं। इस पर सीडीओ ने एसडीएम को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह, नई टिहरी मोलधार निवासी देवदास ने अपने घर के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग रखी, जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को तत्काल निरीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम सभा लामकोट (विकासखंड चंबा) के कुशला दास ने बताया कि भारी बारिश के दौरान मोटर मार्ग से उनके मकान पर मलबा गिरने से घर खतरे की जद में है। लोनिवि चंबा की ओर से बताया गया कि स्टीमेट तैयार कर लिया गया है। सीडीओ ने निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर यह प्रस्ताव आपदा प्रबंधन को भेजा जाए।

इसी तरह, कोट मनियार (विकासखंड चंबा) के ग्रामीणों ने शिकायत की कि चंबा-आराकोट मार्ग के बीच कुछ असामाजिक तत्व जल स्रोत के ऊपर कूड़ा डाल रहे हैं, जिससे पेयजल दूषित हो रहा है। इस पर ईओ नगर पालिका चंबा को चालानी कार्रवाई करने और खंड विकास अधिकारी को आराकोट क्षेत्र में कूड़ा उठवाने के निर्देश दिए गए।

सबल सिंह, मंजकोट सकलाना जौनपुर निवासी ने शिकायत की कि किसी व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर कब्जा कर उनके खेत के रास्ते बंद कर दिए हैं। इस पर एसडीएम धनोल्टी को आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए।

जनता दर्शन कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, एसडीएम टिहरी संदीप, अधिशासी अभियंता जन निगम, सिंचाई, पुनर्वास एवं अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### असामाजिक तत्वों से निजात दिलाने को दिया शिकायत पत्र

**कोटद्वार।** न्याय पंचायत उर्तिच्छा के समस्त जनप्रतिनिधिगण द्वारा तहसील कोटद्वार में पहुंचकर तहसीलदार को क्षेत्र में बढ़ते असामाजिक तत्वों से निजात दिलाने को लेकर शिकायत पत्र प्रेषित किया। शिकायत पत्र में कहा गया कि कोटद्वार से रामणी, पुलिण्डा, भरत नगर मोटर मार्ग पर आये दिन असामाजिक तत्व आते-जाते रहते हैं तथा ये असामाजिक तत्व आम जनता व बहु-बेटियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं, महिलाओं को अश्लील शब्दों से सम्बोधित करते हैं तथा अराजकता फैलाते हैं और आम सार्वजनिक स्थानों पर शराब आदि नशे का सेवन करते हैं और नशे की हालत में क्षेत्रवासियों को आतंकित करते हैं तथा कारण पूछने पर मारने-पीटने पर आमादा होते हैं। आम जनता इन असामाजिक तत्वों से आतंकित है और आम जनता का आना-जाना, चलना-फिरना दूभर हो गया है। इस सम्बन्ध में पहले भी कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शासन-प्रशासन को सूचित कर चुके हैं लेकिन इस सम्बन्ध में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने मांग की है कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ ठोस कार्यवाही की जाए । इस मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख सुनील सिंह नेगी, प्रधान रेखा देवी, कल्पना देवी, सरदार सिंह, हर्ष वर्धन सिंह, रीना देवी, मंजू देवी, दीपक सिंह, बबली देवी, सावित्री देवी आदि लोग मौजूद रहे ।

### साक्षरता दिवस हमें शिक्षा और ज्ञान की महता का संदेश देता: अलका

**श्रीनगर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी गढ़वाल के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर गुरुकुल स्कूल भक्तियाना में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करती हुई सिविल जज जूनियर डिवीजन अलका ने शैक्षणिक संस्थानों में एक बच्चा एक किताब अभियान के तहत बच्चों द्वारा पुस्तक वितरित कराई गई। साथ ही न्याय एवं शिक्षा को मौलिक अधिकारों के रूप में महत्व दिए जाने तथा शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दी गई। इस अवसर पर सिविल जज अलका ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस हमें शिक्षा और ज्ञान की महता का संदेश देता है। कहा कि इस वर्ष की थीम एक बच्चा एक पुस्तक विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसका संदेश यह है कि हर बच्चे के पास कम से कम एक पुस्तक अवश्य होनी चाहिए। पुस्तक केवल ज्ञान का साधन नहीं बल्कि अच्छे संस्कार सोचने की शक्ति और सपनों को साकार करने का मार्ग भी दिखती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शालिनी चंदोला पीएलवी सदस्य पूनम हटवाल, रोशनी देवी, प्रियंका रॉय, मानव बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

### एबीवीपी के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. सुरेंद्र मीणा को

**विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन**

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीनगर की सत्र 2025-26 की नगर एवं विश्वविद्यालय इकाई का गठन किया गया। विद्यार्थी परिषद पौड़ी के जिला प्रमुख एवं निर्वाचन अधिकारी डॉ. राकेश नेगी ने नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। डॉ. सुरेंद्र मीणा को नगर अध्यक्ष व आयुष को नगर मंत्री बनाया गया। वहीं गढ़वाल विश्वविद्यालय इकाई के लिए विशाल सैनी को इकाई अध्यक्ष व अजय कुमार देवा को इकाई मंत्री नियुक्त किय गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र मीणा व नगर मंत्री आयुष ने कहा कि विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई के कार्यकर्ता छात्र हितों व समाज के हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे। विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विशाल सैनी व मंत्री अजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश, परीक्षा और परिणाम की बेहतरी के सदैव प्रयासरत है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री पौड़ी अभिषेक बर्त्वाल, केंद्रीय विश्वविद्यालय कार्य संयोजक अमन पंत, जिला संयोजक सारांश बर्तवाल, गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष जसवंत राणा, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि आशीष पंत, प्रांत शोध संयोजक पंकज टम्टा, प्रांत एसएफडी सह संयोजक श्रेय ममगाई, महिपाल बिष्ट, हिमांशु भंडारी, भुवन चमोली, राहुल गौड़, रोहित कोहली सहित आदि मौजूद थे।

# श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू मार्ग भूधसाव से धंसा

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू मोटरमार्ग पर खोला से दो किलोमीटर आगे जाते हुए भूधसाव होना शुरू हो गया है। बीते दिनों से लगातार हो रही बरसात के कारण मोटरमार्ग पर भूकटाव होना शुरू हो गया है। जिससे मोटरमार्ग का 50 मीटर पैच पूरी तरह से धंस चुका है। यदि समय रहते हुए मोटरमार्ग का ट्रीटमेंट शुरू नहीं करवाया गया तो आने वाला समय भयानक हो सकता है। बताते चले कि बीते दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू मोटरमार्ग जगह-जगह भूस्खलन देखने को मिला रहा है। यहां भूस्खलन के कारण धीरे-धीरे पहाड़ी नीचे आ



रही है, जो कि श्रीनगर में कभी भी कहर बनकर बरस सकती है। श्रीनगर से बुघाणी जाते हुए कम से कम आधा दर्जन से अधिक भूस्खलन जोन बने है। साथ ही बसात से फूटे नोले भी भूकटाव की बड़ी वजह बन रहें है। सड़क किनारे व्यवस्थित तरह से नाली निर्माण न होने के कारण बरसात और झरनों का पानी सड़क पर बह रहा है। जिससे भूकटाव के अधिकाश चांस बन रहें है। यदि समय रहते हुए सम्बंधित विभाग ने इसका उपाय नहीं ढुंढा तो यह कभी भी भयानक मंजर दे सकता है। गढ़वाल विवि के वरिष्ठ भूगर्भ वैज्ञानिक प्रो. महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि पहाड़ों में लगातार बरसाती नालों, पहाड़ी ढलानों में बसावट और अनियोजित विकास होने एवं निकासी का प्रबंध सही ढंग से न होने के कारण लगातार भूस्खलन और भूधसाव की स्थिति देखने को मिल रही है। कहा कि आपदा आती नहीं है, लाई जाती है, अगर समय रहते हुए नालों पर से अतिक्रमण को नहीं हटाया गया और निकासियों का प्रबंध सही ढंग से नहीं किया गया तो आने वाला समय श्रीनगर में बड़ी आपदा लेकर आ सकती है। उन्होने आमजनमानस से भी सचेत रहते हुए निर्माण कार्य करने की सलाह दी। साथ ही शासन-प्रशासन से भी इस ओर से ध्यान देने की अपील की।

> ‘‘ श्रीनगर-बुघाणी-खिर्सू मोटरमार्ग पर हुए भूधसाव का लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया है। 50 मीटर पैच में भूधसाव होकर सड़क नीचे धंस चुकी है। मोटरमार्ग को लेकर इंस्टीमेंट तैयार किया जा रहा है। मोटरमार्ग पर भूकटाव की स्थिति न बने इसको लेकर विभाग समय-समय पर सड़क किनारे नालियां बनाई जा रही है।‘‘ किषोर कुमार, अधिषासी अभियंता, लोनिवि श्रीनगर गढ़वाल।

# यौन अपराधों से सुरक्षा को लेकर कानूनों की जानकारी होना जरूरी: रंजना

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत चल रहे दस दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों, शैक्षिक अवसरों तथा सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना था।

कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक रंजना गैरोला ने बालिकाओं को प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेन्सेस एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से सुरक्षा के लिए यह कानून कितना जरूरी है। वहीं, मिशन शक्ति के सहायक लेखाकार प्रियांशु सिंह ने बालिकाओं को नंदा गौरा योजना और इग्नू के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क शिक्षा की जानकारी दी, जिससे छात्राएं आगे की पढ़ाई में आत्मनिर्भर बन सकें। बाल कल्याण इकाई की केस वर्कर पूजा ने बच्चों को वात्सल्य योजना के लाभों और पात्रता के बारे में बताया, जो अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के लिए एक सहारा बन सकती है। साथ ही सुरेन्द्र सिंह ने बाल विवाह की रोकथाम और विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

# जिला पंचायत की भूमि पर बिना अनुमति भवन निर्माण निविदा का मामला उजागर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के तपोवन क्षेत्र में जिला पंचायत की भूमि पर बिना अनुमति भवन निर्माण की निविदा जारी होने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण के सामने आने के बाद जिला पंचायत प्रशासन हरकत में आ गया है और नगर पंचायत तपोवन को सख्त चेतावनी देते हुए निविदा को तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, भगवती पाटनी ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि यदि निविदा निरस्त नहीं की गई तो जिला पंचायत कानूनी कार्यवाही अमल में लाएगा।

मामला वर्ष 1976 से जुड़ा है, जब तपोवन (तत्कालीन ग्राम पंचायत) के पुलिस चौकी क्षेत्र के पास की 11 नाली 15 मुट्ठी भूमि राजस्व अभिलेखों में खाता संख्या 88 पर जिला पंचायत टिहरी के नाम दर्ज की गई थी। समय के साथ यह क्षेत्र नगर पंचायत में बदल गया। हाल ही में नगर पंचायत की ओर से इस भूमि पर भवन निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी।

अपर मुख्य अधिकारी का कहना है कि नगर पंचायत ने न तो जिला पंचायत से कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिया

# आपदा प्रभावितों के लिए स्कूल ने भेजी राहत सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तरकाशी के धराली आपदा प्रभावितों के लिए सोमवार को नई टिहरी स्थित ऑल सेंट्स कान्वेंट स्कूल से राहत सामग्री रवाना की गई। इस सामग्री को विद्यालय के प्रबंधक फादर टी. जोश ने हरी झंडी दिखाकर भेजा। उन्होंने कहा कि यह योगदान भले ही छोटा हो, लेकिन प्रभावित परिवारों के लिए राहत का कार्य करेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि आपदा की घड़ी में हर व्यक्ति को मदद के लिए आगे आना चाहिए।



विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर दीपांतो ने बताया कि स्कूल में छात्रों में समाज सेवा की भावना विकसित करने के लिए एक विशेष क्लब बनाया गया है, जिसमें सीनियर कक्षाओं के छात्र शामिल हैं। यह छात्र समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आते हैं और सहयोग की भावना से कार्य करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों, बच्चों और प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी आपदा प्रभावितों के प्रति सहानुभूति जताते हुए राहत सामग्री एकत्र करने में सक्रिय योगदान दिया।

# भारत सरकार की अंतरमंत्रालयीय टीम ने हवाई सर्वे कर किया विस्तृत सर्वेक्षण

शाह टाइम्स संवाददात

**चमोली।** आपदा से हुई क्षति का आकलन करने के उद्देश्य से भारत सरकार की अंतरमंत्रालयीय टीम सोमवार थराली क्षेत्र के दौरे पर पहुँची। अंतर मंत्रालय केंद्रीय टीम का नेतृत्व निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने किया साथ ही टीम में विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे, जिसमें सदस्य अनु सचिव शेर बहादुर, अधीक्षण अभियंता सुधीर कुमार शामिल रहें, जिन्होंने हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण कर आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का बारीकी से अध्ययन किया। टीम ने सबसे पहले थराली के चेपड़ो, कोटडीप, राड़ीबगड़, देवाल के मोपाटा और नंदानगर प्रभावित क्षेत्र का हवाई



सर्वेक्षण किया और साथ ही सड़क मार्ग से भी क्षतिग्रस्त इलाकों का निरीक्षण किया।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कुलसारी रिलीफ सेंटर में आयोजित बैठक में पीपीटी के माध्यम से आपदा से हुयी विभागवार परिसंपत्तियों की क्षति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चेपड़ो बाजार एवं अन्य आपदा ग्रस्त क्षेत्र में स्थानीय लोगों के आवासों के पीछे हो रहें भूस्खलन के बारे में टीम को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा एवं भूस्खलन से सड़कों, पुलों, भवनों, पेयजल योजनाओं, विद्युत तंत्र तथा कृषि को भारी क्षति पहुँची है। जिलाधिकारी ने बताया कि आपदा से लगभग 11 सौ 50 करोड़ की विभागीय परिसंपत्तियों की क्षति का आकलन किया गया है। साथ ही जिलाधिकारी ने विकासखंड ज्योतिर्मठ के पल्ला गाँव में हो रहे भू-धसाव तथा नंदानगर क्षेत्र में लगातार सक्रिय हो रहे भू-धसाव से भी टीम को अवगत कराया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीम ने स्थानीय निवासियों बात भी की उन्होंने पाया कि वर्षा एवं भूस्खलन से ग्रामीणों की आवागमन सुविधा गंभीर रूप से प्रभावित हुई है तथा कई गाँवों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है। अनेक स्थानों पर मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और कुछ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करना पड़ा है। टीम ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ तथा अन्य एजेंसियों द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना की। साथ ही, उन्होंने विभागीय अधिकारियों से पुनर्वास कार्यों, प्रभावित परिवारों को दी जा रही सहायता, राशन व चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, अस्थायी आश्रयों की व्यवस्था तथा सड़क मार्गों को शीघ्र खोलने के प्रयासों की जानकारी ली।

इस दौरान थराली विधायक श्री भूपाल राम टम्टा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री दौलत सिंह बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता रावत, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पवार, अपर जिला अधिकारी विवेक प्रकाश, एसडीएम सोहन सिंह रांगण, एसडीएम पंकज भट्ट सहित सभी विभागीय अधिक और स्थानीय निवासी उपस्थित रहें।

# गढ़वाल विवि में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने किया कार्यबहिष्कार

**छात्र नेता पर कार्यवाही न होने पर रोष, तीन दिन का दिया अल्टीमेटम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि में एलडीसी कर्मचारी पर छात्र नेता द्वारा कि गई हाथापाई मामले पर विवि प्रशासन के ओर से कोई कार्यवाही न किए जाने पर सोमवार को शिक्षणेत्तर कर्मचारी कार्यबहिष्कार पर रहें। कर्मचारियों के कार्यबहिष्कार पर जाने से प्रशासनिक भवन कार्यालय में पहुंचे छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। गढ़वाल विवि में डिग्री, माइग्रेशन, चरित्र प्रमाण पत्र, परीक्षा परिणाम, आरटीआई समेत अन्य कार्य प्रभावित रहें। गौरतबल हो कि कुछ दिन पूर्व गढ़वाल विश्वविद्यालय के एलडीसी कर्मचारी व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष के बीच दस्तावेज न दिए जाने को लेकर विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष द्वारा कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। दोषी छात्र पर कार्यवाही की मांग को लेकर कर्मचारी लामबध हैं। कर्मचारियों ने पूर्व में छात्र के खिलाफ ठोस कार्यवाही की मांग को लेकर कुलसचिव से वार्ता भी की थी, साथ ही सोमवार से कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी। सोमवार को विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के आह्वान पर सभी कर्मचारी प्रशासनिक भवन में एकत्र हुए। कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष देवेंद्र फर्स्वाण ने कहा कि विवि में कार्यरत कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कभी शिक्षक कर्मचारियों के साथ अभद्रता कर रहे हैं तो कभी छात्र। कहा कि विवि प्रशासन को कार्यवाही के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। मंगलवार से कर्मचारी कार्य पर रहेंगे लेकिन अगर तीन दिन के भीतर ठोस सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुए तो पुनः कर्मचारी कार्यबहिष्कार पर चले जाएंगे।

## प्रदेश के पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मुख्यमंत्री के निर्देश

# आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, जनसुविधाओं पर दें विशेष ध्यानः धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बरसात के बाद पुनर्निर्माण कार्यों, चारधाम यात्रा को सुचारु करने पर जोर ■ सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता अभियान की विस्तृत तैयारी करने के निर्देश
■ अस्पतालों की व्यवस्थाओं, जन सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश

**देहरादून।** राज्य में अब बारिश के बाद हालात सुधारने को लेकर सरकार ने तैयारी शुरु कर दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में शासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तथा वर्चुअल माध्यम से जुड़े सभी जिलाधिकारियों को आपदा प्रबंधन, कानून व्यवस्था, पुनर्निर्माण कार्यों, पर्यटन एवं जनसु. विधाओं से संबंधित व्यापक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता को त्वरित राहत, सुरक्षा एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरसात समाप्त होते ही मरम्मत और पुनर्निर्माण के कार्यों हेतु प्रशासनिक मशीनरी एक्टिव मोड में कार्यरत रहे। वर्षा काल तक राहत सामग्री एवं ड्राई राशन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आपदा प्रभावितों के ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। फसलों, पेयजल लाइन एवं सरकारी संपत्तियों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाए। नदी-नालों के पास निर्माण की अनुमति पर प्रतिबंध सख्ती से लागू किया जाए। प्रतिबंधों का अनुपालन न करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा प्रभावितों को मानकानुसार त्वरित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी समय-समय पर अस्पतालों का निरीक्षण करें और विभिन्न व्यवस्थाओं का आकलन करें। डेंगू, मलेरिया और अन्य जल जनित रोगों से बचाव के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में स्वास्थ्य विभाग की शीघ्र बैठक करें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अनधिकृत आधार कार्ड, वोटर आईडी और कनेक्शन जारी करने वालों पर नियमित कार्रवाई की जाए। बाहरी व्यक्तियों व संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाए।सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग और सख्ती बढ़ाई जाए तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए। गौवंश के संरक्षण के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए।

बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, अपर पुलिस महानिद. ेशक ए.पी. अंशुमान, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने हिमालय दिवस पर दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमालय के संरक्षण के लिये सामुहिक प्रयासों की जरूरत बताते हुए कहा कि हिमालय हमारी पहचान, संस्कृति और जीवन रेखा है। हिमालय न केवल भारत बल्कि विश्व की बहुत बड़ी आबादी को प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से हिमालय को सुरक्षित रखना हम सबका दायित्व है। हिमालय दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी क्षेत्रों में सामाजिक विकास की आवश्यकता के दृष्टिगत हमें इकॉलोजी एवं इकोनॉमी में समन्वय के साथ कार्य करना होगा। भावी पीढ़ियों के लिये हिमालय की सुंद. रता तथा जैव विविधता को संरक्षित रखना हम सबका दायित्व है। हिमालय हमारे जीवन से जुडा विषय होने के नाते इसके संरक्षण का दायित्व भी हम सभी का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखण्डवासियों के स्वभाव में है, हरेला जैसे पर्व, प्रकृति से जुड़ने की हमारे पूर्वजों की दूरगामी सोच का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण में हो रहे बदलावों, ग्लोबल वार्मिंग के साथ ही जल, जंगल, जमीन से जुड़े विषयों पर समेकित चिंतन की जरूरत बताते हुए कहा कि सामाजिक चेतना तथा सामूहिक प्रयासों से ही हम इस समस्या के समाधान में सहयोगी बन सकते हैं।

## महिला आयोग में पेश हुए पीवैल्यू एनालेटिक्स कम्पनी के प्रतिनिधि को लगाई फटकार



**देहरादून( शाह टाइम्स )।** देवभूमि उत्तराखण्ड की राजधानी देहरादून शहर को पीवैल्यू एनालेटिक्स कम्पनी द्वारा धारणा आधारित जारी राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट और सूचकांक (एनएआरआई) 2025 में महिलाओं के लिए असुरक्षित बताने के मामले में 8 सितंबर को उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग ने कंपनी के प्रबन्ध निदेशक को समन भेज कर उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। मामले में सोमवार को कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर मयंक ढय्या राज्य महिला आयोग में उपस्थित रहे। जहां पर उन्होंने कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर आयोग के सवालों पर वार्षिक रिपोर्ट व इंडेस्क में संदेहास्पद स्थिति के लिए क्षमा मांगते हुए कहा कि यह एक एकेडमिक रिपोर्ट है, जिसका उद्देश्य किसी शहर की छवि को खराब करने का नही था। वहीं आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल व उपस्थित पैनल के समक्ष कम्पनी के प्रतिनिधि मयंक ढैय्या आयोग के सवालों जवाब नही दे पाए, उनके द्वारा दी गयी जानकरी पर्याप्त न हो पाने के कारण उन्होंने कहा इस रिपोर्ट को लेकर उनके पास अधिक जानकारी नही है, वो कम्पनी में बात कर के आपको जवाब दे पाएंगे। जिसको लेकर आयोग अध्यक्ष ने फटकार लगाते हुए कहा कि अगली सुनवाई पर रिसर्च टीम व प्रबन्ध निदेशक को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कम्पनी के प्रतिनिधि के पास जानकारी का अभाव था, जिस कारण इस मामले की सुनवाई इसी महीने की 15 तारीख को कर दी गयी है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगली सुनवाई में कंपनी के प्रबंध निदेशक के साथ वार्षिक रिपोर्ट व इंडेस्क के प्रमुख इन्वेस्टिगेटर/ सहायक इन्वेस्टिगेटर को उपस्थित होना है तथा आयोग के समस्त सवालों के जवाब, रिसर्च व सर्वे के सभी दस्तावेज तथा सर्वे के लिए की गई सभी मीटिंगों व कार्रवाई की मिनट्स रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर आयोग को उपलब्ध कराए जाएं। वहीं कुसुम कण्डवाल ने कहा कि पीवैल्यु एनालेटिक्स कम्पनी द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट व इंडेस्क में आयोग की टीम ने अनेको खामियां पाई हैं ,जिसके संतोषजनक जवाब आज की सुनवाई में नही मिल पाए है, जो कि पूरी तरह से संदेहास्पद है।

## हरदा का दर्द कांग्रेस का असली अलोकतांत्रिक चेहराः चौहान



**देहरादून( शाह टाइम्स )।**भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस नेता हरीश रावत के खुद के बहुमत और जनसमर्थन के दावे के बाद भी सीएम पद से दरकिनार किये जाने से यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या कांग्रेस में नेता चयन में विधायकों की इच्छा का सम्मान नही किया जाता है? वहाँ अलोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत नेतृत्व थोपा जाता है और यह जनादेश का अपमान है। उन्होंने कहा कि हरदा अपनी नाकामयाबियों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं और सहानुभूति पाने की फिराक में लगे हैं।पूर्व सीएम के दावे पर चौहान ने कहा कि विधायकों के समर्थन के बावजूद सीएम नहीं बनाने वाले हरदा का दर्द कांग्रेस का असली अलोकतांत्रिक चेहरा है। उन्होंने कहा कि जनता की याददाश्त बहुत अच्छी है, उन्हें अपनी सरकार में हरदा की धरने, प्रदर्शन और लेटर बम की राजनीति भी अच्छी तरह याद है। हरदा का ये कहना कि उनके पक्ष में विधायकों का बहुमत था, लेकिन किसी और को मुख्यमंत्री बनाया, कांग्रेस के अंदरूनी लोकतंत्र की पोल खोलता है। सभी जानते हैं, वहां न नेताओं की पूछ है और न कार्यकर्ताओं की व नेतृत्व थोपा जाता है। यह बात तो हरीश रावत भी जानते थे, लिहाजा पार्टी या जनता के लिए नही बल्कि सत्ता के लालच में उन्होंने तिवारी और विजय बहुगुणा को स्वीकारा था। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी चौहान ने कहा कि वह समय समय पर सहानुभूति का कार्ड खेलते रहे हैं, लेकिन कांग्रेस मे ही एक बड़ा वर्ग उनके इस खेल से वाकिफ है और उनकी बात पर विश्वास नही करता। वहीं जनता भी सच जानती है। हरदा चुनाव से पहले मुस्लिम यूनिवर्सिटी पर यात्रा, कभी धार्मिक स्थलों की सैर और अब खुद के साथ अन्याय को प्रचारित कर नई जमीन तलाशने की जगत में लगे है। जनता उनके इस खेल को कभी स्वीकार नही करेगी।

**हरदा को जनता की याददाश्त पर भरोसा नहीं:** चौहान ने कहा कि हरदा को जनता की याददाश्त पर भरोसा नही है। आज वे 2002 और 2012 का दौर भूलने का नाटक कर रहे हैं, लेकिन जनता के जहन में सब कुछ ताजा है। किस तरह तिवारी सरकार के समानांतर धरने प्रदर्शन किए गए और लेटर बम की राजनीति को अंजाम दिया गया। उनकी राजनीति से स्पष्ट था कि विजय बहुगुणा को उन्होंने कभी भी मुख्यमंत्री नही माना। इसलिए त्याग, तपस्या, नैतिकता जैसे शब्द उनके लिए बने ही नही हैं।

# उत्तराखण्ड में पर्यटन नियमावलियों का होगा सरलीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

■ सचिव पर्यटन ने हितधारकों के साथ की बैठक, पंजीकरण न कराने वाले होम स्टे पर होगी कार्यवाही

**देहरादून।** उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की ओर से उत्तराखण्ड पर्यटन एवं यात्रा व्यवसाय पंजीकरण नियमावली 2014 (संशोधित 2016) में बैड एण्ड ब्रेकफास्ट पंजीकरण सुविधा तथा होमस्टे पंजीकरण प्रक्रिया को सम्मिलित करने के लिए नियमावली में संशोधन को लेकर प्रदेश के विभिन्न स्टेक होल्डर्स (होम स्टे संचालक, टूर ऑपरेटर्स, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों) के साथ बैठक का आयोजन किया।

बैठक की अध्यक्षता सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने की। बैठक में संशोधित नियमावलियों का प्रस्तुतीकरण अपर निदेशक पर्यटन की ओर से प्रस्तुत किया गया, जिसमें अवगत कराया गया कि होम स्टे योजना का लाभ उत्तराखण्ड राज्य के मूल/स्थायी निवासियों को प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है। होमस्टे योजना पूर्णतः अव्यवसायिक मानी जायेगी एवं विद्युत, जल कर इत्यादि करों से अवमुक्त रखे जाने को सम्बन्धित विभागों की सहमति प्राप्त की जयेगी। बेड एण्ड ब्रेकफास्ट योजना शहरी क्षेत्रों यथा नगर निगम, नगर पालि. का, नगर पंचायत, मुख्य पर्यटन स्थलों, कस्बों में लागू मानी जायेगी। योजनाओं के अन्तर्गत अधिकतम 6 कक्ष एवं न्यूनतम 1 कक्ष अनुमन्य किया गया है। नियमावली के अन्तर्गत पंजीकरण की अवधि 5 वर्ष किये जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। 5 वर्ष बाद पंजीकरण को निर्धारित शुल्क कर भुगतान करते हुए योजना का संचालन किया जा सकेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नियमावली के अन्तर्गत पंजीकरण किये जाने को 60 दिवस की अवधि नियत की गयी है। अवधि के उपरान्त भी पंजीकरण न करने की दशा में भारी अर्थदण्ड का प्राविधान किया गया है।

बैठक में उत्तराखण्ड होटल एसोसिएशन, मसूरी, चकराता, मुक्तेश्वर, भीमताल होम स्टे एसोसिएशन के पदाधिकारी इत्यादि उपस्थित रहे। बैठक में अपर सचिव पर्यटन/अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक रूहेला, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी. एल. राणा, उप सचिव पर्यटन, सोनिया भारती, अनुसचिव पर्यटन, हरीश सागर, निदेशक अवस्थापना ले0कमा दीपक खड़ूरी, अपर निदेशक पर्यटन, पूनम चंद, सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

**मंगलवार, 9 सितम्बर 2025**

## नेपाल में विद्रोह

सोशल मीडिया को बैन करने और भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को नेपाल में हजारों युवाओं ने संसद भवन परिसर में घुसकर सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया। नेपाल सरकार ने तीन सितंबर को फेसबुक, इंस्टा, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स बैन करने का फैसला किया है। नेपाल युवाओं ने सरकार के इस फैसले को बोलने की आजादी छीनने के रूप में लिया। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

कहीं सेना ने गोलियां भी चलाई। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई, दो सौ से ज्यादा घायल बताए जाते हैं। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि प्रदर्शन अभी समाप्त नहीं हुआ। नेपाल के इतिहास में संसद में यह पहला मामला है। नेपाल में भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया गया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गया है। प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि विरोध को बढ़ता देख सरकार ने सांय सवा तीन बजे के बाद बिना वर्चअुल नेटवर्क इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया प्लेटफार्म चल रहे हैं। असल में नेपाल सरकार ने एससी के निर्देश के बाद सभी प्लेटफार्म को सात दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का आदेश दिया था, सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना यह प्लेटफार्म देश में फेक आईडी, हेट स्पीच, साइबर क्राइम के लिए प्रयोग हो रहे हैं। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन न कराने पर सरकार ने चार सितंबर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफार्म भी हैं।

हालांकि टिकटॉक फाइबर जैसे प्लेटफार्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने रजिस्ट्रेशन समय पर करा लिया था। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्कमल दहल प्रचंड ने सरकार से युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। वहीं नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ना बताया है। उनका कहना है कि बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद-फरोख्त समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी जो 28 से 30 वर्ष के हैं, संसद में घुसने के समय मौजूद थे। युवाओं का यह प्रदर्शन कई जिलों में फैला हुआ है। इससे साफ है कि यह मात्र कोई मामूली प्रदर्शन नहीं है, बल्कि सरकार के खिलाफ विद्रोह है। यह विद्रोह श्रीलंका, बांग्लादेश की याद दिला रहा है। वहां भी लोगों का आक्रोश इसी तरह देखने में आया था। कुछ जानकार यह भी मानते हैं कि नेपाल के विद्रोह के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। मौजूदा सरकार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन समर्थक बताए जाते हैं। जिसके चलते अमेरिका उनसे नाराज बताया जाता है और उस विद्रोह के पीछे अमेरिका को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे इसमें कोई नई बात भी नहीं है। हर विद्रोह के पीछे विदेशी शक्तियां अपना खेल तो खेलती ही हैं। भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## आदिवासियों के हितों की अन्देखी



ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है, प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा, पिछले ग्यारह वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं, इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है, ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है, यह दुनिया की सबसे अनोखी वनस्पतियों और जीवों में एक के लिए खतरा है।

**श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

# रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना!



**अशोक मधूप**

आज जगह-जगह रिश्तों का खून हो रहा है। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्याकर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है।

आज समाज का सबसे दुखद और चिंताजनक पहलू यह है कि जिन रिश्तों को सबसे पवित्र और मजबूत माना जाता है, वहीं रिश्ते टूट रहे हैं और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। समाचार पत्र और टीवी चैनल लगभग रोजाना ऐसी खबरें दिखाते हैं। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति-पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्या कर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है। व्यक्तिवाद ने समाज पर अपना अधिकार कर लिया।

इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर इंसान को इतना निर्दयी और क्रूर कौन बना रहा है? जिन संबंधों में विश्वास, अपनापन और प्रेम होना चाहिए, वहां नफरत, तनाव और हिंसा क्यों बढ़ रही है? लगता है कि भारतीय परिवार टूटने का असर यह हुआ है कि एकल परिवार अब अपने तक सीमित होने की जद्दोजहद में है। पहले संयुक्त परिवार होते है। सामूहिक चूल्हा होता था। सामूहिक खानपान था। हमारे बचपन तक खाना रसोई के पास जमीन पर बैठकर जीमा जाता था। परिवार के बुजुर्ग बच्चे साथ बैठकर भोजन करते थे। सब दुख-सुख के साथी थे। प्रायः जरूरत के सामान सब घर के आसपास मिल जाते थे। धीरे-धीरे परिवार की जरूरते बढ़ने लगीं। युवक रोजगार के लिए बाहर जाने लगे। धीरे-धीरे उनके साथ पत्नी और बच्चे नौकरी वाले स्थान पर रहने लगे। आज आदमी अपने तक सीमित होकर रह गया। व्यक्तिवाद हावी हो गया।

लगता है कि जैसे समाज ने सारे रिश्ते जंगल बनाकर रहेंगे। हम आदि व्यवस्था से भी आदम की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इन सब रिश्तों को दोबारा कैसे जिंदा किया जाए इस पर विचार करना होगा। पहले के समय में संयुक्त परिवार होते थे। परिवार के बुजुर्ग विवादों को संभालते, बच्चों को संस्कार



पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

देते और छोटी-छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लेते। आज अधिकांश परिवार 'न्यूक्लियर फैमिली' यानी छोटे परिवार बन गए हैं। ऐसे में पति-पत्नी के झगड़े सुलझाने वाला कोई नहीं होता। माता-पिता और बच्चों के बीच पीढ़ीगत संवाद टूट गया है। अकेलापन और अवसाद घर कर जाता है। जब संवाद टूटता है तो गलतफहमियां बढ़ती हैं और छोटी-सी बात हिंसा तक पहुंच जाती है।

पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक-दूसरे से अलग-थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति-पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी-कभी खून-खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और धैर्य सिखाने की परंपरा कमजोर हो चुकी है। सम्मान और सहनशीलता की जगह 'आत्मकेंद्रितता' बढ़ रही है। लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं। आपसी विश्वास और त्याग की भावना खत्म हो रही है। यही कारण है कि भाई-बहन, पति-पत्नी, मां-बेटे जैसे पवित्र रिश्ते भी हत्या जैसे अपराध तक पहुंच जाते हैं। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन की धारा को बदला है। युवा वर्ग आभासी Virtual दुनिया में ज्यादा जी रहा है। परिवार को समय न देकर 'फ्रस्ट्रेशन' (तनाव) में डूब जाता है।अपराध आधारित वेब सीरीज और हिंसक वीडियो गेम ने भी संवेदनाओं को कुंद कर दिया है। लोग वास्तविक जीवन में भी गुस्से और हिंसा को सामान्य मानने लगे हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या है। डिप्रेशन, तनाव और मनोविकृति से पीड़ित लोग अक्सर हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं। कई बार माता-पिता अवसाद में आकर अपने ही बच्चों की हत्या कर देते हैं। युवा अवसादग्रस्त होकर माता-पिता पर हमला कर बैठते हैं। मानसिक रोगों की पहचान और इलाज की व्यवस्था की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। परिवारों में संपत्ति विवाद हिंसा का बड़ा कारण है। भाई-भाई की हत्या कर देते हैं। बेटे-बेटियां मां-बाप की संपत्ति हथियाने के लिए उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। जमीन-जायदाद के झगड़े अक्सर खून-खराबे तक पहुंच जाते हैं। पारिवारिक हिंसा सिर्फ अपराध नहीं है, बल्कि समाज की चेतावनी भी है। यह हमें बताता है कि हम रिश्तों के मूल्य, संस्कारों और आपसी संवाद को खोते जा रहे हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो परिवार जैसी संस्था ही कमजोर हो जाएगी। हमें यह समझना होगा कि पैसा, आधुनिकता और तकनीक से ज्यादा महत्वपूर्ण मानवता, प्रेम और विश्वास है। यदि रिश्तों में करुणा, धैर्य और संवाद कायम रहेगा तो न बाप बेटी को मारेगा, न बेटी बाप को, न पति पत्नी पर हाथ उठाएगा और न ही भाई-बहन, मां-बाप, बेटे-बेटी हत्या तक पहुंचेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# श्रद्धा से श्राद्ध तक: पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता

**इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है। पितृ दोष को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है।**



**योगेश कुमार गोयल**


भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक पितृ पक्ष हर साल प्रायः 15 दिनों का होता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितम्बर से हुई है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितृ पक्ष का समापन होगा। हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष को बहुत अहम माना गया है लेकिन इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीदारी, नए कपड़े खरी. दना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परि. जनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथों और धार्मिक परम्पराओं में पितृपक्ष के अलावा भी श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। धर्मसिंधु में तो श्राद्ध के लिए वर्षभर की सभी 12 अमावास्याओं, 4 पुणादि तिथियों, 14 मन्वादि तिथियों, 12 संक्रांतियों, 12 वैधृति योग, 12 व्यतिपात योग, 15 पितृपक्ष, 5 अष्टका, 5 अन्वष्टका और 5 पूर्वेद्यु अर्थात् 96 कालखंड का विवरण मिलता है किन्तु पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करने का महत्व सर्वाधिक माना गया है। पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष के दौरान उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है लेकिन पारंपरिक अवधारणाओं के अनुसार अगर किसी पितर की मृत्यु तिथि मालूम नहीं है तो उनका श्राद्ध अमावस्या के दिन किया जाता है, जिसे 'सर्व पितृ अमावस्या' भी कहा जाता है। जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उन सभी का श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परि. जनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब की बाढ़ त्रासदी, 2047 के सपने और 2025 का पानी-पानी



**वीरेश तरार**

देश आजादी के अमृतकाल में है और सत्ताधारी नेतृत्व सन 2047 तक विकसित भारत का सपना दिखा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। इस वर्ष उत्तर भारत ने वह त्रासदी देखी है जिसने विकास के तमाम दावों को बहा दिया और एक सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर पानी ही नियंत्रित नहीं किया जा सका, तो विकास की इमारत टिकेगी कैसे। पंजाब, जो देश की अन्न भंडार कहा जाता है, इस बार बाढ़ की विभीषिका में बुरी तरह टूट गया है। खेत खलिहान डूब गए, मवेशी बह गए, घर उजड़ गए और पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नौ सितम्बर को खुद पंजाब का दौरा कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस त्रासदी ने पंजाब की रीढ़ तोड़ दी है। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी है कि हम अपनी नदियों और बांधों की राजनीति के जाल में फंसे रहकर विकास का स्थाई मॉडल गढ़ नहीं सकते।

पंजाब में इस बार की बाढ़ ऐतिहासिक है। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में जब-जब यहां बाढ़ आई थी, तब भी नुकसान हुआ, लेकिन इस बार का नुकसान कहीं ज्यादा व्यापक और गहरा है। खेतों की खड़ी फसलें मिट्टी में समा गईं, डेयरी और पशुपालन से जुड़े लाखों परिवार मवेशियों के मरने और चारे की कमी से तबाह हो गए। अनाज मंडियों में पहुंचने वाला उत्पादन लगभग आधा रह गया है और जो बचा है, उसमें भी नमी और सड़न का खतरा मंडरा रहा है। राहत सामग्री के ट्रक भले लगातार



गांव-गांव पहुंच रहे हों, लेकिन यह किसी भी स्थिति में स्थाई समाधान नहीं है। पंजाब आज केवल ट्रक भर-भर कर पहुंचाई जा रही राहत सामग्री पर निर्भर होने को मजबूर है। एक कृषि प्रधान राज्य जब राहत के पैकेटों पर जिंदा रहने लगे, तो यह विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना है।

पंजाब की त्रासदी का असर केवल स्थानीय नहीं रहेगा। यहां की गेहूं-धान उत्पादन प्रणाली पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा टिकी हुई है। अगर यह चक्र टूटता है तो आने वाले वर्षों में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि पंजाब का यह नुकसान सालों तक महसूस किया जाएगा। बाढ़ ने न केवल बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया है, बल्कि पंजाब के सामाजिक और आर्थिक ताने-बाने को भी हिला दिया है।

बाढ़ का प्रकोप केवल पंजाब तक सीमित नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन से सैकड़ों गांव उजड़ गए। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के मार्ग अवरुद्ध हुए और हजारों तीर्थयात्री फंसे। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में भी नदियों ने कहर बरपाया। लेकिन जब सारी नदियां बिहार में मिलती हैं और ऊपर से नेपाल का अतिरिक्त पानी वहां उतरता है, तो स्वाभाविक है कि बिहार सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। बिहार की नदियों ने एक बार फिर लाखों लोगों को बेघर किया, खेतों को जलमग्न कर दिया और ग्रामीण जीवन को महीनों पीछे धकेल दिया। बिहार दरअसल पूरे उत्तर भारत की बाढ़ का अंतिम गंतव्य है। यहां जब-जब पानी बढ़ता है, तो यह केवल स्थानीय आपदा नहीं होती बल्कि पूरे उत्तरी क्षेत्र की अव्यवस्थित जल-नीति का परिणाम होती है।

यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या हमारी जल-नीति सही दिशा में है। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने एक नई बांध नीति बनाई थी, जिसके तहत पूरे देश के छोटे-बड़े बांधों का रख-रखाव और नियंत्रण केंद्र के हाथों में आ गया। राज्यों को केवल इसका खर्च वहन करना है। उद्देश्य था कि बाढ़ जैसी त्रासदियों से समय रहते चेतावनी मिल सके, तकनीकी खामियां दूर हों और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। लेकिन इस बार की त्रासदी ने दिखा दिया कि यह व्यवस्था भी कारगर साबित नहीं हुई। केंद्र की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी कि समय रहते राज्यों को चेताया जाता और समन्वय बैठकों के जरिए सामूहिक तैयारी की जाती। हरियाणा, जो स्वयं भाजपा शासित राज्य है, क्या उसने केंद्र के साथ ऐसी बैठकें कीं? उत्तर प्रदेश और बिहार में क्या जल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम उठाए गए? हिमाचल की त्रासदी के लिए कांग्रेस सरकार को दोष देने वाले क्या हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को इसी कसौटी पर नहीं कसना चाहिए? सवाल यह है कि जब बांध नीति केंद्र के अधीन है, तो क्या इस भारी जन और धन हानि की जवाबदेही भी केंद्र को नहीं लेनी चाहिए? राज्यों पर समन्वय न बैठाने का बहाना बनाना आखिर कितनी नैतिकता रखता है?

इसी क्रम में दूसरा बड़ा प्रश्न वृक्ष कटान का है। इस बार की बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने भी गंभीर संज्ञान लिया है। पहाड़ों में अंधाधुंध वृक्ष कटान पर प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में लकड़ी के लठे और पेड़ों के ठूंठ बाढ़ के साथ बहते हुए मैदानों में पहुंचे। यह साफ संकेत है कि या तो प्रतिबंध का पालन नहीं हुआ, या फिर संगठित रूप से नियमों की अनदेखी की गई। वृक्ष कटान से पहाड़ कमजोर हुए, मिट्टी का क्षरण बढ़ा और परिणामस्वरूप बारिश का पानी रोकने वाले प्राकृतिक अवरोध टूट गए। यही कारण है कि वर्षा की तीव्रता पहले से कहीं अधिक विनाशकारी साबित हुई। सवाल यह है कि जब सीमावर्ती पचास किलोमीटर क्षेत्र गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी में आता है और बांध विभाग भी केंद्र सरकार के अधीन है, तो इतने व्यापक पैमाने पर वृक्ष कटान कैसे संभव हुआ? क्या यह राज्यों की विफलता थी या केंद्र की लापरवाही? जवाबदेही तय होना ही चाहिए।

यह भी सोचने का समय है कि प्रकृति की चेतावनी को किस तरह लिया जाए। लगातार बदलते मौसम चक्र, ग्लेशियरों के पिघलने की गति और मानसून की अनिश्चितता ने संकेत दे दिए हैं कि आने वाले वर्षों में पानी का संकट और गहराएगा। एक ओर बाढ़, दूसरी ओर सूखाकृयही दो ध्रुवीय स्थितियां अब हमारे सामने बार-बार आती रहेंगी। ऐसे में जरूरी है कि जल प्रबंधन केवल इंजीनियरिंग का सवाल न रहे, बल्कि उसे पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक न्याय की .ष्टि से भी देखा जाए।

आज जब प्रधानमंत्री पंजाब का दौरा कर रहे हैं, तब यह केवल राहत पैकेज या मुआवजे की घोषणा का सवाल नहीं होना चाहिए। यह अवसर होना चाहिए कि हम राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और नीतिगत सुधार की चर्चा को केंद्र में लाएं। अगर हमने आज से तैयारी नहीं की, तो 2047 के विकसित भारत का सपना केवल नारों और भाषणों में रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 'X' ने कुरेदे 1965 की जंग के जख्म, कहा: पाक की हुई थी स्ट्रैटजिक हार

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे: 60 साल पहले हमारी सेना ने दुश्मन का हमला नाकाम किया

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के कम्युनिटी पोस्ट ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के 1965 भारत-पाक जंग से जुड़े दावों की पोल खोल दी। शहबाज ने एक्स पर लिखा कि 6 सितम्बर हमारे देश के लिए वीरता और एकता का प्रतीक है। साठ साल पहले 1965 में हमारी सेना ने जनता के साथ, दुश्मन के हमले को नाकाम किया और साबित किया कि पाकिस्तान एक मजबूत राष्ट्र है, जो अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। 1965 की वह अटूट भावना आज भी जीवित है। इस पर एक्स ने जवाब देते हुए लिखा: भारत और पाकिस्तान के बीच हुई 1965 का जंग पाकिस्तान के लिए एक स्ट्रैटजिक और पालिटिकल हार थी।

पाकिस्तान की कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाक को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था। पाकिस्तानी पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ हाल संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सेना और जनता एक मजबूत दीवार की तरह एकजुट होकर बाहरी हमलों के खिलाफ खड़े हुए हैं, हमने हर बार दुश्मन के घमंड को कुचला है। शहबाज भारत पर उकसाने का आरोप लगाते हुए लिखा: पाकिस्तान शांति को बढ़ावा देता है। फिर भी, हमें भारत की लगातार उकसावे और बदलते क्षेत्रीय माहौल की हकीकत से अनजान नहीं रहना चाहिए। हम अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत और आधुनिक बनाना जारी रखेंगे। हमें पता है आतंकवाद और विदेशी गुर्गों से कैसे निपटना है। उन्होंने भारत आपरेटेड जम्मू और कश्मीर (आईओजेके) को लेकर कहा कि वहां के लोग लंबे समय से आतंकवाद को सहन कर रहे हैं। उनकी आजादी की लड़ाई को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 का युद्ध, जिसे सेकेंड कश्मीर वॉर के रूप में भी जाना जाता है। यह जंग जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ा गया, जो 1947 में दोनों देशों के बीच बंटवारे के बाद से तनाव का प्रमुख कारण रहा है। यह 1 अगस्त से 23 सितम्बर, 1965 तक चला।

**पाकिस्तान के कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाकिस्तान को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था**

### 1 कश्मीर विवाद:

1947-48 के पहले भारत-पाक युद्ध के बाद, कश्मीर का कुछ हिस्सा भारत के नियंत्रण में (जम्मू और कश्मीर) और कुछ हिस्सा पाकिस्तान के नियंत्रण में (आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान) रहा। दोनों देश पूरे क्षेत्र पर दावा करते रहे, जिसके कारण तनाव बना रहा।

### 2 ऑपरेशन जिब्राल्टर:

1965 में, पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजकर स्थानीय विद्रोह को भड़काने की कोशिश की, जिसे 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' कहा गया। इसका मकसद कश्मीर में भारत के खिलाफ विद्रोह को उकसाना था। हालांकि, यह योजना विफल रही, क्योंकि स्थानीय कश्मीरियों ने इसका समर्थन नहीं किया और भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिल गई।

### 3 ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम:

इसके बाद, पाकिस्तान ने कश्मीर के चंब-जौरियां क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य हमला शुरू किया, जिसके जवाब में भारत ने भी सैन्य कार्रवाई की। 1965 जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी शेरमन टैंक को नष्ट किया। अगस्त 1965 में, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों का पता चलने पर भारत ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। 5 अगस्त को, दोनों पक्षों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हुईं।

1 सितम्बर को, पाकिस्तान ने चंब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया, जिसमें टैंक और भारी हथियारों का उपयोग किया गया। इसका मकसद जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को काटना था। भारत ने 6 सितम्बर को पंजाब सीमा पर लाहौर की ओर जवाबी हमला शुरू किया, जिससे युद्ध पूरे पश्चिमी मोर्चे पर फैल गया। भारतीय सेना ने सियालकोट और लाहौर के पास कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश किया।



नई दिल्ली। आयोवा के गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# नॉर्थ कोरिया में अमेरिका के सीक्रेट मिशन का खुलासा

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में एक अमेरिका की नेवी सील टीम ने 2019 में नॉर्थ कोरिया के तट पर एक खुफिया मिशन चलाया था।

इस मिशन का मकसद नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन की कम्युनिकेशन व्यवस्था की जासूसी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना था। यह मिशन असफल रहा और इसमें निहत्थे नॉर्थ कोरियाई लोग मारे गए। जनवरी 2019 की एक सर्द रात को अमेरिकी नेवी सील की एक टीम चुपचाप एक पनडुब्बी से निकली और नॉर्थ कोरिया के एक चट्टानी तट की ओर बढ़ी। इस टीम में वही सैनिक थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन को मारा था। उनका लक्ष्य किम जोंग-उन की जासूसी करना था ताकि अमेरिका को परमाणु बातचीत में मदद मिल सके। यह मिशन इतना खतरनाक था कि इसकी मंजूरी खुद तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दी थी। हालांकि, यह मिशन शुरू होते ही विफल हो गया। एसईएएल टीम ने कई महीनों तक बर्फीले पानी में इस मिशन की तैयारी की। टीम को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अमेरिकी पनडुब्बी से भेजा जाना था। सील टीम को लगा कि तट पर कोई नहीं है। वे गहरे पानी में, नाइट-विजन चश्मे पहनकर और गीले कपड़ों में पहुंचे।

**■ जासूसी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना चाहते थे ट्रम्प, शुरू होते ही फेल हुआ**

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी कैंसर वैक्सीन 'उपयोग के लिए तैयार'

**मास्को।** कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गई है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है। रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### हांगकांग में तूफान 'तापा' कमजोर पड़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेतावनी के स्तर कम हो गई है। हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिए है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया।

### जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं। क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है।

# टैरिफ पर खुद अमेरिका में ही घिरे ट्रम्प

## टैरिफ पर सुप्रीम सुनवाई के बीच बोले ट्रम्प के मंत्री: विपरीत फैसले का पड़ेगा खजाने पर असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ पर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। अगर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, तो अमेरिकी सरकार को अब तक वसूले गए शुल्क का लगभग आधा हिस्सा वापस करना पड़ सकता है।

यह बयान खुद अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने दिया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला हमारे खिलाफ दिया, तो हमें लगभग आधे टैरिफ की वापसी करनी होगी। यह अमेरिकी खजाने के लिए बहुत बुरा होगा...लेकिन अगर कोर्ट कहता है, तो हमें करना ही पड़ेगा। बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए लगभग सभी प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों पर भारी टैरिफ लगाए। उन्होंने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर यह कदम उठाया। ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन अदालतों ने इस पर सवाल उठाए। मई 2025 में न्यूयार्क में मौजूद कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इन टैरिफ को अवैध करार दिया। 29 अगस्त 2025 को यूएस कोर्ट आफ अपील्स फार द फेडरल सर्किट ने 7.4 के फैसले में कहा कि टैरिफ लगाना कांग्रेस का अधिकार है, न कि राष्ट्रपति का। अदालत का कहना था कि ट्रम्प ने अपने संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया।



**ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है**

### आंकड़े सचेत कर रहे...

**अमेरिकी खजाना:** अगर फैसला ट्रम्प के खिलाफ हुआ, तो सरकार को सैकड़ों अरब डालर वापस लौटाने होंगे, जिससे खजाना पर भारी दबाव पड़ेगा।
**अमेरिकी कंपनियां:** जो कंपनियां टैरिफ के कारण नुकसान झेल रही थीं, उन्हें राहत मिलेगी।
**वैश्विक व्यापार:** ट्रम्प के टैरिफ खत्म होने से दुनिया भर के व्यापारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, खासकर चीन, यूरोप और भारत जैसे देशों के साथ।
**राजनीतिक प्रभाव:** यह मामला ट्रम्प के 2024 चुनावी वादों और उनकी आर्थिक नीतियों की विश्वसनीयता को सीधे चुनौती देगा।

### रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति यूएस ओपन फाइनल में हूटिंग के शिकार

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएस ओपन में शामिल हुए। फाइनल मैच से पहले कुछ देर के लिए एक लग्जरी बाक्स से हाथ हिलाते नजर आए। इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

कहीं, तालियां बजाई गईं, कहीं उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम उस समय तक पूरी तरह भरा नहीं था और ट्रम्प का अभिवादन भी न तो पहले से घोषित था और न ही बहुत देर तक चला। नतीजतन, कुछ लोग इसे देख भी नहीं पाए। ट्रम्प इस बार रोलेक्स के मेहमान के तौर पर आए थे, जबकि उनके प्रशासन ने हाल ही में स्विटजरलैंड से आने वाले उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है। आयोजक टीवी प्रसारण पर उनकी हूटिंग को रोकने की कोशिश कर रहे थे। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं को मुख्य रूप से खेल आयोजनों तक ही सीमित रखे हुए हैं। वे पहले की तरह बड़ी चुनावी रैलियों की बजाय अब खेल मुकाबलों में दर्शकदीर्घा में नजर आते हैं। ट्रम्प की मौजूदगी के कारण सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई और पुरुष फाइनल का समय आधे घंटे पीछे खिसकाना पड़ा। इसका मतलब यह हुआ कि स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज और इटली के 24 वर्षीय डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर के बीच मुकाबला देरी से शुरू हुआ।

**■ इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली**

# यूक्रेनी पीएम के ऑफिस पर रूस का हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर रविवार को अब तक का सबसे बड़ा हवाई और ड्रोन हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी भवन में हमले के बाद आग लग गई। इसी भवन में यूक्रेनी पीएम ऑफिस सहित कई महत्वपूर्ण ऑफिस हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश भर में हुए हमलों में चार लोग मारे गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव में मुख्य सरकारी इमारत को निशाना बनाया। यह साढ़े तीन साल की जंग में पहली बार हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 805 ईरान-निर्मित शाहेद ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए। साथ ही 17 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। पलटवार करते हुए यूक्रेन ने रूस के दुझबा पाइपलाइन पर ड्रोन हमला किया। जिससे रूस से हंगरी और स्लोवाकिया को तेल सप्लाई होता है। दमकलकर्मियों ने इमारत पर लगी आग को बुझाया और बचाव दल ने इमारत में लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसे समय में जब बातचीत बहुत पहले शुरू हो सकती थी, हत्याएं जानबूझकर किया गया अपराध है। यह युद्ध को लम्बा खींचने का प्रयास है। उन्होंने हमलों को रोकने के लिए दुनिया से मदद मांगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले किये हैं, जिससे हथियारों और सैन्य उपकरणों के गोदामों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 15 अगस्त को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अलास्का में हुई मुलाकात के बाद रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों को टारगेट कर रहा है तो रूस आम यूक्रेनियों को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी पीएम यूलिया स्वायरडेंको ने रूस के इस हमले का जवाब देने के लिए और हथियारों की मांग की और वैश्विक समुदाय से अपील की कि वे रूसी हमलों के खिलाफ प्रतिक्रिया दें।

**■ 805 ड्रोन और 17 मिसाइलें दागीं, चार लोगों की मौत, जवाब में यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन उड़ाई**

# गाजा में इजरायली सेना का हमला, 50 की मौत

## 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट किया, 100 अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार मारे गए लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से जयादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं। बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया। इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊंची इमारत पर हमला किया। इसका इस्तेमाल हमास ने किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियां स्थापित की थीं। आईडीएफ हालांकि इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। वहीं, हमास ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि जिन ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, वे आवासीय इमारतें थीं। जैसे-जैसे इज़राइली सेना गाजा शहर में अपने अभियान पर आगे बढ़ रही थी, स्थानीय निवासी विस्थापित हो रहे हैं। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि गाजा में हज़ारों लोग एक बार फिर अपने घरों से विस्थापित हो रहे हैं। लगातार हमलों के कारण लोगों के घर उजड़ गए हैं और लोग छोटे, असुरक्षित इलाकों में सिमट गए हैं। एजेंसी ने कहा कि इमारतों, स्कूलों, आश्रयों और अस्पतालों के नष्ट हो जाने से भोजन, स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक आपूर्ति तक लोगों की पहुंच बेहद सीमित हो गई है। कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है, कोई भी सुरक्षित नहीं है।



**■ स्वतंत्र फलस्तीनी समिति के गठन के बदले बंधकों की रिहाई पर चर्चा को हमास तैयार**

# पाक में मंत्रियों समेत हजारों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम, काल लाग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है। डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है।

पाकिस्तान के गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्ईय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।




**संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही, मोबाइल सिम कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र व विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल**

# यरुशलम में बंदूकधारियों की गोलीबारी, पांच मरे, 15 घायल

**यरुशलम।** उत्तरी यरुशलम में सोमवार को एक बस स्टॉप पर दो हमलावरों की अंधाधुंध गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और 15 अन्य जख्मी हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है। सीएनएन ने बताया कि एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमला होने के तुरंत बाद हमलावरों को गोली मार दी, जिससे हमला रुक गया। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। हमले के वीडियो फुटेज में सुबह के समय व्यस्त चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से दर्जनों लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे चिकित्सा दल ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था और कई जगह कांच बिखरा हुआ था। घायल और बेहोश लोग सड़क तथा बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108